श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 337, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



तीसरे पदक पर सिंधु की नजर 2
करिश्मा ने दिव्यज्योति को एंटरटेनर नंबर 1 कहा 16

## असम का मोइदम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में

नई दिल्ली, एजेंसी

● पिरामिड सरीखी संरचना अहोम राजवंश का है कब्रिस्तान

असम में अहोम राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था मोइदम को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र में लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि 'मोइदम' ने डब्ल्यूएचसी सूची में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि चराई देव स्थित मोइदम उस गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं, जो अपने पूर्वजों के प्रति अपार श्रद्धा रखती है। मुझे उम्मीद है कि महान अहोम शासन और संस्कृति के बारे में और अधिक लोग जानेंगे। मोइदम पिरामिड सरीखी अनूठी टीलेनुमा संरचनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल ताई-अहोम वंश द्वारा अपने राजवंश के सदस्यों को उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ दफनाने के लिए किया जाता था।

## एनटीए ने नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए। एनटीए ने कहा था कि इस प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुनः संशोधित स्कोर कार्ड को अब घोषित कर दिया गया है। पहले टॉपर घोषित किए गए 67 उम्मीदवारों में से 44 ने उस विशेष भौतिकी प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक प्राप्त किए थे।

# राहुल ने की चप्पल की सिलाई, मोची के साथ पी कोल्डड्रिंक

**मेहनत को सलाम : दस मिनट की मुलाकात में घर-परिवार के साथ रामचैत का हालचाल पूछा**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सुलतानपुर कोर्ट से लौटते समय रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कूरेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर अचानक एक मोची की गुमटी (दुकान) पर पहुंच गए। मोची रामचेत से करीब दस मिनट मुलाकात की, घर-परिवार के साथ उनका हालचाल पूछा।

इस दौरान उन्होंने दुकान पर एक चप्पल की सिलाई की और जूता भी देखा। मोची से बोले, कड़ी मेहनत करनी पड़ती है सिलाई में। आपकी मेहनत को सलाम। मोची से उनके कारोबार के बारे में जानकारी लेने के साथ सेल्फी भी ली। यही नहीं कोल्डड्रिंक मंगाकर रामचैत को पिलाई, कहा- गला तर हुआ। मोची रामचैत ने बताया कि हमने राहुल गांधी से बोला है कि मैं पूंजी से कमजोर हूं। गरीब हूं हमारी थोड़ी मदद कीजिए। मैंने उन्हें जूतों की सिलाई करके भी दिखाई। राहुल ने एक चप्पल को हाथ में लेकर थोड़ी सिलाई की। यह देख कर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित भीड़ जमा हो गई। रामचैत ने कहा कि उन्होंने ये भी जाना कि घर का भरण-पोषण कैसे चलता है। हालांकि यहां से उन्होंने जूता चप्पल नहीं खरीदा है। रामचैत के बेटे राघव ने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने मेरे साथ भी सेल्फी ली। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।



सुलतानपुर जिले के कूड़ेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर मोची रामचैत की गुमटी में बैठ कर चप्पल सिलते राहुल गांधी।

### कोर्ट में बोले निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने वकील काशी प्रसाद शुक्ल व परिवादी के वकील संतोष पांडेय की मौजूदगी में बयान दर्ज कराया। राहुल गांधी ने कोर्ट से कहा कि मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं।

## एक नजर

### आतंकवाद में संलिप्त व्यक्ति की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थ की तस्करी तथा आतंकवाद के एक मामले में एक साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहे एक व्यक्ति की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने बताया कि खारी करमारा स्थित मोहम्मद लियाकत की एक कनाल और नौ मरला जमीन को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत कुर्क कर लिया गया है। पुंछ के मुख्य सत्र न्यायाधीश ने कुर्की का आदेश जारी किया।

### देश में पांच सालों में कुल 628 बाघों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले पांच साल में प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से कुल 628 बाघों की मौत हुई। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारत में इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा हमला किए जाने से कुल 349 लोगों ने अपनी जान गंवाई है तो वहीं, इनमें अकेले महाराष्ट्र में 200 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में साल 2019 में 96 बाघ, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई।

### सूरज रेवन्ना ने कहा जल्द सच्चाई सामने आ जाएगी

**मैसुरु।** कुछ पुरुषों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे और जमानत पर बाहर आए जनता दल (सेक्युलर) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना ने शुक्रवार को कहा कि 15 से 20 दिन में उन सभी लोगों का पर्दाफाश हो जाएगा जो उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश का हिस्सा थे। रेवन्ना ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक, बुजुर्ग की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में हाथी ने घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग को सूंड से उठाकर पटका और पैरों से कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चचेरे भाई को भी हाथी ने सूंड से पकड़ लिया था, लेकिन वह बच गया। पूरा मामला धमनी वन परिक्षेत्र का है। अनिरूद्धपुर में गुरुवार की देर रात अपने दल से अलग होकर हाथी विचरण कर रहा था। इसी बीच बस्ती में हाथी घुसा।

# आतंकवाद-छद्म युद्ध से खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चाहता है पाकिस्तान : मोदी

## कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा-पाकिस्तान ने पिछली हार से नहीं लिया सबक

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

**कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि**



द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण कर रहा विपक्ष

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मोदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं और अग्निपथ योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण सुधार है। इस योजना के राजनीतिकरण पर दुख जताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना को युवा और युद्ध के लिए निरंतर तैयार रखना है। उन्होंने सेना को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखने में नई सैन्य भर्ती योजना की भूमिका की सराहना की। अग्निपथ योजना को पेंशन के बोझ से बचाने का साधन बताने वाले दावे को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आज भर्ती होने वाले सैनिकों का पेंशन बोझ 30 साल बाद आएगा, इसलिए यह योजना के पीछे का कारण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिए गए इस निर्णय का सम्मान किया है, क्योंकि देश की सुरक्षा राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण है। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश को सक्षम युवा भी मिलेंगे। निजी क्षेत्र और अर्धसैनिक बलों में भी अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के युवाओं को गुमराह करने वालों को पहले सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं था। 'वन रैंक वन पेंशन' पर पिछली सरकारों के झूठे वादों का जिक्र करते उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार ही थी जिसने इस योजना को लागू किया।

## अग्निवीरों को पुलिस पीएसी में आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में 'वेटेज' दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म कार्य में अड़ंगा लगाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बाद में ट्वीट कर कहा कि अग्निवीरों को एक निश्चित आरक्षण की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है।



● अग्निवीर के रूप में देश को मिलेंगे ट्रेंड और युवा सैनिक : योगी

### छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी कोटा

**रायपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को कोटा देने की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को पुलिस आरक्षक, वन रक्षक और अन्य पदों की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की।

## सीएसआईआर-नेट में सेंधमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मेरठ के सुभारती विश्वविद्यालय से एसटीएफ ने तीन को दबोचा
● एसटीएफ प्रमुख ने कहा-धांधली की मिली थी गोपनीय सूचना

**अमृत विचार :** उप्र. में सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद सीएसआईआर-नेट परीक्षा में सेंधमारी हुई है। मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चल रही परीक्षा के बीच एसटीएफ ने छापा मारा। इस दौरान टीम को सर्वर रूम में टीसीएस के कर्मचारी के पास मोबाइल मिला। मोबाइल में 15 परीक्षार्थियों के रोल नंबर और उनके सिस्टम का आईपी-एड्रेस पाया गया। इस दौरान एसटीएफ तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर लखनऊ पहुंची है। विश्वविद्यालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार सैय्यद जफर हुसैन ने कहा कि हमने ऑनलाइन परीक्षा कराने वाली संस्था टाटा कंसल्टेंसी कंपनी (टीसीएस) को किराये पर लैब दिया था। परीक्षा से विश्वविद्यालय का कोई संबंध नहीं है। परीक्षा में एजेंसी का सर्वर और उनके कर्मचारी होते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टीसीएस से जवाब मांगा है।

एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश ने बताया मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में सीएसआईआर-नेट की परीक्षा में धांधली की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर टीम ने छापेमारी की। जांच से पता चला कि परीक्षा लैब के सर्वर से छेड़छाड़ की गई है। टीसीएस के 3 कर्मचारियों यथा, उस्मान, अरुण शर्मा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि सर्च के दौरान परीक्षा लैब के सर्वर रूम से लोकल एरिया नेटवर्क के जरिए एक्स्ट्रा एडमिन कंप्यूटर मिला। सर्वर रूम में दो लैपटॉप मिले, जिसमें एनी डेस्क रिमोट एक्सेस टूल डाउनलोड था। कर्मचारी अरुण के पास एक मोबाइल मौजूद था, जिसमें 04 अभ्यर्थियों के नाम मिले हैं। अभ्यर्थियों के मोबाइल का आईपी एड्रेस सेंटर के बाहर बैठे एक शख्स को शेयर किया गया था। जिससे इन अभ्यर्थियों का स्क्रीन शेयर किया गया था। इनके प्रश्नपत्र को बाहर से सॉल्वर हल करा रहा था।

## कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 43 अपराधी गिरफ्तार

● विदेशियों को ठगते थे, सीबीआई ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुग्राम में एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 43 संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो विदेशियों को उनके कंप्यूटर की समस्याओं के तकनीकी समाधान की पेशकश कर ठगते थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने गुरुग्राम के डीएलएफ साइबर सिटी में स्थित 'इनोसेंट टेक्नोलॉजी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड' के कार्यालय पर छापा मारा, जहां केंद्रीय एजेंसी ने कई एजेंट को विदेशियों को ठगने के इरादे से 'लाइव कॉल' करते हुए पाया।

## विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए बनाई जाएगी नई कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्यमंत्री ने मंडलवार समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

**अमृत विचार :** विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए नई कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलवार समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर समीक्षा बैठक पूरी कर ली। लगभग 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदों और विधायकों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं गिनाईं और शिकायतों का निस्तारण न होने का दर्द बयां किया। मुख्यमंत्री ने सबकी बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया। संवाद, सक्रियता और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक फोकस करने के लिए कहा। उन्होंने कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को जनता तक जरूर पहुंचाएं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवार नई कार्ययोजना बनाने को कहा है, ताकि समयबद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास किया जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाने को कहा है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री ने सात जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से मंडलवार समीक्षा बैठक शुरू की थी।

### महिलाओं-युवाओं से संवाद बनाएं जनप्रतिनिधि

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में युवाओं और महिला संगठनों से संपर्क और संवाद स्थापित करें। युवाओं को बताएं कि बिना किसी रिश्वत और जाति, मत, मजहब के भेद के निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। इसके साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों से भी लगातार संपर्क बनाए रखें।

## कांवड़ मार्ग के दुकानदारों को नहीं लगानी होगी नामपट्टिका

नई दिल्ली, एजेंसी



● राज्यों के आदेश पर जारी रहेगी सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगी, क्योंकि हमने अपने 22 जुलाई के आदेश में जो कुछ कहा जाना था, वह कह दिया है। पीठ ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों से उनके निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। अगली सुनवाई पांच अगस्त के लिए तय की।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के अलावा मध्य प्रदेश के उज्जैन में भाजपा शासित नगर निकाय ने भी दुकान मालिकों को इसी तरह का निर्देश जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है और उनका कहना है कि संबंधित निर्देश कानून के तहत अनिवार्य हैं। पीठ ने कहा कि यदि भोजनालयों और दुकानों को नियंत्रित करने वाला कोई कानून है तो पूरे राज्य लागू करना चाहिए न कि केवल कुछ क्षेत्रों में। उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने कहा कि राज्य ने कांवड़ यात्रा के संबंध में कोई विशेष आदेश जारी नहीं किया है और सरकार केवल उस कानून को लागू कर रही है, जिसके तहत सभी त्योहारों के दौरान भोजनालयों के नाम का खुलासा करना अनिवार्य है।

**सहूलियत** | **समाज कल्याण विभाग अत्याचार उत्पीड़न योजना को लेकर तैयार कर रहा एसओपी**

## एफआईआर लेकर नहीं काटने होंगे विभाग के चक्कर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का उत्पीड़न होने पर अब उन्हें एफआईआर की कॉपी लेकर विभागीय जिम्मेदारों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अत्याचार उत्पीड़न योजना के तहत पीड़ित को मिलने वाली सहायता प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है। प्रक्रिया को न केवल ऑनलाइन कर दिया गया है बल्कि पीड़ित की एफआईआर भी अब आटो फेच (स्वतः दिखना) हो जाएगी। योजना को लेकर एसओपी बनाई जा रही है। इसे जल्द ही शासन जारी करने वाला है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति और जनजाति का उत्पीड़न होने पर उन्हें सहायता दी जाती है। उत्पीड़न होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले को आगे बढ़ाती है। अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा के अनुसार पीड़ित को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके तहत 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब पीड़ित व्यक्ति को जाति प्रमाण पत्र भी देने की आवश्यकता नहीं होगी। आधार कार्ड को भी अनिवार्य किया जाएगा। विभागीय स्तर पर एसओपी तैयार कर शासन को भेजी गई है। शासन अगले सप्ताह तक इस पर निर्णय लेकर गाइडलाइन जारी कर देगा।

| वर्ष | सहायता प्राप्त करने वालों की संख्या |
|---|---|
| 2017-18 = | 16,507 |
| 2018-19 = | 20,413 |
| 2019-20 = | 23,866 |
| 2020-21 = | 23,592 |
| 2021-22 = | 20,278 |
| 2022-23 = | 23, 828 |
| 2023-24 = | 21,662 |

● जाति प्रमाण पत्र भी स्वत: दिख जाएगा, जल्द जारी हो सकती है एसओपी

### ऑनलाइन आवेदन के लिए बन रहा है पोर्टल

अत्याचार उत्पीड़न योजना में आवेदन के लिए एक पोर्टल भी बनाया जा रहा है। पोर्टल अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शुरू हो सकता है। किस जिले में कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। बिना किसी वजह के मामले को लंबित रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों से जवाब-तलब किया जा सकेगा। पोर्टल का सुरक्षा ऑडिट निदेशालय स्तर पर चल रहा है।

### क्या है अत्याचार उत्पीड़न योजना

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और पीसीआर एक्ट के तहत अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति के परिवारों को 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। सहायता हत्या या मृत्यु, बलात्संग/सामूहिक बलात्संग होने पर दी जाती है।

### क्या है आटो फेच

किसी सरकारी योजना के लिए जब आवेदन किया जाता है तो आवश्यक प्रपत्र लगाए जाते हैं। आवेदन की जांच के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्रों को (सरकारी दस्तावेज) दूसरे पोर्टल से स्वत: उठा लेने की प्रक्रिया को आटो फेच कहा जाता है।



# पेरिस ओलंपिक 2024





## पेरिस ओलंपिक के पहले दिन भारत के मुकाबले

**बैडमिंटन :** पुरुष एकल ग्रुप मैच : लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7 :10 बजे)
**पुरुष युगल ग्रुप मैच :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी एवं रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे)
**महिला युगल ग्रुप मैच :** अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11 :50 बजे)
**मुक्केबाजी :** महिलाओं के 54 किग्रा शुरुआती दौर का मुकाबला : प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12 :05 बजे)
**हॉकी :** पूल बी मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)
**नौकायन :** पुरुष एकल स्कल्स : पंवार बलराज (दोपहर 12 :30 बजे)
**टेबल टेनिस :** पुरुष एकल पहला दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7 :15 बजे)
**टेनिस :** पुरुष युगल के पहले दौर का मैच : रोहन बोपन्ना एवं एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर-वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03 :30 बजे)
**निशानेबाजी :**
**10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन :** संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता/ रमिता जिंदल (दोपहर 12 :30 बजे)
**10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन :** अर्जुन सिंह चीमा और सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे)
**10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन :** मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)

# भारतीय हॉकी टीम बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाए : हरेंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कॅरियर की शुरूआत से अब तक के उनके सफर को करीब से देखने वाले अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार है। उनकी टीम को एक ही सलाह है, बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच बनने के बाद भाषा को दिए पहले इंटरव्यू में हरेंद्र ने कहा, मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है। मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं।

उन्होंने कहा भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है। इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है। अमेरिका की पुरुष टीम के मुख्य कोच रहे 55 वर्ष के हरेंद्र ने कहा क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता



● अनुभवी कोच बोले- भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार

रह चुके हैं। उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिए क्या चाहिए और दबाव के हालात से कैसे निपटना है। उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं । वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत 2016 की जूनियर टीम का हिस्सा थे। हरेंद्र ने 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि एक दिन वह भारत के कप्तान बनेंगे। 1990 एशियाई खेलों के पदक विजेता ने कहा हरमनप्रीत शानदार कप्तान है। मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिए जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा।

2017 में एशिया कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम के कोच रहे हरेंद्र ने कहा उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है। यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है। यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है। अपना चौथा और आखिरी ओलंपिक खेल रहे श्रीजेश के बारे में उन्होंने कहा कि वह हॉकी ही नहीं सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा वो मेरा जांगू (श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम) है। पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा।

# तीसरे पदक पर सिंधु की नजर

## दो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीता था, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण पर



सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई

पेरिस, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी। सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेंगी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं। सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई है। उन्हें इंडोनेशिया के मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दिआंतो, जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सेडेल तथा फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबार के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ओलंपिक से पहले सिंधु की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उन्होंने प्रकाश पादुकोण की निगरानी में पिछले कुछ महीनो से कड़ा अभ्यास किया है और वह ओलंपिक पदक की हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बोले विजेंदर

# खेल महाशक्ति बनने को और नायकों की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

मुक्केबाज से नेता बने विजेंदर सिंह का मानना है कि अगर भारत को 2047 तक खेल महाशक्ति बनना है तो उसे क्रिकेट से इतर और नायकों की जरूरत है जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। पूर्व ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता विजेंदर का मानना है कि ये नायक ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेल को पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भाजपा नेता विजेंदर ने पीटीआई के मुख्यालय में संपादकों से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य यथार्थवादी है तो उन्होंने कहा, हमें इस संस्कृति में बदलाव के लिए नायक बनाने होंगे। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का जिक्र करते हुए कहा, पिछले कुछ साल में



● कहा- खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार करना महत्वपूर्ण

हमारे युवाओं, विशेषकर ग्रामीण इलाकों के युवाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की भूख बढ़ती जा रही है। जब वे नीरज चोपड़ा को देखते हैं तो वे उनके जैसा बनना चाहते हैं। वे वह सब कुछ पाना चाहते हैं जो उनके पास है और यही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

विजेंदर ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो मैं केवल एक सरकारी नौकरी चाहता था। लेकिन आज एथलीट और अधिक चाहते हैं। भिवानी के इस मुक्केबाज ने यह भी कहा कि समग्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए देश के खेल बुनियादी ढांचे में सुधार महत्वपूर्ण है।

## खेल डायरी

### सबसे युवा भारतीय अधिकारी होंगे साइ अशोक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतर्राष्टीय मुक्केबाज के साइ अशोक पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा अधिकारी होंगे जिन्हें शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में रेफरी जज बनाया गया है। 32 वर्ष के अशोक 1904 के बाद चौथे भारतीय हैं जो ओलंपिक में अधिकारी होंगे। पुणे के सैन्य खेल संस्थान में मुक्केबाजी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले अशोक विश्व सैन्य मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय भी रहे।

### सीरिया, मॉरिशस इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** सीरिया और मॉरीशस हैदराबाद में दो से दस सितंबर चलने वाले इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे। सीरिया और मॉरीशस ने फीफा विंडो के दौरान हैदराबाद में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की है। फीफा की नवीनतम रैंकिंग में भारतीय पुरुष टीम 124वें स्थान पर, सीरिया 93वें स्थान पर है तथा मॉरीशस 179वें स्थान है। मुंबई में 2018 में शुरु हुई इस प्रतियोगिता का यह चौथा संस्करण होगा। टूर्नामेंट में भारत 2018 एवं 2023 में विजेता बना।

### लंकाशर से जुड़े हरफनमौला खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर

**मैनचेस्टर।** भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के हरफनमौला वेंकटेश अय्यर शुक्रवार को लंकाशर से जुड़ गए, जिसमें वह अगले महीने दो डिविजन वन मैच और एक डे कप खेलेंगे। आईपीएल चैम्पियन केकेआर के सदस्य अय्यर ने भारत के लिये दो वनडे और नौ टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने 20 प्रथम श्रेणी मैच और 43 लिस्ट ए मैच भी खेले हैं। लंकाशर काउंटी ने वेबसाइट पर लिखा बल्लेबाजी हरफनमौला वेंकटेश अय्यर वनडे कप और काउंटी चैम्पियनशिप के दो मैचों के लिये टीम से जुड़े हैं।

# पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे नडाल जोकोविच और कार्लोस अल्काराज



पेरिस, एजेंसी

नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम

● जोकोविच पुरुष एकल जबकि नडाल युगल और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा।

नडाल एकल में पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं। कॅरियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा, ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा इसे नहीं बदल सकता और इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं। इनसे मुझे सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलती है।

## अमेरिका और कनाडा ने जीते अपने मैच

**नीस (फ्रांस)।** मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को जर्मनी से होगा।

एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। मैकेंज़ी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया।

# दबदबा बनाने उतरेगी टीम इंडिया

पालेकल (श्रीलंका), एजेंसी

गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी। दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे।

अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। जहां तक श्रीलंका की बात



● श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज

है तो वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (ब्रोंकाइटिस और श्वसन संक्रमण) और नुवान तुषारा (उंगली में फ्रैक्चर) श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका को टीम में लिया गया है।

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज। **श्रीलंका :** दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालगे। **मैच :** भारतीय समयानुसार शाम 7 :00 बजे से।

## इराक का जूडोका डोपिंग जांच में पॉजिटिव मिला

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में डोपिंग के पहले मामले में इराक के एक पुरुष जूडोका को दो प्रतिबंधित पदार्थ (एनाबॉलिक स्टेरॉयड) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि 28 साल के सज्जाद सेहेन के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडिएनोन और बोल्डनोन पॉजिटिव पाया गया है। इस 28 साल के खिलाड़ी को मंगलवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के लिए डोपिंग रोधी कार्यक्रम की देखरेख करने वाले आईटीए ने कहा कि इस खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक शुरू कर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में

**महिला टी20 एशिया कप**

● स्मृति और शेफाली वर्मा ने भारत को 10 विकेट से दिलाई जीत

● रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट झटके

दाम्बुला, एजेंसी

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरूआती ओवरों में तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलायी। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया।




लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाये। शेफाली को 21 रन के स्कोर पर राबिया खान ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया तो वहीं जहांआरा आलम की गेंद पर मंधाना के 35 रन के स्कोर पर कैच आउट होने के बाद गेंद नो बॉल करार दी गयी। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कुछ शानदार कवर ड्राइव लगाये जिसमें मारुफा अख्तर की गेंद पर खेला गया शॉट दिलकश था। उन्होंने जहांआरा के खिलाफ डीप स्क्वायर लेग के ऊपर से शानदार छक्का भी जड़ा। भारत की जीत पर लगभग उसी समय मुहर लग गयी थी जब गेंदबाजों ने बांग्लादेश को महज 80 रन पर रोक दिया था।

प्लेयर ऑफ द मैच रेणुका को स्पिनर राधा यादव (14 रन पर तीन विकेट) का शानदार साथ मिला। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को झकझोरा तो वहीं राधा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर नचाया। बांग्लादेश के लिए कप्तान निगार सुल्ताना ने 51 गेंद में 32 जबकि शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन रेणुका ने पहले ओवर में ही छक्का खाने के बाद दिलारा अख्तर (06) को चलता किया। दिलारा के एक और बड़ा शॉट खेला लेकिन यह डीप मिडविकेट पर खड़ी उमा छेत्री को पार करने के लिए काफी नहीं था। उन्होंने अपने अगले दो ओवरों में इश्मा तंजीम (08) और मुर्शिदा खातून (04) को चलता किया जिससे पावरप्ले में बांग्लादेश की टीम तीन विकेट पर 25 रन ही बना सकी। कप्तान सुल्ताना ने एक छोर से पारी को संभालने की कोशिश की।

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड का पहला टेस्ट ग्रेटर नोएडा में

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के अपने घरेलू मैदान पर सितंबर में न्यूजीलैंड के साथ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा। यह अफगानिस्तान का कुल 10वां तथा वर्ष 2024 में तीसरा टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा यह ग्रेटर नोएडा में भी पहला टेस्ट मैच होगा। यह टेस्ट मैच नौ से 13 सितंबर के बीच होने की संभावना है।

इसके बाद केवल इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ही ऐसी टीमें बचेंगी, जिनके साथ अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच नहीं खेला है। इसके लगभग एक महीने बाद 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड का भारत दौरा शुरू होगा, जहां मेहमान टीम को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के बीच में न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंका भी जाएगी। जिनकी तारीखों की घोषणा होनी अभी शेष है।

# नए विचार लाएंगे गंभीर: शास्त्री

दुबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नये कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक समकालीन कोच हैं, जिन्होंने अपेक्षाकृत परिपक्व और सुलझी हुई टीम की बागडोर संभाली है। भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नई भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह पहले से ही टीम करीब हैं।

वामहस्त सलामी बल्लेबाज रहे गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाई है। शास्त्री ने कहा, वह (गंभीर) समकालीन हैं, आईपीएल में उनका सत्र बहुत अच्छा रहा था। मुझे लगता है कि वह सही उम्र है जहां वह युवा है, वह नए विचारों के साथ आएगा।



● भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने नए कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताई

वह आईपीएल टीमों का हिस्सा रहा है ऐसे में खासकर सफेद गेंद प्रारूप के ज्यादातर खिलाड़ियों को जानता हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टीम में नयापन लेकर आयेगा। उन्होंने कहा, हम गौतम को जानते हैं, उसे अनुशासन पसंद है। उसके भी अपने विचार होंगे। उसके लिए यह अच्छी बात है कि उसके पास एक परिपक्व टीम है। उनके पास एक सुलझी हुई टीम है। मुझे लगता है कि भले ही आप सोचते हों कि आप परिपक्व हैं, आपको कुछ नए विचारों से फायदा हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा।

शास्त्री का मानना है कि खिलाड़ियों, खासकर गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन गंभीर के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर, एक कोच के रूप में खिलाड़ी प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह कैसे आगे बढ़ता है। मुझे लगता है कि उसके पास इसका तरीका और अनुभव है।

भारत के कोच के रूप में गंभीर का पहला कार्यभार श्रीलंका में सफेद गेंद की श्रृंखला है जो शनिवार को पल्लेकेले में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगी। पिछले महीने की टी20 विश्व कप जीत के बाद दिग्गज रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के कारण गंभीर को इन खिलाड़ियों का विकल्प ढूंढना होगा। शास्त्री ने कहा, वहां बहुत सारे खिलाड़ी हैं और यह सिर्फ यह सही मिश्रण पाने के बारे में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

पूरे दिन बारिश की संभावना। उमस बढ़ेगी।

36.0° अधिकतम तापमान | 29.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:31 | सूर्यास्त 06:54

## एक नजर

### गली में जानवर बांधने से रोका तो मारपीट की

**बकेवर, इटावा।** कस्बा लखना के समीपवर्ती गांव नगला कले में गली में जानवर बांधने को लेकर उपजे विवाद मे दबंगों ने महिला व उसके पति के साथ मारपीट कर दी। गीता देवी पत्नी सर्वेश कुमार ने थाने में दिए गये प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव न में दबंग किस्म के व्यक्ति गली में जानवर बांधते हैं। उसका पति बाइक से आ रहा था तभी बीच गली में बंधे जानवरों को हटाने की बात कही। इस पर दबंग उसके पति के साथ गाली गलौज करने लगे मना करने पर मारपीट करने लगे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विद्यालय में निकला सांप

**बकेवर, इटावा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला कले में सांप दिखने से विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया। सांप निकलने की सूचना सर्प मित्र को दी गयी। रेस्क्यू कर सांप को पकड़कर जंगलों में छोड़ा गया।

### डीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**महेवा, इटावा।** जिला विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने ब्लाक कार्यालय और ग्राम पंचायत बहेड़ा का निरीक्षण कर विकास कार्यों को देखा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चल रही प्रगति की समीक्षा की। खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह, एडीओ पंचायत इंद्र पाल सिंह भदौरिया, एडीओ प्रवीण शाक्य सहित समस्त स्टाफ ब्लॉक में मौजूद मिला। बहेड़ा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर को देखा तथा कार्य में प्रगति लाने सहित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला समन्वयक प्रेम कुमार, ग्राम सचिव सौरभ कुमार, टी ए सतीश कटियार, ग्राम पंचायत सदस्य सुरजन सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

### सपा जिलाध्यक्ष के ससुर का निधन

**इटावा।** सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के ससुर ग्राम कछपुरा सरसईनावर निवासी रामचंद्र शाक्य का निधन हो गया। वे राजस्व विभाग से सेवानिवृत हुए थे। साथ ही लंबे समय तक लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। उनके निधन पर पूर्व मंत्री अशोक यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक प्रदीप यादव, विधायक राघवेंद्र गौतम, महासचिव वीरू भदौरिया, विक्की गुप्ता समेत कई सपा नेताओं ने शोक संवेदना प्रकट की है।

### बिजली चोरी करते पांच लोग पकड़े गए

**इटावा।** शुक्रवार को सुबह उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम हाई लाइनलास क्षेत्र में छापामारी की। इस दौरान पांच उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनमें से कोई अतिरिक्त केवल खींचकर और कोई बाईपास करके बिजली चोरी कर रहे थे। इन सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। लाइनपार क्षेत्र में विजयनगर तथा बगिया अड्डा में मॉर्निंग रेड की गई इस दौरान विभाग की टीम के पहुंचते ही हड़कम्प मच गया। टीम ने पांच उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और इनकी एफआईआर दर्ज कराई। विभाग की टीम ने आशा रानी, आशा देवी, कुसमा, गुड्डी देवी तथा मनोज कुमार को बिजली चोरी में पड़ा है। अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा ने कहा है कि उपभोक्ता विधिवत कनेक्शन लेकर बिजली का प्रयोग करें और मीटर के साथ छेड़छाड़ ना करें।

# कंटेनर आगे जा रहे ट्रक में घुसा, 2 की मौत

## जसवंतनगर थाना क्षेत्र में जौनई के पास हुआ हादसा, एक ही परिवार के 3 लोग घायल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचारः** गुरुवार रात को राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनई चौकी के पास पेट्रोल पंप के सामने एक कंटेनर ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला समेत तीन अन्य लोग गंभीर घायल हो गए।

गुरुवार को देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनई चौकी के पास एक पेट्रोलपंप के पास कानपुर से गुड़गांव की तरफ जा रहा कंटेनर जैसे ही पेट्रोलपंप के सामने पहुंचा तो कंटेनर आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। जिससे कंटेनर के केबिन में बैठे कानपुर के एक ही परिवार के राजेश कुशवाहा पुत्र रामपाल उम्र 40 उसकी पत्नी सुनीता देवी उम्र 38 वर्ष दो बेटे नितिन कुमार उम्र 20 वर्ष और जतिन कुमार 14 वर्ष निवासी ककवन थाना ककवन जनपद कानपुर नगर व परिचालक फूलचंद पुत्र गौरी शंकर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कमलापुर थाना सट्टी कानपुर देहात कुल पांच लोग बुरी तरह क्षतिग्रस्त केबिन में फंस गए। मौका पाकर कंटेनर का ड्राइवर फरार हो गया। सूचना पर तत्काल पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ केबिन में फंसे सभी गंभीर घायलों को निकाल कर एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया।

राजेश ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया वहीं 40 वर्षीय कंटेनर परिचालक फूल सिंह पुत्र गौरीशंकर गांव तमरापुर थाना सट्टी कानपुर देहात की सैफई पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर घायलों को स्थिति चिंताजनक है।



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक। अमृत विचार

### कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को निकाला

- सड़क हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल अपनी टीम के साथ पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने केबिन में बुरी तरह फंसे घायलों को देखकर मशीनों और उपकरणों का इंतजार किए बिना खुद मोर्चा संभालते हुए क्राइम इंस्पेक्टर रमेश सिंह, उनि प्रशांत यादव, उनि आशीष कुमार, कांस्टेबल उमेश चौधरी, शुभम पवार आदि के साथ केबिन में फंसे घायलों को निकलने में लग गए।आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जब तक हाइड्रा और जेसीबी मशीन आई तब तक सभी गंभीर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

### पिकअप ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, ड्राइवर घायल

- संवाददाता जसवंतनगर, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में नगर किनारे मैरिज हॉल के पास शुक्रवार अपराह्न दो बजे बोलेरो पिकअप सीमेंट से लोड ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिसमें पिकअप ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। बिहार के पटना शहर में आम की सप्लाई देकर बोलोरो पिकअप राजस्थान में जिला मेवात में थाना नूह क्षेत्र में जा रही थी। इसका ड्राइवर शेर मोहम्मद झपकी आने पर उक्त स्थान पर ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। वहां मौजूद आस पास के दुकानदारों ने पिकअप में फंसे घायल ड्राइवर को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ से उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली हाईवे किनारे दीवार पर चढ़ गया।


रोता जतिन कुमार।

### रोते हुए बोला...मामा सब कुछ खत्म हो गया

- जीवकोपार्जन के लिए नौकरी की तलाश में कंटेनर की केबिन में बैठकर गुडगांव जा रहे एक ही परिवार के चार लोगों की देर रात यहां हुए दर्दनाक सड़क हादसे में परिवार के मुखिया की मौत व अन्य के गंभीर घायल होने पर परिवार बिखर गया। केबिन में बुरी तरह फंसे होने के बाद निकलने पर मृतक के सबसे छोटे बेटे जतिन कुमार ने रोते हुए कानपुर के अपने मामा फूलचंद को फोन पर घटना की जानकारी दी वह बोला, मामा सब कुछ खत्म हो गया, बर्बाद हो गए। पापा खत्म हो गए मां का एक पैर कट गया। भैया की स्थिति गंभीर है प्रभु ने मेरे साथ यह क्या कर दिया मामा अब क्या होगा...।


उद्योग बंधु की बैठक में भाग लेते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

# औद्योगिक निवेश के लिए तेजी से करें कार्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। इसमें औद्योगिक निवेश के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्र पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना है। उन्होंने प्रत्येक बिन्दुओं की रिपोर्ट निर्धारित समय में निस्तारित करके प्रगति करना सुनिश्चित करने तथा सम्बन्धित विभागों को अनुपालन आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जनपद में संचालित डेरी के उद्यमियों द्वारा कार्य कराये जाने हेतु अनुबंध कर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई एवं नालियों को साफ कराने तथा औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती पर एक समय निर्धारित करके ही विजली कटौती की जाए। उन्होंने स्टेट बैंक से सभी पोर्टल की फाइलों के लिए एक माह के अंदर निस्तारित किय जाने के निर्देश दिये।

# लापरवाही पड़ी भारी, चार सचिवों का रोका गया वेतन

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- खंड विकास अधिकारी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार** खंड विकास अधिकारी ने क्षेत्र के दर्जन भर स्कूलों में संचारी रोग की प्रगति की समीक्षा करते हुए औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लगातार लापरवाही बरतने के कारण चार सचिवों का वेतन रोकते हुए ग्राम सचिवों को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

खंड विकास अधिकारी श्वेता गर्ग ने प्राइमरी स्कूल कुरसेना, बनकटी बुजुर्ग, गढ़ी जालिम, नगरिया पुल, हनुमंत खेड़ा, तथा नगला भगत का निरीक्षण किया। इसमें संचारी रोग अभियान के तहत साफ सफाई के शौचालयों को देखा व दिव्यांग शौचालय की समीक्षा की। ग्राम नगला भगत में स्कूल में जाने के लिए रास्ता नहीं है तो वहां पर प्रधान और सचिव से बात कर अमृत सरोवर के किनारे से स्कूल जाने के लिए रास्ता बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने सभी स्कूलों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती आती हैं कि नहीं और आंगन बाड़ी केन्द्रों में बच्चें आते हैं कि नहीं इसकी जानकारी ग्रामीणों से ली। गांव बिचपुरी खेड़ा में एक स्कूल की छत टपकने को लेकर शिकायत मिली थी जो मौके पर सही पाई गई। इस स्कूल के बच्चों को एक इंटर कॉलेज में शिफ्ट कराया गया है।जिसकी रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दी गई है। चार पंचायत सचिवो में नीरज, रजनीश कुमार के अलावा दो अन्य सचिवों द्वारा लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि और वेतन रोक दिया।

# गमन के आरोपी बैंक कर्मी की जमानत याचिका खारिज

**इटावा।** जिला सहकारी बैंक में 25 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी व गमन के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए कनिष्ठ शाखा प्रबंधक की जमानत याचिका को सुनवाई के बाद जिलाजज चवनप्रकाश ने साक्ष्यों के आधार पर खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि जला सहकारी बैंक में 25 करोड रूपया की धोखाधड़ी कर गमन कर लिया था। बैंक के उप महाप्रबंधक के द्वारा दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इस सम्बंध में अतुल प्रताप सिंह नफीसुल जैदी व मुख्य आरोपी के रूप में अखिलेश चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया। अतुल प्रताप सिंह की ओर से जिला जज की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने की माकड्रिल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बाढ़ से बचाव के मॉडल का किया प्रदर्शन

**अमृत विचार** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में जिलाधिकारी के निर्देश मॉकड्रिल का आयोजन अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की उपस्थिति में मढैया पछाय गांव, तहसील सदर स्थित चंबल नदी के घाट पर किया गया।

इस दौरान बाढ़ की आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर डूबने से बचाव करने के लिए उपाय के साथ उसको प्राथमिक उपचार कर एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा केंद्र भेजे जाने की व्यवस्था की गई तथा बाढ़ के समय लोगों को बचाव के प्रति जागरुक किया गया। जिन स्थानों पर बाढ़ आ रही है उन स्थानों को छोड़कर ऊंचे जगह वाले स्थानों में जाने तथा कैंपों में जाने के लिए जागरूक भी किया गया। बाढ़ के समय बचाव की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मोटर बोर्ड दमकल डॉक्टर की टीम सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही साथ भाउपुरा यमुना नदी में फंसे हुए चार व्यक्तियों को जो की बाढ़ में फंसे हुए थे, उनको एसडीआरएफ की टीम की मदद से मोटर बोट द्वारा रेस्क्यू भी किया गया। उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, तहसीलदार सदर जय प्रकाश, सीएमओ डा. गीताराम, एनडीआरएफ के मॉक एक्सरसाइज ऑब्जर्बर रविन्द्र कुमार, कमांडेंट होमगार्ड रवि शंकर त्रिवेदी, थाना प्रभारी गणेश शंकर मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शराब तस्करों का पता लगाने पुलिस गई दिल्ली

**बकेवर, इटावा।** छत्तीसगढ़ की फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कंटेनर हरियाणा से बिहार शराब लेकर जा रही था। कंटेनर पर कितने लोग थे इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिली। कंटेनर दिल्ली का पाया गया, जिस पर पुलिस की एक टीम आरोपियों का पता लगाने के लिए दिल्ली भेजी गई है। बकेवर थाना व नगर क्षेत्र में कंटेनर को छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। इसमें दो सौ पेटियां शराब के क्वार्टरों से भरी बरामद हुई आबकारी निरीक्षक ने अज्ञात के खिलाफ शराब की अवैध रूप से तस्करी करने का अभियोग दर्ज कराया है। थाना पुलिस ने कंटेनर के चेसिस नम्बर से उसका असली नम्बर व मालिक का नाम खोज लिया। कंटेनर पर छत्तीसगढ़ की नंबर प्लेट असली नंबर प्लेट पर लगा रखी थी। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि चालक का पता लगाने के लिए हाइवे पर लगे सीसीटीवी को देखा जा रहा है साथ ही एक टीम को दिल्ली भेजा गया है।


मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डॉ. कैलाश यादव एवं रोहन सिंह।

### संत केवलानंद स्कूल में दी गई इंडक्शन ट्रेनिंग

**इटावा।** सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की श्रृंखला में संत केवलानंद स्कूल भरथना में इंडक्शन प्रोग्राम की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में इटावा डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ. कैलाशचंद्र यादव एवं औरैया से रमणीक कौर ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। इंडक्शन प्रोग्राम के माध्यम से सीबीएसई शिक्षकों को प्रशिक्षण देने, सीओई के कार्यों को बताने, करिकुलम के बारे में बताने, परीक्षाओं के बारे में बताने तथा मान्यता प्राप्त करने से संबंधित जानकारी प्रदान की जाती है। अन्य विभिन्न कार्य जो सीबीएसई द्वारा सीबीएसई के विद्यालयों में कराए जाते हैं की मॉनिटरिंग करना तथा प्रधानाचार्य शिक्षकों को सीबीएसई के कार्य प्रणाली से अवगत कराना इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य है। इस प्रोग्राम में इटावा जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 62 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम से पूर्व प्रबंधक रोहन सिंह एवं प्रधानाचार्य कल्पना सिंह ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया।



तहसील चकरनगर में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### शिक्षक के बचाव में गांव वालों ने किया प्रदर्शन

**चकरनगर, इटावा।** प्राथमिक शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया। ग्रामीणों ने सीओ चकरनगर कार्यालय पहुंचकर शिक्षक को निर्दोष बताकर प्रदर्शन किया। प्राथमिक विद्यालय राजपुर में तैनात बसंत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। उपरोक्त गांव के लोगों ने शिक्षक की तारीफ करते हुए कहा कि बहुत ही योग्य अध्यापक है व सरल स्वभाव के है। इनको गलत फंसाया जा रहा है। ऐसे ही लोगो के बजह से इस विद्यालय के अध्यापक स्थानांतरण करवा लेते हैं। गांव वालों ने उन अराजकतात्वों के खिलाफ जांच करके कार्यवाही करने पर जोर दिया। सीओ प्रेम कुमार थापा ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

### हैंडवाल चयन प्रक्रिया 29, 30 जुलाई को

**सैफई, इटावा।** भारतीय खेल प्राधिकरण से संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र सैफई में 29 व 30 जुलाई को आवासीय छात्रावास में हैंडवाल विधा (बालक वर्ग) के लिए चयन प्रक्रिया की जानी है। जिसकी आयु सीमा 12 से 18 वर्ष रखी गई है। केंद्र प्रभारी विमलेश यादव ने बताया कि चयन प्रक्रिया का समय 29 जुलाई को 7 से 9 बजे तक मास्टर चंदगीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम में रखा गया है। चयन हेतु आने वाले बच्चे अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज चार फोटो, स्कूल के चरित्र प्रमाण पत्र, शासकीय मेडीकल प्रमाण पत्र, शिक्षा संस्थान द्वारा शैक्षणिक प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए 8770625975, व 7018763535 पर संपर्क कर सकते है।

### औषधि निरीक्षक की टीम को देख मेडिकल स्टोर संचालक भागे

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशानुसार इटावा जनपद के ताखा ब्लॉक मे संचालित मेडिकल स्टोर का औषधि निरीक्षक रजत कुमार एवं नायब तहसीलदार विपिन मिश्रा ने कृपा मेडिकल स्टोर कठौतिया, ताखा और कन्हैया मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। फर्म से नियमानुसार चार औषधियों के नमुने भी लिये गये। जिसे जांच और विश्लेषण के लिए राजकीय प्रयोगशाला उप्र लखनऊ भेजा जाएगा। औषधि निरीक्षक और टीम को निरीक्षण करते देख अन्य मेडिकल संचालक स्टोर बंद कर कर भाग खड़े हुए।

# ईंट कारखाने से चुरा ले गए मोटरें

**इकदिल, इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र में गांव कुशुगवां बादशाहपुर रोड पर इंटरलॉकिंग ईंटो को बनाने का कारखाना है। अज्ञात चोरों ने उसके कमरे के ताले तोड़ और जाली को उखाड़ कर कमरे के अंदर रखी दो मोटर एक सबमर्सिबलपंप मोटर सहित तीन मोटरों को चोरी कर ले गए।

गांव विरारी के रहने वाले कारखाना मालिक सर्वेशचन्द शर्मा ने बताया कि अपराह्न तीन बजे पड़ोसी खेत पर आया तो उसने कंपनी का ताला खुला हुआ देखकर फोन करके सूचना दी। मौके पर दरवाजा खुला और लोहे की जाली उखड़ी पड़ी थी अंदर जाकर देखा तो उसमें रखी मोटरें गायब थी। बारिश के चलते कार्य बंद है जिसका लाभ चोरों ने उठाया पुलिस ने मौके पर आकर गहनता से जांच करके आसपास के संदिग्ध लोगों की तलाश शुरू की।

# समान कार्य के लिए समान वेतन की आवाज बुलंद की

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर दिया धरना

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर माध्यमिक शिक्षकों ने धरना दिया और अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। पुरानी पेंशन बहाली सहित 23 सूत्रीय मांगपत्र /ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपने विशाल शांतिपूर्ण धरना आयोजित किया गया। धरने में नैतिक समर्थन देने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष /प्रदेशीय मंत्री विनोद यादव एवं कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा अपने पदाधिकारियों के साथ मंच पर प्रमुख रूप से रहे।

जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि आज सभी शिक्षकों को एक साथ मिलकर अपने हक की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है यदि बिखरे रहे तो लक्ष्य हासिल करना मुश्किल है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने सभी को एक साथ रहकर पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता पर जोर दिया बेसिक में सरकार द्वारा ऑन लाइन हाजिरी के आदेश को वापस लेने के उदाहरण द्वारा उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन में बहुत ताकत होती है उन्होंने माध्यमिक शिक्षकों को आश्वस्त किया कि समय आने पर बेसिक शिक्षक माध्यमिक के साथ संघर्ष में साथ देने को सदैव तैयार है।

सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाली, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं बहाली, धारा 12,018,21,को माध्यमिक अधिनियम 1921के अनुरूप रखने, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, स्थानांतरण नीति को सरल कर मनचाहे स्थान पर स्थानांतरण की सुविधा, विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन प्रणाली में शामिल करने की मांग की गई।


जिला विद्यालय निरीक्षक को मांग पत्र पढ़कर सुनाते कवि कमलेश शर्मा।

शर्मा गुट में प्रदेशीय मंत्री कवि डॉ कमलेश शर्मा ने कहा कि यदि शिक्षक संगठित और जागरूक होकर संघर्ष नहीं करेगा तो उसे भविष्य में अनेक कठिनाइयोंका सामना करना पड़ेगा। शिक्षक समुदाय को जिलाध्यक्ष राजीव गोयल, जिला मंत्री देवेश शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष मन्ना बाबू दुबे, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, कर्मचारी परिषद के पवन श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। धरने का संचालन जिला मंत्री देवेश शर्मा ने तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव गोयल ने की।

**निरीक्षण** | स्पोर्ट्स कॉलेज में समस्याओं को लेकर छात्रों ने किया था प्रदर्शन

# मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में शासन से पहुंची जांच टीम

संवाददाता, सैफई (इटावा)

**अमृत विचार।** मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में पढ़ाई करने वाले छात्रों की बुनियादी समस्याओं शासन ने संज्ञान लेकर खेल मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जांच टीम सैफई भेजी गई है।

जांच टीम की अध्यक्षता मे सचिव प्रबंध समिति/ प्रधानाचार्य गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ अजय कुमार शेट्टी नें मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कॉलेज मं पहुंच कर जांच पड़ताल की, लेकिन मीडिया से दूरी बनाए रहे।

सूत्रों से जानकारी मिली कि सचिव प्रबंध समिति अजय कुमार शेट्टी नें स्पोर्ट्स कॉलेज की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और वहां छात्रों से अलग-अलग बयान दर्ज किए। कोच एवं सुरक्षा गार्ड व सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी।

सुरक्षा गार्ड एवं सफाई कर्मचारियों ने जांच टीम के सामने कहां लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज एवं गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में शासन की गाइडलाइन के अनुसार कर्मचारियों को वेतन पूरा दिया जाता है। यहां पर लिपिक बाबू सिर्फ 4 से 5 हजार रूपये देते है। जांच टीम ने कॉलेज परिसर में चारों तरफ भ्रमण करके व्यवस्थाएं देखी और वीडियोग्राफी की। जहां पर परिसर के अंदर बड़ी-बड़ी घास देखकर नाराजगी प्रकट की। छात्रों के हॉस्टल के अंदर साफ सफाई न मिलने के कारण नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट तैयार की है। जांच टीम दो दिनों तक सैफई मे मौजूद रहेगी। और यहां से रिपोर्ट तैयार करने के बाद खेल निदेशालय सोपेगी।

मालूम हो मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में संचालित 8 खेलों के 480 बच्चों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं और ना ही सरकार के द्वारा दी जाने वाली खेल किट बच्चों को मिल पा रही है। बिजली और गंदगी से जूझ रहे छोटे-छोटे बच्चे छात्रावास में जैसे-तैसे रहने को मजबूर हैं।

बीते सोमवार को मौका पाकर छात्र हॉस्टल के बाहर निकल कर सैफई गोल चक्कर के पास धरना प्रदर्शन के लिए गए थे। छात्रों नें कॉलेज के लिपिक पर भ्रष्टाचार का रूप लगाते हुए कहा था यहां मिलने वाला बजट लिपिक खा रहा है। हम खिलाड़ियों को ना तो खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं, और ना ही पढ़ाई करने वाली ड्रेस व अन्य सामग्री। जब इस संबंध में लिपिक से बात करें तो बाबू उल्टा गाली देकर भगा देते हैं।

### नियमित प्रधानाचार्य की मांग

मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्रों ने मांग की है यहां स्पोर्ट्स कॉलेज में नियमित प्रधानाचार्य की तैनाती होनी चाहिए। ताकि जो खेल से संबंधित प्रधानाचार्य होगा वह बच्चों की समस्याओं को समझेगा। वर्तमान में एसडीएम के पास प्रधानाचार्य के पद का चार्ज है। वह बहुत कम आती है अगर हम लोगों को कोई अपनी शिकायत करनी है किसी से नहीं कर पाते हैं। इसलिए यहां पर खेल से संबंधित प्रधानाचार्य की तैनाती की जाए।

### क्या कहते है खेल निदेशक

खेल निदेशक आरपी सिंह का कहना है मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में जों समस्याऐ है उनकी जांच के लिए टीम भेजी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संचारी रोग अभियान को मुंह चिढ़ा रही शहर में फैली गंदगी

## एक से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



शहर के रानी कालोनी में लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण को लेकर चलाया जा रहा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान विफल होता नजर आ रहा है। शहर में जगह-जगह फैली गंदगी इस बात की गवाही दे रही हैं कि अभियान के तहत जो निरोधात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए वह नहीं हो रही हैं।

शासन के निर्देश पर एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान समापन की ओर है। बावजूद इसके नगर पालिका के क्षेत्र में रानी कालोनी में गंदगी का अंबार लगा है। यहां पर सड़क किनारे नालियां गंदगी से अटी हैं। नालियां ओवरफ्लो होने के बाद गंदगी आधी सड़क पर फैली हुई है। यहां के लोगों का कहना कि कि यहां पर नगर पालिका की ओर से सफाई नहीं कराई गई है। यहां पर लोग सड़क किनारे ही गोबर व कूड़ा डालने का काम करते हैं। कई-कई दिन बाद कूड़े को उठाकर डंपिंग ग्राउंड में डाला जाता है। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा कई दिन तक कूड़ा इकट्ठा करने के बाद उठाया जाता है। जिस कारण नाली में पानी की निकासी बंद हो जाती है।

### मच्छरों से परेशान हैं लोग

बारिश के मौसम में मच्छरों का आतंक बढ़ चुका है। जिससे मलेरिया, डेंगू समेत अन्य कई गम्भीर बीमारियों के होने का खतरा रहता है। इसी के नियंत्रण को लेकर पूरे जुलाई माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाता है लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा गम्भीरता नहीं दिखाने से मच्छर लोगों का खून चूस रहे हैं। ऐसे में मच्छरजनित रोगों से शहरियों को कैसे बचाया जा सकता है, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

- अभियान समाप्ति की ओर बावजूद इसके नहीं दिखती कहीं साफ-सफाई

### सफाई के नाम पर झाड़ू तक ही सीमित

अभियान के सभी वार्डों के मोहल्लों में साफ सफाई के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव, फागिंग समेत घास-झाड़ियों की कटाई आदि किया जाना चाहिए लेकिन ताम्बेश्वर मंदिर चौराहे से जिला कारागार जाने वाले मार्ग में मंदिर के ठीक पीछे झाड़ियों का अंबार है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। खासकर साउथ सिटी के अधिकांश मोहल्लों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

## दिनभर उमस, शाम को हल्की बारिश

**फतेहपुर।** कई दिनों से कभी भारी तापमान तो कभी उमस भरी गर्मी लोगों का दिन का चैन और रात की नींद खराब किए है। शुक्रवार को सुबह से उमस भरी गर्मी लोगों को छकाती रही। दूसरे पहर जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश होने से मौसम सुहावना हुआ तो ठंडी हवाएं चलीं और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलती नजर आई। शुक्रवार को भी सुबह सूरज के आंख तरेरते ही उमस ने डेरा जमा लिया। इस दौरान कूलर पंखे भी बेकार साबित हुए। लोगों को दिन में तीखी गर्मी ने जहां लोगों को परेशान किया वहीं दूसरे पहर मौसम के बदलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलते नजर आई। शाम करीब पांच बजे अचानक से बादल घिर आए तेज हवाओं के साथ शहर समेत दोआबा के पूर्वी क्षेत्रों में बारिश हुई। हालांकि जिले के अन्य हिस्सों में बदली ही छाई रही बारिश के लिए लोग टकटकी लगाए रहे। दिन में गर्मी के कारण शहर की सड़कों में दोपहर में सन्नाटा पसरा नजर आया। बाजारों में भी यही हाल रहा और दुकानदार उमस से बचने के साधनों से घिरे नजरा आए।

# शिक्षामित्रों ने मनाया काला दिवस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



काला दिवस मनाने के लिए जुटे शिक्षा मित्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिक्षामित्र संगठन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में गुरुवार को काला दिवस मनाया गया। आज ही के दिन 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक बने शिक्षामित्रों का समायोजन को अवैध करार दिया था। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने दिवंगत शिक्षामित्र साथियों को जहां भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थल तक कैंडिल मार्च निकाला।

संघ के जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में नहर कालोनी के सामने स्थित एक गेस्ट हाउस में में शिक्षामित्र एकत्र हुए। शिक्षामित्रों ने दिवंगत साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने बताया कि 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट से शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द हुआ था। जिस पर तमाम शिक्षामित्रों ने मौत को गले लगाया। तब से लेकर अब तक लगभग 12000 शिक्षामित्रों की असामयिक मृत्यु हो चुकी है। तब से अब तक हजारों शिक्षामित्र आर्थिक तंगी का सामना करते हुए मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे हैं। फिर भी 2017 से अब तक सरकार ने शिक्षामित्र की कोई सुधि नहीं ली। जिला महामंत्री रवीन्द्र प्रकाश पटेल ने बताया कि शिक्षामित्र संघ ने तमाम आंदोलन किए, कई बार शिक्षा मंत्री से मिलकर अपनी पीड़ा को भी रखा।

मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी अपनी पीड़ा से अवगत कराया लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। कहा कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगामी पांच सितंबर को लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन करने के लिए हम सब बाध्य होंगे।

- 25 जुलाई को ही सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों का रद्द किया था समायोजन
- संघ के पदाधिकारियों ने दी चेतावनी 5 सितंबर को लखनऊ में होगा धरना

### काली पट्टी बांध कर किया कार्य

आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांध कर काला दिवस मनाया और सरकार की गलत नीतियों का विरोध दर्ज किया गया। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने बताया कि सरकार की लचर पैरवी शिक्षामित्रों के लिए काल बन गई। क्रूर आदेश से आहत होकर शहीद हुए शिक्षा मित्रों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बिजली के तार की चपेट में आया युवक, मौत

संवाददाता फतेहपुर

- बिजली विभाग के कर्मियों की लापरवाही से हुआ हादसा
- सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में हुई घटना

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर घोष थाना व कस्बा क्षेत्र में नलकूप से लौट रहे युवक का खेत के ऊपर नजदीक से गुजरी हाईटेंशन लाइन में हाथ छूने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

सुल्तानपुर घोष थाना व कस्बा क्षेत्र के निवासी रामप्रकाश का पुत्र महेंद्र सिंह रोज की तरह रात में नलकूप की रखवाली करने के बाद सुबह घर लौट रहा था तभी रास्ते मे पड़ने वाले खेतो के ऊपर नजदीक से गुजरी हाईटेंशन लाइन में हाथ छू गया। युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। आसपास खेतो में काम कर रहे किसानों ने युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिजन तुरन्त खेत पर पहुंचे जहां युवक को मरणासन्न अवस्था मे हाईटेंशन विद्युत तार से उलझे हुए गिरा पड़ा देख स्तब्ध रह गए। जिसको तारो से बाहर निकाल आनन फानन अचेतावस्था में इलाज के लिए कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने हादसे का जिम्मेदार बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को ठहराते हुए उन पर ढीली हाईटेंशन वायर को सही कराने के लिए बार बार लिखित प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी सही न कराने व कार्य में लापरवाही बरतने के गम्भीर आरोप लगाए हैं। कहा कि इसके चलते ही उसकी मौत हुई है।

## शिवालयों में जुटे भक्तों ने किया जलाभिषेक

**फतेहपुर।** सावन माह में शहर से लेकर ग्रामीणांचलों के शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। विधि विधान के साथ भक्त जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना कर रहे हैं। साथ ही कई स्थानों में रूद्राभिषेक समेत अन्य अनुष्ठान भी कराए जा रहे हैं।

प्रभु शिव की आराधना के पावन माह सावन का शुभारंभ हो चुका है। चौथे दिन शुक्रवार को सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। पौराणिक मंदिरों में शिव भक्तों ने बम भोले के जयकारों के साथ प्रभु भोलेनाथ का पूजन व जलाभिषेक करने के साथ बेलपत्र, मिष्ठान्न आदि अर्पित कर कल्याण की कामना की। सुबह से ही शिवालयों में हर-हर महादेव की धुन गुंजायमान रही। शहर के ताम्बेश्वर मंदिर, मोटे महादेवन मंदिर समेत ग्रामीणांचलों के थवईश्वर, गूढेश्वर, जागेश्वर आदि मंदिरों में प्रभु शिव की आराधना कर जलाभिषेक किया।

# सैनिकों के शौर्य को विश्व ने सराहा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए स्कूली बच्चे व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रेक्षागृह परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सभा का आयोजन कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की । मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति रहीं।

कार्यक्रम में भाषण, गीत प्रतियोगिता, ताइक्वांडो प्रदर्शन समेत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें 10 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने युवाओं में उत्साह भरते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने अदम्य साहस दिखाते हुए 60 दिनों में भारतीय विजय पताका फहराने का काम किया। भारतीय सैनिकों की सराहना पूरे विश्व ने की थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की नीचता पूर्ण घटना का पूरे दमखम के साथ धूल चटाने वाले अटल बिहारी वाजपेई हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं। प्रदेश कार्य समिति सदस्य रुद्र मिश्रा ने युवाओं में उत्साह भरा। जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने सभी भाषण प्रतिभागियों, पूर्व सैनिकों की सराहना की।

### कांग्रेस ने पूर्व सैनिक का किया सम्मान

कारगिल विजय पर भारतीय सैनिकों द्वारा अदम्य वीरता एवं शौर्य का प्रदर्शन कर भारत माता को विजय दिलाने वाले वीरों के सम्मान में शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान एवं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने राधानगर निवासी कारगिल युद्ध में अपनी अभूतपूर्व वीरता का प्रदर्शन करने वाले भूतपूर्व सैनिक धर्मेंद्र कुमार दीक्षित को सम्मानित किया। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए देश को विजय की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष महेश द्विवेदी, संगठन प्रभारी राजन तिवारी, जिला प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे, महासचिव अनुराग नारायण मिश्रा ने भी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सार-संक्षेप

### सर्पदंश से युवक की मौत

**अमौली।** आंगन में लेटे एक युवक को एक सर्प ने डस लिया। हालत गंभीर देख उसे हमीरपुर ले जाया गया, जहां से उसे डाक्टर ने कानपुर भेज दिया। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा मजरे गझा का डेरा निवासी अवधेश कुमार पुत्र राम प्रसाद भोर पहर घर के अंदर लेटा था। तभी उसे एक सर्प ने डस लिया। शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन उसे हमीरपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी हालत गंभीर देख डाक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी वाहन से कानपुर ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी सांसें थम गईं।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर के पंख नोच कर मार डाला

**थरियांव।** हथगाम थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी एक ब्यक्ति ने प्राथमिक स्कूल में राष्ट्रीय पक्षी मोर के नाचते समय उसके पंख नोचकर उसकी नृशंस हत्या कर दिया और शव को मौके पर फेंक फरार हो गया। हथगाम थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में नाचते समय मोर की आरोपी निरभू पुत्र सरजू ने पंख नोचकर हत्या कर दिया। आरोपी मोर के शव को खून से लथपथ अवस्था मे फेंककर उसके पंख को लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना वन विभाग को देते हुए मृत मोर के शव को पोस्टमार्टम किया।

**बिजली के करंट से मोर की मौत :** शहर के मुराइन टोला पावर हाउस में रात में करीब 10 बजे के आसपास 33 हजार बिजली के तार में राष्ट्रीय पक्षी मोर चिपक जाने से तेज आवाज के साथ बिजली सप्लाई बंद हो गई। यहां तक कि मेन पावर हाउस राधा नगर से ब्रेकडाउन हो जाने के कारण विद्युत विभाग के अधिकारी मुराइन टोला पावर हाउस पहुंचे। काफी देर बाद बिजली कर्मियों ने तार से मृत मोर को हटाकर बिजली सप्लाई को चालू की।

### तालाब में डूब कर बच्चे की हुई मौत

**थरियांव।** तलाब में नहाते समय एक बच्चा उसी में डूब गया। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव निवासी सुशील यादव का सात वर्षीय पुत्र शिवा जो कि गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो में पढ़ता था। गांव के बाहर स्थित तालाब में नहाने के लिए गया था। पानी ज्यादा होने की वजह से वह गहराई में डूब गया। वही जब बच्चे को घर से गए हुए अधिक समय हो जाने पर परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन काफी देर तक उसका कही पता नहीं चल सका। गांव के ही कुछ बच्चों ने बताया कि शिवा को तालाब में नहाते देखा था। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में उसकी तलाश शुरू की तो वह मिल गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### नकदी, जेवरात समेत लाखों का सामान चोरों ने किया पार

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के कंसाही गांव निवासी शिवबरन सिंह के घर की छत में सीढ़ी लगाकर घर के अंदर दाखिल हुए अज्ञात चोरों ने कमरों व आलमारी का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपये के कीमती जेवरात व नकदी पार कर दिया। घटना के समय घर के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे।

### फांसी लगा कर अधेड़ ने की खुदकुशी

**किशनपुर।** किशनपुर महावतपुर असहट गांव निवासी गुलाब निषाद पुत्र जगमोहन निषाद का देर शाम किसी बात को लेकर परिजनों से कहासुनी हुई थी। शुक्रवार सुबह गुलाब का शव गांव के किनारे जंगल में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

# विभाग ने शुरू कराया पुल निर्माण

**खबर का असर....**

संवाददाता, किशनपुर



पुल निर्माण के लिए मिट्टी खोदती जेसीबी। अमृत विचार

- अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता के साथ उठाया था मुद्दा

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकासखंड के चंदापुर से नरौली को जाने वाली मार्ग पर नरौली गांव के समीप पुल का निर्माण कराया जा रहा है। पुल का निर्माण कार्य वर्षो पहले शुरू कराया गया था। लेकिन विभागीय हीलाहवाली व सुस्ती के चलते पुल का निर्माण कर पूरा नहीं हो सका। जिसके कारण बारिश में लोगों को दलदल भरे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। क्षेत्र की समस्या को शुक्रवार के अंक में अमृत विचार द्वारा प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिसके के बाद विभाग हरकत में आया और कार्य शुरू करा दिया। वर्षो पहले शुरू हुए पुल के निर्माण कार्य की रफ्तार कछुए की तरह रही। हाल ही में करीब 2 महीनो से निर्माण कर पूरी तरीके से ठप था। बरसात होने के बाद लोगों को आवागमन करने में समस्या हो रही थी। किसानों ने भी अपने खेतों से आवागमन बंद कर दिया था। जिसकी खबर शुक्रवार को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग पर सवाल खड़े हो गए। इसके बाद कार्यदाई संस्था ने खबर को देखते हुए लोगों के आवागमन को सुगम करने के लिए मौके पर मजदूरों को भेज रास्ता बनाने का काम शुरू कर दिया हैं।

## मछलियों से भरी पिकअप पुलिस ने पकड़ी

**फतेहपुर।** तखखरेरू थाना क्षेत्र के कोट गांव में यमुना नदी से रोक के बावजूद मछलियों का शिकार किया जा रहा है। पुलिस ने एक पिकअप पकड़ी है।

मछली बेंचने बाजार जा रही पिकअप को पुलिस ने पकड़ लिया। जिससे करीब दो कुंतल मछली बरामद की है। साथ ही पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मत्स्य विभाग के अधिकारी को सूचना दी है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि रोक के बावजूद मछली आखेट करने वाले चिन्हित किए जा रहे हैं। किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध मत्स्य आखेट नहीं होने दिया जाएगा।

# कक्षा 9 व 11 में पंजीकरण 5 अगस्त तक हो सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड के स्कूलों में प्रवेश लेने वालों के लिए अभी भी मौका है। बोर्ड की ओर से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के लिए 5 अगस्त अंतिम तिथि तय की है। ऐसे में कक्षा 9 और 11 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को पांच अगस्त तक का मौका मिल सकेगा। छात्र छात्राओं के पंजीकरण कराने में हेराफेरी करने वाले विद्यालयों पर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई होगी। डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के लिए समय सारणी जारी कर दी गई है।

### 26 अगस्त तक जमा होगा चालान

माध्यमिक शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 9 और 11 में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं का शुल्क चालान के माध्यम से कालेज के प्रधानाचार्य को 26 अगस्त तक जमा कराना होगा और 26 अगस्त तक सभी छात्र-छात्राओं का विवरण भी माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कराना आवश्यक होगा। 26 अगस्त से 5 सितंबर के बीच संस्था के प्रधानाचार्य वेबसाइट पर छात्र-छात्राओं के विवरण फोटो आदि की जांच कर सकेंगे। इस दौरान किसी भी विवरण में अपडेशन नहीं कराया जा सकेगा।

**बैठक** — जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की ली मासिक बैठक

# आवेदनों के निस्तारण में देरी, स्पष्टीकरण तलब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश देतीं जिलाधिकारी सी.इंदुमती। अमृत विचार

- आवेदनों को डिफाल्टर श्रेणी में न आने देने के दिए कड़े निर्देश

**अमृत विचार।** निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय से न करने पर डीएम ने सम्बंधित विभागों के स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में आवेदनों को डिफाल्टर श्रेणी न आने दिया जाए।

जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय से संबंधित विभाग करें। आवेदन डिफाल्टर श्रेणी में नहीं आने पाए। उन्होंने 06 आवेदन पत्र, जिनमें ग्राउंड वाटर-4, यूपी सीड़ा-1, पावर कारपोरेशन-1, के आवेदन पत्र समय से ऑनलाइन के माध्यम से निस्तारण न होने की दशा पर उक्त विभागों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद के तहत प्राप्त आवेदनों को उद्योग लगाने के लिए ऋण मुहैया कराया गय। इसके अलावा उद्यमियों द्वारा उठाई गई शिकायतों का निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक ईकाइयों में श्रमिको के लिए जो स्वयं सहायता समूह का चयन कैंटीन संचालन के लिए किया गया, उसको उपायुक्त स्वतः रोजगार समन्वय बनाकर चयनित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का कुटुम्ब प्रशिक्षण कराकर कैंटीन का संचालन कराया जाए। वहीं उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी को मोमोंटो एवं अधिशासी अभियंता विद्युत राजमंगल सिंह, उपायुक्त उद्योग चन्द्र भान सिंह द्वारा सकरात्मक सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर समान्नित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, उपायुक्त स्वतः रोजगार, एनएचआई के पदाधिकारी समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।

### श्रमिकों के लिए बनेगी डिस्पेंसरी

डीएम ने बताया कि औद्योगिक ईकाइयों के श्रमिकों के लिए डिस्पेंसरी का संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा ग्राम कोराई में जमीन प्रस्तवित की गई है, नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए डिस्पेंसरी का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में उद्योग लगाने के लिए जो एमओयू हस्ताक्षर किए गए हैं, उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने में समस्या आ रही है, उनका संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें।

## कंटेनर की टक्कर से चार लोग गंभीर रूप से घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली व नगर क्षेत्र के नई बाजार निवासी शैलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र योगेंद्र नारायण सिंह, महिमा पत्नी शिव प्रकाश सिंह निवासी युवराज नगर जीटी रोड खागा, अर्चना पत्नी नीरज तिवारी निवासी देवीगंज सदर कोतवाली फ़तेहपुर व एक बच्चे के साथ अपनी स्कार्पियो कार से कानपुर रिश्तेदारी गये थे।

जहां से वापस लौटते समय जैसे ही स्कार्पियो सवार औंग थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित रानीपुर ओवर ब्रिज के ऊपर पहुंचे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे स्कार्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्कार्पियो सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी के अंदर से सभी को निकालकर भर्ती करवाया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# जन्मदिन में शामिल होने आ रहे दो सगे भाइयों की हादसे में मौत

## सिकन्दराराऊ के पास अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, अताईपुर के है दोनों भाई

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

- बड़ा भाई गुरुग्राम में टेम्पो चलाता था छोटा भी उसी के साथ रहता था, दोनों वहीं से घर आ रहे थे

**अमृत विचार**। सिकन्दराराऊ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई जन्मदिन में शामिल होने अपने गांव अताईपुर आ रहे थे। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद के मोहल्ला कूंचा निवासी पुष्पेंद्र गुरुग्राम में टेम्पो चलाता है। उसके साथ उसका छोटा भाई सुचित भी रहता है। शुक्रवार को पुष्पेंद्र के बड़े भाई गुलाब के बेटे राघव का जन्म दिन था। इस कारण पुष्पेंद्र व सुचित अपने मौसेरे भाई शनि के साथ टेम्पो से गांव आ रहे थे। जब उनका टेम्पो सिकन्दराराऊ एटा मार्ग पर जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टेम्पो पर टक्कर मार दी, जिसमें पुष्पेंद्र व उसके छोटे भाई सुचित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनका मौसेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके के लिए रवाना हो गए। एक साथ दो भाई की मौत पर गांव में सन्नाटा छा गया। परिजनों ने बताया सुचित एक माह पहले ही अपने भाई के पास गया था।



पुष्पेंद्र, सुचित।


दो भाइयों की मौत की पर रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

**फर्रुखाबाद**। थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव आसमपुर निवासी 58 वर्षीय रामनरेश उर्फ भोले पुत्र कालेश्वर कस्बा अमृतपुर में साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेनें बीते 20 जुलाई को गये थे। उसी समय रामनरेश को मारुति शोरूम के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल वृद्ध को सीएचसी राजेपुर एंबुलेंस की सहायता से भेजा गया था। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने लोहिया जिला अस्पताल रेफर किया था। लोहिया से उसे सैफई रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान घायल रामनरेश की मौत हो गई।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज,फर्रुखाबाद**। अलग अलग स्थानों पर जनपद एटा के थाना राजा के रामपुर के गांव बिल्सड़ निवासी सोमेंद्र, नगर के मोहल्ला काजम खां निवासी अरशद मार्ग पर दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया गया। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि अब वे खतरे से बाहर हैं।

### 16 वाहन किये सीज, चार लाख जुर्माना लगाया

**फर्रुखाबाद**। जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह के निर्देशानुसार आज एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने राजेपुर तथा अमृतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ चेकिंग करते हुए 15 वाहनों को सीज कर दिया। तथा 3 .88 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सीज किए गए वाहनों में सात वाहन ऑटो रिक्शा थे। जिनकी फिटनेस समाप्त थी। तीन ओवरलोड ट्रकों को भी पकड़कर सीज किया गया। इसके अतिरिक्त एक ट्रैक्टर ट्राली को स्टेशन की रैक से सीमेंट अल्लागंज ले जाते हुए पकड़ा गया। शेष वाहन बिना कर जमा किए संचालित हो रहे थे। थाना राजेपुर में 10 तथा थाना अमृतपुर में पांच वाहन सीज किए गए। नगर में चेकिंग करते हुए एआरएम राजेश कुमार तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार के साथ एक डग्गामार बस पकड़ी जो हरदोई से लुधियाना के लिए सवारियां लेकर जा रही थी। बस के सभी प्रपत्र जैसे रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र सही थे। परंतु बस में 106 सवारियां ले जाई जा रही थी। इस बस को पकड़कर परिवहन निगम के बस अड्डे पर सीज कर दिया गया तथा उस पर रु 31000 का जुर्माना लगाया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

**फर्रुखाबाद**। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव समैचीपुर निवासी 25 वर्षीय काजल पत्नी अरुण से रुपये लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। तभी काजल ने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे काजल की हालत बिगड़ गई।

काजल की हालत बिगड़ते ही परिजन ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गये और वहीं पर उसे भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया 108 एंबुलेंस से जहरीला पदार्थ खाई हुई महिला काजल को लाया गया था। वहीं यहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## सपा नेता जग्गू व उसके भाई चन्नू यादव की 3 करोड़ 11 लाख की सम्पत्ति और कुर्क

संवाददाता फर्रुखाबाद

- 16 करोड़ की सम्पत्ति पहले ही हो चुकी है कुर्क
- अभियुक्तों व उसके परिवारीजन की आय का कोई वैध स्रोत नहीं

**अमृत विचार**। थाना मऊदरवाजा के प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार ने आज गैंग लीडर देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव एवं उसके भाई योगेंद्र सिंह चन्नू यादव की पांच संपत्तियों को कुर्की की है। जिसकी बाजारी कीमत 3 करोड़ 11 लाख 83 हजार 250 रुपये है। गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित गैंग लीडर देवेन्द्र सिंह उर्फ जग्गू यादव व अपने सह सदस्यों के साथ मिलकर अवैध रूप से अर्जित की गयी स्वयं व अपने परिजनों के नाम अवैध चल-अचल सम्पत्ति कीमत करीब "तीन करोड़ ग्यारह लाख तिरासी हजार दो सौ पचास रुपये" को थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा धारा गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कुर्क किया गया। पुलिस के आला अधिकारियों के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत रिपोर्ट उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बनाम अभियुक्त देवेन्द्र सिंह उर्फ जग्गू यादव पुत्र शिवनन्दन सिंह यादव निवासी बंगला नं. 50ए लोको रोड कालोनी थाना कोतवाली फतेहगढ़ व सह-अभियुक्त भाई योगेन्द्र सिंह उर्फ चन्नू यादव पुत्र शिवनन्दन सिंह के मामले की विवेचना विवेचना प्रभारी निरीक्षक मऊदरवाजा अमित गंगवार के द्वारा की जा रही है। गैंगलीडर देवेन्द्र सिंह उर्फ जग्गू यादव उपरोक्त व उसके सहअभियुक्त भाई योगेन्द्र सिंह उर्फ चन्नू यादव अपने व अपने परिवार के आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु समाजविरोधी क्रिया कलाप करते हुए विगत कई वर्षो से गिरोह बनाकर लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर अपने स्वार्थ के लिए अपराध कारित करते रहे हैं।

इस गिरोह का समाज में इतना आतंक एवं भय व्याप्त है कि जनता का कोई व्यक्ति इनके खिलाफ सूचना या गवाही देने के लिए तैयार नहीं होता है। यह गैंग आपराधिक षड्यंत्र व गिरोह प्रवृत्ति के अपराध कारित करके अवैध कृत्यों एवं अपराधों से अर्जित किये गये अवैध धन चल अचल सम्पत्ति अपने साथी व परिवारीजन के नाम एकत्रित की है। जबकि अभियुक्त व उसके परिवारीजन की आय का कोई वैध स्रोत नहीं है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में अधेड़ का शव सीवर लाइन में पड़ा पाया गया। परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव रोहिला में कस्बे के रविदास नगर निवासी भीकम सिंह(55) पुत्र वंशी काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 11 में रहते थे। 26 जुलाई की सुबह 6:00 बजे भीकम सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में ब्लॉक के पीछे बने सीवर के गटर में मृत अवस्था में पड़े मिले।

भाई हाकिम सिंह की सूचना पर उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने शव का पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार


खोया हुआ मोबाइल देते एसपी आलोक प्रियदर्शी। अमृत विचार

## सर्विलांस टीम ने बरामद किए 25 लाख के 101 मोबाइल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। सर्विलांस टीम ने खोए हुए 101 मोबाइल बरामद किए हैं। एसपी ने यह मोबाइल उनके मालिकों को सौंप दिए हैं। एसपी अशोक प्रियदर्शी ने इस मामले की जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि आज के जमाने में मोबाइल फोन लोगो के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सर्विलांस टीम ने कड़े परिश्रम के बाद 101 मोबाइल फोन को बरामद किया है। इन मोबाइल फोन को उनके उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। टीम ने सराहनीय कार्य किया 25 लाख रुपये के फोन बरामद किए है। खोए हुए मोबाइल फोन पा कर लोग खुश हुए।

## गंदगी देखकर भड़के जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद**। जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह के अचानक तहसील में पहुंचने पर अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह के तहसील में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को पसीना छूट गया। तहसील परिसर में गंदगी देख जिलाधिकारी वीके सिंह का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जिलाधिकारी ने कहा इस तरह से ही आप लोग अपने घर में भी साफ सफाई रखते हैं। गंदगी देख जिलाधिकारी ने कहा कि अगर साफ सफाई का नहीं रख पा रहे ध्यान, तो सभी के विरुद्ध कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने सभी पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के तेवर देख अधिकारी और कर्मचारी के हाथ पांव कांप उठे।

## भाकियू ने फूंका ईओ का पुतला

संवाददाता,कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। भाकियू ने नपा की समस्याओं को लेकर ईओ का फूंका पुतला फूंका। उन्होंने समाधान की मांग की।भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियों की पंचायत जवाहरगंज सब्जी में किसान नेता मुन्नालाल सक्सेना के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। जहां किसान नेताओं ने कहा नगर पालिका जनहित की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नगर में कटखने बंदरों की वजह से कई जान जा चुकी है। कई घायल हो चुके है। सुबह के समय रोड पर बंदरों का झुंड दिखाई देता है। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चे हिम्मत नहीं कर पाते। बंदरों को पकड़वाया जाए। नपा के एक कर्मचारी द्वारा सुविधा शुल्क के मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाते है। जलनिगम की ओर से नगर पालिका क्षेत्र में पानी के लिए डाली गई लाइन में पांच साल बीत चुके है लेकिन गंदा पानी आ रहा है। टंकियों की सफाई नहीं की जा रही है। टंकी पर मधुमक्खियों ने बसेरा बना लिया है। मोहल्ला जवाहरगंज स्थित शॉपिंग व बारात घर की सफाई नहीं हुई है। किसान नेताओं ने कहा कि नपा द्वारा गलियों के निर्माण में गोलमाल है। जांच कराई जाए। नपा की स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। उन्होंने डीजल चोरी पर भी सवाल उठाए। कुकीखेल, पाठक में वर्षों से लाइट खराब है। कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पंचायत के बाद किसान नेता मुख्य चौराहा पर पहुंचे और उन्होंने अधिशाषी अधिकारी का पुतला फूंककर नारेबाजी की। इस दौरान किसान नेता रागिब हुसैन, प्रताप सिंह गंगवार, विनीत कुमार, अनुज कुमार, रक्षपाल गौतम, विन्दु सिंह गंगवार, नरेंद्र आदि रहे।


समस्याओं को लेकर ईओ का पुतला फूंकते भाकियू नेता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कावड़ियों व महिला दुकानदार में हुई मारपीट

**फर्रुखाबाद**। कादरीगेट थाना क्षेत्र में पांचाल घाट गंगा तट कावड़ियों और दुकानदारों में हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक घायल होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की है। पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के शाहाबाद से पांचालघाट गंगा तट जल भरने आये कांवड़ियों ने जमकर हंगामा कर मारपीट की। कांवड़िया रवि का कहना है कि वह और उसके साथी कांवड़ के लिए कलावा और झंडा खरीदने के लिए गए थे। दुकान मालिक गन्दे कपडे का झंडा दे रहा था। जब उसने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करने लगा। दुकानदार और उसके साथियों ने मारपीट शुरू कर दी, जिसमें पांच साथी मारपीट में घायल हो गए। दुकानदार रक्षाबंधन का कहना है कि उसकी मां दुकान पर बैठी हुई थी तभी कावड़िया आये और उनके साथ गालीगलौज करने लगे। उसकी मां ने विरोध किया तो मारपीट करने लगे। वह जब मां को बचाने गया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना कार्रवाई किये मामले को रफा दफा कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया झंडा खरीदने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गई थी।

### युवक ने पीया कीटनाशक,भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद**। ससुराल रह रहे युवक ने कीटनाशक पदार्थ पी लिया। ससुरालीजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज जारी है। जनपद कासगंज के थाना सिढ़पुरा के गांव मड़ियन नगला निवासी सागर ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में ससुरालीजन सीएचसी लेकर आए। जहां उसकी पत्नी आरती ने बताया 6 माह पहले दोनों की शादी हुई थी। उसका पति सागर दिल्ली में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। पिछले डेढ़ माह से काम न मिलने की वजह से वह अपनी ससुराल क्षेत्र के गांव लुधईया में रहा था। प्राथमिक इलाज के बाद सागर को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## संविदा कर्मियों ने बांधी काली पट्टी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एनआरएचएम (नेशनल रुरल हेल्थ मिशन) के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांध कर सरकार के प्रति नाराजगी का इजहार किया।

लोहिया महिला व पुरुष अस्पताल समेत जनपद में संविदा पर कार्यरत करीब 900 कर्मचारी आज से अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वह 26 व 27 जुलाई 2 दिन तक काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 2 दिन में मांगे न मानी जाने पर 28 जुलाई से 1 घंटे का कार्यबहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एनआरएचएम कर्मचारी वेतन विसंगति व संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जाने समेत 10 सूत्रीय मांगे शामिल हैं। हड़ताली कर्मचारियों में एनआरएचएम में संविदा पर तैनात डॉक्टर से लेकर कर्मचारी शामिल है। एनआरएचएम संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेई ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर वेतन विसंगति संविदा कर्मचारियों का नियमित किए जाने समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर दो दिवसीय कार्य काली पट्टी बांधकर किया जा रहा है। 2 दिन बाद 1 घंटे का कार्यबहिष्कार किया जाएगा।


काली पट्टी बांध कर कार्य करते संविदा कर्मी।

## विदेश से जेवर भेजने के नाम पर की ठगी

**कंपिल फर्रुखाबाद**। कहरन टोला निवासी वन्दना के फोन पर गुरुवार सुबह काल आई जिसमें ठग ने युवती को विदेश से लाखों रुपए के जेवर भेजन की बात कही। कुछ समय बाद उसने व्हाट्सएप पर कई तरह के जेवर के फोटो भेज दिए। युवती ने ठग के खाते में बीस हजार रुपए डाल दिए। उसने युवती से चार बार मे 62 हजार रुपए खाते में डलवा लिए। युवती ने ठग को फोन कर जेवर के बारे में जानकारी की तो वह गाली देने लगा।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर चल रहे शिव पुराण में उमड़ी भीड़

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**।श्री नर्वदेश्वर महाराज मंदिर प्रांगण आवास विकास में पवित्र श्रावण माह में पुनीत शिव पुराण कथा का भव्यतम आयोजन 21 जुलाई से 28 जुलाई के मध्य किया जा रहा है।आचार्य कृष्ण मुरारी जी के मुखारविंद से शिव पुराण कथा को सुनने भक्त सैकड़ो की संख्या में नित्य उपस्थित हो रहे है एवं दूर दराज से हजारों भक्त नित्य पूजा और दर्शन करने आते हैं।श्री नर्मदेश्वर महाराज मंदिर प्रांगण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रत्येक शनिवार को महा आरती, आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर धूमधाम से भव्य आयोजन कृष्ण जन्माष्टमी दिवस छठी प्रसाद भंडारा इत्यादि निरंतर कार्यक्रमों को श्रृंखला संयोजित की जा रही है।

श्री नर्मदेश्वर महाराज मंदिर समिति सदस्य एवं भक्तगण पूरी श्रद्धा व लगन के साथ भव्यतम कार्यक्रम आयोजित करते हैं। श्री कृष्ण मुरारी महाराज व मंदिर कमेटी के संरक्षक अनिल भदौरिया,पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार,विजय कटियार,मृदुल कटियार, आदि ने अमृत विचार के ब्यूरो चीफ चन्द्रपाल सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।


कथा सुना रहे पंडित कृष्ण मुरारी। अमृत विचार

वीरों की गाथा

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर में मनाया गया कारगिल विजय दिवस, देश ने खोये थे अपने 527 जांबाज सैनिक

# कारगिल विजय दिवस पर वीरों के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज श्याम नगर में प्रातःवंदना में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों ने वीर शहीदों के चित्रों पर पुष्पार्चन कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेना से अवकाश प्राप्त सैनिक अनिल कुमार तिवारी, शिवम मिश्र ने कारगिल विजय दिवस के बारे में सभी छात्र/छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि हर साल 26 जुलाई को भारत में करगिल विजय दिवस मनाया जाता है। करगिल युद्ध में शहीद भारतीय सैनिकों के बलिदान और शौर्य को याद किया जाता है। इस युद्ध में भारतीय सेना के जवानों ने अदम्य साहस दिखाया और दुश्मनों को धूल चाट दी थी। कार्यक्रम में विद्यालय के भैय्या बहिनों ने एक नाटक और अपने अपने भाषण एवं गीत प्रस्तुत कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने भैया/बहिनों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर के करगिल में पाकिस्तानी सेना को हराया था। लेकिन इस युद्ध में भारत ने अपने 527 जवानों को खो दिया था। जबकि 1363 जवान घायल हुए थे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु/ भगिनी उपस्थित रहे।


कारगिल शहीदों को याद करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में कारगिल विजय दिवस पर मौजूद एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

## कारगिल विजय दिवस पर पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

- शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में कारगिल विजय दिवस का किया गया आयोजन

**अमृत विचार**। शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एनसीसी 4 यूपी गर्ल्स बटालियन के हवलदार मनोज कुमार मिश्रा व हवलदार नायक भूपेन्द्र सिंह रहे। इस दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने पोस्टर बनाओ, निबन्ध लिखो व वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने कारगिल विजय दिवस के बारें में बच्चों को विस्तार से बताया और कहा कैसे हमारे वीर सैनिकों ने सन् 1999 में पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेरते हुए सभी कारगिल चौकी पर तिरंगा फहराया था। उन्होंने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने जहां एक ओर दोस्ती का पैगाम लेकर पाकिस्तान गये थे वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान अपनी चाल चल रहा था और कारगिल चौकियों पर अपने सैनिक और आतंकवादियों से कब्जा करवा रहा था। जब इसकी सूचना हमारी भारतीय सेना को लगी तो उन्होने तुरन्त कार्यवाही करते हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों और सैनिकों को खदेड़ दिया। एनसीसी हवलदार मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि सैनिक हमेशा अपनी जान हथेली पर रखकर घूमते हैं।

## आईएमए : डॉ. विपुल अध्यक्ष व डॉ. एसपी सिंह बने उपाध्यक्ष

संवाददाता फर्रुखाबाद

- वर्ष 2024 -25 की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**अमृत विचार**। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन( आईएमए) की वार्षिक मीटिंग में वर्ष 2024 25 की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ।

डॉ रजनी सरीन ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिन पदाधिकारियों ने संगठन को आगे बढ़ाया उनको शुभकामनाएं दी। पूर्व सचिव सतीश कुमार ने संस्था के कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। डॉक्टर रजनी सरीन, डॉक्टर मेघा, डॉक्टर शिखा, डॉक्टर सुधा सिंह, डॉक्टर अलका जैन, डॉ सुबोध वर्मा ,डॉक्टर सतीश ,डॉक्टर नरेश बचानी, डॉक्टर प्रशांत श्रीवास्तव डॉक्टर शरद गंगवार, डॉक्टर ध्रुव ,डॉक्टर अक्षय गोपाल, डॉक्टर रजत कटियार, डॉक्टर राधिका सिंह, डॉक्टर रंजीत सिंह आदि को अलंकृत कर के सम्मानित किया गया।

नई कार्यकारिणी 2024 25 के पदाधिकारी अध्यक्ष डॉ विपुल अग्रवाल उपाध्यक्ष डॉ एसपी सिंह डॉक्टर ओ पी महेश्वरी ,डॉ सतीश कुमार सचिव, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव संयुक्त सचिव डॉक्टर विशाल अग्रवाल, नमिता दास ,डॉक्टर विशाल अग्रवाल उप सचिव डॉक्टर यू आर सिंहल, डॉक्टर रंजीत गोयल ,डॉक्टर सुरवीर रस्तोगी कोषाध्यक्ष डॉक्टर अनुराग अग्रवाल उप कोषाध्यक्ष ,डॉक्टर पुनीत रस्तोगी सांकेतिक सचिव डॉक्टर सिम्पी अग्रवाल , डॉक्टर पूनम शर्मा ,डॉक्टर पारुल गंगवार ,डॉक्टर जिज्ञासा सिंह, केंद्रीय प्रतिनिधि डॉक्टर एम बी सक्सेना राज प्रतिनिधि डॉक्टर मनोज मेहरोत्रा ,डॉक्टर प्रत्युष अग्रवाल डॉक्टर एके शर्मा कार्यकारिणी सदस्यडॉक्टर प्रमोद रस्तोगी डॉक्टर के एम द्विवेदी आदि रहे।

# कमाई का जरिया बना पौधरोपण, 21 लाख की लगी चपत

## तीन अधिकारियों की कमेटी की जांच में हुआ खुलासा, समाज कल्याण मंत्री के निर्देश पर हुआ था स्थलीय सत्यापन व अभिलेखों की पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिस पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए सरकार हर साल पौधरोपण अभियान चलाकर रिकार्ड बनाती है वह अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कमाई का जरिया बन गया है। बिल-वाउचर में भी खेल होता है। वन विभाग की ओर से लगाए गए नौ वन ब्लॉकों में पौधरोपण से करीब 21 लाख रुपये की फिजूलखर्ची पकड़ी गई है। यह खुलासा तीन अधिकारियों की टीम द्वारा जांच के बाद हुआ है।

हर वर्ष पौधरोपण के नाम पर भारीभरकम बजट खर्च होता है। सिंचाई, गड्ढा खुदाई, ट्रैक्टर से मिट्टी लेवल व जुताई, पाइप, पौधों आदि पर व्यय किया जाता है। तिर्वा तहसील क्षेत्र में धन की खूब बर्बादी हुई है या यूं कहें की फर्जी बिल-वाउचर लगाकर रुपया निकाला गया है। मामला जब सुर्खियों में आया तो 21 फरवरी को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने पत्र लिखकर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल को जांच कराने को कहा था। उसके बाद ही सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी।

कमेटी में अधिशाषी अभियंता सिंचाई सूर्यमणि सिंह, डीसी मनरेगा दयाराम यादव (अब पीडी डीआरडीए प्रतापगढ़) व पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह शामिल रहे। टीम ने स्थलीय निरीक्षण के साथ ही अभिलेखों का भी सत्यापन किया। बताया गया है कि नौ परियोजनाओं पर 89 लाख 33 हजार 184 रुपये खर्च किया गया है। इसके सापेक्ष मौके पर 68 लाख 65 हजार 519 रुपये ही खर्च होने की पुष्टि हुई है। 20 लाख 67 हजार 665 रुपये की फिजूलखर्ची यानि अपव्यय पकड़ा गया है। दूसरी ओर गड़बड़ी के चलते वर्तमान डीएफओ हेमंत सेठ ने कुछ कर्मियों पर कार्रवाई की थी। वन रक्षक को भी निलंबित किया गया था।



वन विभाग कन्नौज का कार्यालय। अमृत विचार

**तत्कालीन डीएफओ हैं चर्चा में :** तत्कालीन डीएफओ आरके सिंह फिर चर्चा में हैं। उनके ही कार्यकाल में यह गड़बड़ी होना बताया जा रहा है। कन्नौज में तैनाती के दौरान वह लोगों के साथ अच्छी तरह से पेश नहीं आते थे। कुछ कर्मचारी भी परेशान थे।

**वन विभाग ने इस तरह लगाया चूना**

| वन ब्लॉक | कुल खर्च | वास्तविक खर्च | फिजूलखर्ची |
|---|---|---|---|
| हरेईपुर वन ब्लॉक-एक | 1015088 | 922717 | 92371 |
| हरेईपुर वन ब्लॉक-दो | 1015088 | 924665 | 90423 |
| हरेईपुर वन ब्लॉक-तीन | 1015098 | 740662 | 274436 |
| हरेईपुर वन ब्लॉक-चार | 967296 | 620462 | 346834 |
| खैरनगर वन ब्लॉक-एक | 967806 | 765457 | 202349 |
| गुरौली वन ब्लॉक-एक | 967296 | 787789 | 179507 |
| सुर्सी वन ब्लॉक-एक | 1009108 | 753071 | 256037 |
| सुर्सी वन ब्लॉक-दो | 974896 | 719155 | 255741 |
| सुर्सी वन ब्लॉक-तीन | 1001508 | 631542 | 369966 |

### इस तरह हुई धन की बर्बादी

ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के हरेईपुर वन ब्लॉक-2 में 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 1600 मीटर सुरक्षा खाई बनाकर करीब 25 हजार गड्ढे ट्रैक्टर से परंपरागत अग्रिम मिट्टी कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराए गए थे। यहां सिंचाई के लिए बोरिंग नहीं कराई गई। 250 मीटर प्लास्टिक पाइप भी नहीं खरीदा गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस ब्लॉक में करीब 24 हजार गड्ढों में बालू जिप्सम व गोबर खाद मिलाकर करीब 24 हजार विलायती बबूल के पौधों का रोपण किया गया। यहां 90,423 रुपये का अपव्यय पकड़ा गया। हरेईपुर वन ब्लॉक-3 में दो लाख 74 हजार 436 रुपये का अपव्यय हुआ। करीब 22 हजार गड्ढों में बालू जिप्सम व गोबर खाद मिलाकर विलायती बबूल पौधे लगाए गए।

# लड़ाई अपने मनोबल से जीती जाती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** संसाधन होना तो ठीक है, किन्तु लड़ाई अपने मनोबल से जीती जाती है। गौरवशाली पंरपरा बनाये रखने के लिये स्मृति को संजोकर रखना होगा। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित एक गोष्ठी के सम्बोधन के दौरान कही।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वीर नारियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर प्रभागीय वानिकी अधिकारी हेमंत सेठ, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रोहित भटारा, विंग कमांडर नरेन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण चैहान,शिव कुमार सिंह चंदेल समेत संबंधित अधिकारी एवं वीर नारियां व सेवानिवृत्ति सैनिक मौजूद रहे।


शहीद की वीरांगना को सम्मानित करते डीएम व अन्य। अमृत विचार

**महाविद्यालय में मनाया कारगिल विजय दिवस**

**कन्नौज।** चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर एनसीसी कौडेट्स ने एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपण का संदेश दिया। प्राचार्य एएनओ डॉ. राम नाथ मिश्रा के अलावा एनसीसी कैडेट्स काजल, सीमा, सलोनी, रितिका, दीप माला, नीतू, संतोषी, दीक्षा, पारुल, प्रांसी, अनामिका, अजय कुमार, देवेश दुबे मौजूद रहे।

## विजिलेंस टीम की छापेमारी से नगर में मचा हड़कंप

**छिबरामऊ।** शुक्रवार की सुबह विजिलेंस टीम के साथ विद्युत विभाग कर्मचारियों ने नगर में छापेमारी की। टीम ने 13 लोगों बिजली चोरी करते पकड़ा। बिजली चोरी करने वाले उपभक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं 32 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए।शुक्रवार की सुबह विजिलेंस टीम के प्रभारी तरुण प्रताप सिंह व जेई अजय अवस्थी ने अपनी अपनी टीमों के साथ नगर के मनिहारी गली, लकड़ी मंडी, मेन रोड व मोहल्ला चौधरियान सहित कई इलाकों में विद्युत चेकिंग अभियान चलाकर छापेमारी शुरू कर दी, जिससे नगर में हड़कंप मच गया। जेई अजय अवस्थी ने बताया कि 13 लोगों को विद्युत चोरी करते पाया गया।

# अतर व एसेंशियल ऑयल पर वर्कशॉप 17 अगस्त से

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एफएफडीसी की साझीदारी में किया जाएगा आयोजन

**अमृत विचार।** कन्नौज के अतर व एसेंशियल ऑयल पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन कचहरी रोड पर स्थित होटल में किया जाएगा। 17 व 18 अगस्त को होने वाली इस वकर्शॉप में फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर तकनीकी साझेदार के रूप में हिस्सा लेगा।

एफएफडीसी के प्रधान निदेशक शक्ति विनय शुक्ल ने बताया कि वर्कशॉप में अतर्स एंड परफ्यूमर्स एसोसिएशन तथा डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्री प्रमोशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर कन्नौज का सहयोग रहेगा। वर्कशॉप का उद्देश्य कन्नौज के इत्र उद्योग को बढ़ावा देना है। पहले दिन 17 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर बाद एक बजे तक रजिस्ट्रेशन, इसके बाद एक घंटे का लंच, तीन बजे से एफएफडीसी भ्रमण, तीन से पांच बजे तक अतर और एसेंशियल ऑयल निर्माण यूनिट का भ्रमण , पांच बजे से सात बजे तक होटल में आराम, सात से शाम साढ़े आठ बजे तक एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक और अंत में रात का भोजन होगा। अगले दिन 18 अगस्त को फूलों के खेत का भ्रमण, 10 बजे से साढ़े 10 बजे तक रजिस्ट्रेशन, सवा 11 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन, पौने 12 बजे से पौने तीन बजे तक तकनीकी सत्र होगा।

## सार-संक्षेप


जिला कारागार का निरीक्षण करतीं सचिव लवली जायसवाल। अमृत विचार

### पैन इंडिया कैंपेन के तहत कारागार में हुआ प्रशिक्षण

**जलालाबाद, कन्नौज।** अपर जिला जज लवली जयसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कारागार में पैन इण्डिया कैम्पेन के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान 02 बंदियों द्वारा अपने मामले की पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता दिलाये जाने की याचना की गई। जिसके संबन्ध में तत्काल कार्यवाही करते हुए लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को उक्त बंदियों के मामले की पैरवी संबंधित न्यायालय में करने हेतु निर्देशित किया गया।

### वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** चौकी सिकंदरपुर क्षेत्र के ग्राम जगतपुर निवासी आनंद कुमार द्विवेदी उर्फ चुन्नू (60) पुत्र श्रीकृष्ण द्विवेदी खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि गुरूवार की देर शाम वह कन्नौज किसी काम से गए थे। रात करीब 10 :30 बजे वह घर लौट रहे थे। रास्ते में नेशनल हाइवे पर सराय प्रयाग के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन जीवन की आस में आनंद कुमार को सौ शैय्या अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर पीएम की कार्रवाई के लिए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। आनंद कुमार की मौत के पत्नी वीना द्विवेदी, बेटी प्रियंवदा तथा बेटे अगम द्विवेदी का रो-रोकर बुरा हाल है।


आनंद कुमार।

### सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बहवलपुर स्थित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिला सचिव उदयवीर सिंह के नेतृत्व में तहसील पहुंचे पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें मामले की जांच कर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। इस इस दौरान जयचंद यादव, जिला महामंत्री शैलेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा, विपिन कुमार, शिवेंद्र कुमार व अंजू पटेल आदि मौजूद रहे।

# भूलेख विभाग में भीड़ एक और काउंटर खुलेगा

कार्यालय संवाददाता,तिर्वा, कन्नौज

- डीएम ने तहसील का निरीक्षण कर दिए शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

**अमृत विचार।** तहसील का औचक निरीक्षण के लिए निकले डीएम ने न्यायालय समेत भूलेख विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान आम जनता की शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

शुक्रवार को अचानक तहसील पहुंचे डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार न्यायालय का औचक निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार प्रतिदिन न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों को सुनकर लंबे समय से चल रहे मुकदमों का समय पर निस्तारण किया जाए। परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। भूलेख कक्ष पर जाकर निरीक्षण किया। यहां खतौनी लेने के लिए लगी लंबी लाइन को देखकर निर्देश दिए कि एक काउंटर और खुलवाया जाए । साथ ही गर्मी को देखते हुए एसी लगवाने के निर्देश दिए। कहा कि हमेशा शिकायत मिलती कि शिकायत का समय पर निस्तारण नहीं होता। इसके लिए सभी विभागों का निरीक्षण किया जा रहा और निर्देश दिए जा रहे कि शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हो। इस मौके एसडीएम अशोक कुमार, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष मौजूद रहे।

## नौकरी का झांसा देकर ठगे 1.80 लाख रुपये

**तिर्वा, कन्नौज।** नौकरी का झांसा देकर युवक ने दो युवकों से एक लाख अस्सी हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पांच महीना बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। झारखंड के हज़ारीबाद जनपद के कटकमदाग थाना क्षेत्र के बन्हा नरसिंह गांव निवासी एहसान खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसे व उसके मित्र ख़ुशी नगर जनपद के अतरौली गांव निवासी रामप्रताप सिंह को फोन पर बात करके तिर्वागंज कस्बा के अज्ञात मोहल्ला निवासी कौशलेन्द्र कुमार व उसके अन्य साथी ने नौकरी दिलाने की बात कही। पांच महीना पहले के इस मामले में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने बैंक अकॉउंट में एक लाख अस्सी हजार रुपये डलवा लिए। पैसा पड़ने के बाद एक सप्ताह के बाद आरोपी का मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। लगातार मोबाइल स्विच ऑफ आने पर ठगी का शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## संदिग्ध अवस्था में युवक ने जान दी

**तिर्वा।** थाना ठठिया के हीरापुर्वा गांव निवासी संतराम (55) पुत्र बाबूराम गुरुवार की रात को अपने घर पर बने कमरे में सोने चला गया। जब सुबह परिजन जागे तो वह अंगौछे से बने फंदे पर बरामदे के कुंडे में लटका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर परिजन कोई जानकारी नहीं दे सके और न ही किसी पर कोई आरोप लगाया है।

# कोटेदार के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा, की शिकायत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- राशन वितरण में घटतौली व मनमानी का लगाया आरोप
- शिकायत की जांच कर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** ग्राम सभा खानपुर चौबे के राशन कोटेदार के द्वारा धड़ल्ले से राशन वितरण में की जा रही घटतौली व मनमानी का आरोप लगाते हुए लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और शुक्रवार को उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी से शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी के पास पहुंचे विकासखंड क्षेत्र की ग्राम सभा खानपुर चौबे के लोगों ने ग्राम सभा में स्थित सरकारी राशन की दुकान के संचालक पर राशन वितरण में खुले आम धड़ल्ले से धांधली व मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा है कि राशन वितरण में घटतौली के अलावा समय का कोई चयन नहीं है। उक्त कोटेदार द्वारा शाम 7 बजे से लेकर रात्रि 11 बजे तक राशन वितरण किया जा रहा है, जिससे गांव की बहू बेटियों को राशन लेने जाने में काफी परेशानी होती है।

प्रार्थीगण ने इकट्ठे होकर जब उक्त कोटेदार से कहा तो वह कहने लगा कि मैं अपने हिसाब से ही राशन वितरण करूँगा, जिसे लेना हो वह आए नहीं तो अपने घर बैठे, ऐसी स्थिति में हम समस्त प्रार्थीगण काफी परेशान है। ग्रामीणों ने कोटेदार की जाँच कराकर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने कोटेदार पर लगाए गए आरोपो को सुनते हुए जांच कराने व आरोपी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान धर्मवीर, सुरेश, मिथलेश, महेश, सुनील कुमार, तेजपाल, राजेश कुमार व अश्वनी सहित समस्त कार्ड धारक रहे।


कोटेदार के खिलाफ एसडीएम से शिकायत करते राशन कार्ड धारक। अमृत विचार

**सख्ती** — विकास भवन का सीडीओ ने किया निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण

# डीपीआरओ, एआर कोऑपरेटिव व एई समेत कई गायब मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बाबू, पत्रवाहक, माली, डीपीसी व डीसी भी गैरहाजिर पाए गए

**अमृत विचार।** सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने विकास भवन के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। शुक्रवार सुबह 10:15 के बाद भी एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, एई लघु सिंचाई डॉ. शिखा सचान समेत कई अधिकारी व कर्मचारी गैरहाजिर मिले। सीडीओ ने नदारद लोगों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है। साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा है।

समाज कल्याण विभाग के सहायक प्रबंधक विनीत सिंह कार्यालय में नहीं थे। साथ ही एक व दो जुलाई के हस्ताक्षर भी नहीं मिले। पशुपालन विभाग के कनिष्ठ सहायक राजकुमार, 19 जुलाई से लगातार अनुपस्थित हैं। कनिष्ठ लिपिक रेनू यादव, उद्यान विभाग के माली रमेश चंद्र यादव 25 व 26 जुलाई को अनुपस्थित मिले। कार्यालय में गंदगी मिली। सीडीओ ने कहा कि जब तक कार्यालय की सही ढंग से सफाई न मिले तब तक कर्मचारियों का वेतन न निकाला जाए। पंचायती राज कार्यालय में डीसी अनूप बाजपेई, डीपीसी अमितेश पाठक अनुपस्थित मिले। कार्यालय में कुर्सी टूटी व गंदगी मिली। सफाई होने तक संविदा समेत सभी कर्मचारियों का वेतन व मानदेय रोकने को कहा गया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के प्रधान सहायक विजय वर्मा 25 व 26 जुलाई को नहीं आए। वरिष्ठ सहायक नवीन पांडेय भी नहीं मिले। मत्स्य विभाग के कनिष्ठ सहायक वेदप्रकाश राय गैरहाजिर मिले। फिसरमैन भगवती लाल 25 व 26 तारीख दो दिन से गायब हैं। प्रोबेशन विभाग के कनिष्ठ सहायक आर्यन सिंह अनुपस्थित मिले। अपर संख्याधिकारी मोहन लाल 24 जुलाई से बराबर गैरहाजिर चल रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा के हसेरन ब्लॉक जाने की जानकारी दी गई। कृषि रक्षा विभाग की कनिष्ठ सहायक ईशा, कनिष्ठ सहायक प्रीत कटियार, शिवराज सिंह, पत्रवाहक ऐनुल आवदीन अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने बताया कि सहायक अभियंता लघ्यु सिचाई जनपद मुख्यालय पर नहीं रहती हैं। इस वजह से निरीक्षण में वह अनुपस्थित मिलतीं हैं। उनके न रहने से लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती है। संज्ञान में यह भी आया है कि सप्ताह में एक या दो दिन ही वह कार्यालय में रहती हैं। आने वाले दिन दोपहर दो-तीन बजे जनपद मुख्यालय भी छोड़ देती हैं। कई अधिकारियों के कक्ष एवं कार्यालय कक्ष में सफाई का अभाव मिला। कार्यालय में अलमारी, मेज, कुर्सी का रखरखाव ठीक नहीं मिला। कई कार्यालयों मे अलमारी, कुर्सी टूटी मिली। दूसरी ओर जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह डीसी एनआरएलएम राजकुमार के साथ उनके ही कार्यालय में बैठक करने की वजह से अपने ऑफिस में सीडीओ को नहीं मिले।


सीडीओ रामकृपाल चौधरी को डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश भी सीट पर नहीं मिले।

## पहलपुर्वा नेपालपुर के शिक्षक पर गिर सकती है गाज

**कन्नौज।** ब्लॉक तालग्राम के पहलपुर्वा नेपालपुर स्कूल में तैनात शिक्षक की बातचीत का वायरल ऑडियो के मामले में उसी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। कहा जा रहा कि अधिकारी मामले में बच जाएंगे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक ने कंपोजिट ग्रांट पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। कहा था कि निरीक्षण के नाम पर अधिकारी रुपये ले जाते हैं। इसकी जांच बीएसए संदीप कुमार ने सौरिख बीईओ सर्वेश यादव को दी है। 24 जुलाई को वह तालग्राम बीईओ रमेश चंद्र चौधरी के साथ नेपालपुर विद्यालय पहुंचे थे। वर्ष 2020 से 24 तक ग्रांट के खर्च करने पर अभिलेख मांगे थे। अधिकारियों ने बयान दिया था कि अभिलेख पूरे नहीं मिले हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
# क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मै माता प्रसाद यादव पुत्र श्री खुशीरामम यादव निवासी 587ए/ 156, गाँधी नगर,तेलीबाग लखनऊ शपथ पूर्वक यह सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार योजित सिंह यादव जन्म तिथि 29 नवम्बर 2009 है। कतिपय जगह पर मेरे पुत्र का नाम योजित यादव अंकित है। मेरे पुत्र को भविष्य में योजित सिंह यादव के नाम से ही जाना पहचाना जाए। माता प्रसाद यादव

**Notice**

I Nancy Abrol D/o Mr. Pradeep Abrol unfortunately I lost my pass certificate of I. C. S. E. Board class 10th. Whose particulars are as index No. 1196248/019year of passing March - 2019and my paas certificate of I. C. S. E Board class 12th. Whose particulars are as index No. 2213900/038year of passing March -2021 School's Lakhimpur kheri Name Saint Ann college Palia Kalan district - Lakhimpur kheri. R/o village & post & police station Bhira kheri, palia District Lakhimpur kheri (U.P)

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 23139048 वर्ष 2020 और इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 23630966 वर्ष 2022, आधार कार्ड नंबर 698461152862, पेन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र के मूल प्रमाण पत्र 16 जुलाई 2024 को सैफई तहसील आते समय कहीं गिर गये हैं। कोई दुरुपयोग न हो इसके लिए सूचना दी जा रही है। **पारस यादव पुत्र सुशील कुमार निवासी नगला नेता पोस्ट हरदोई जिला इटावा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने अपने पुत्र अभिषेक कश्यप व बहू मंजू कश्यप को उनके समाज विरोधी गतिविधियों, गलत व्यवहार व क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किसी भी प्रकार के लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **हरि किशन कश्यप पुत्र टेढ़े नि0 ग्राम गुरुडवा देवरिया जिला सीतापुर, वर्तमान पता B-146, आजाद नगर बालागंज कैंपवेल रोड, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विनोद कुमार पुत्र भगौती प्रसाद अपनी मर्जी से अपने पुत्र अनिकेत एवं बहू मान्सी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। इनके द्वारा किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **विनोद कुमार पुत्र श्री भगौती प्रसाद नि0 ग्राम रेवाली बाजार, भगवंतपुर थाना रामपुर कलां तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र हरशीद राठौर को उसके चाल-चलन व आचरण व मेरे परिवार से हमेशा दुर्व्यवहार अथवा मारपीट करने के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से मेरा व मेरे परिवार से उसका कोई रिश्ता नाता नहीं रहा। उसके द्वारा कोई भी अपकृत्य या अपराध के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कामता प्रसाद राठौर पुत्र बिहारी राठौर निवासी काकोरी रेलवे स्टेशन दुर्गागंज, अमेठिया, सलेमपुर, काकोरी, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल सन 2012 व इंटरमीडिएट सन 2014का अनुक्रमांक /प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका हाई स्कूल अनुक्रमांक 2428700 व इंटरमीडिएट का अनुक्रमांक 1773 115 है । सौरभ कुमार कुशमेश पुत्र स्व चंद्रिका प्रसाद निवासी ग्राम रानी कटरा कोतवाली टिकैत नगर तहसील सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी

**सूचना**

मैंने, अपनी पुत्री वंशिका सिंह का नाम बदलकर तेजस्वी सोनी रख दिया है। भविष्य में इसे तेजस्वी सोनी के नाम से जाना पहचाना जाये एवं सभी अभिलेखों में सही नाम दर्ज किया जाये- प्रियंका वर्मा पुत्री बृज किशोर वर्मा नि.- म. न. 537/घ 150, श्रीनगर कॉलोनी, सीतापुर रोड, मोहिबूल्लापुर लखनऊ

**सूचना**

मेरी दुकान सं – S96 और S97 ई ब्लॉक मार्केट राजाजीपुरम लखनऊ के आवंटन पत्र और कब्ज़ा पत्र की मूल प्रति खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध है – संतोष कुमार पुत्र कनहिया लाल गुप्ता निवासी – D-1/142, विराजखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र सुरेश जुयाल को उसके गलत आचरण व कार्य व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **गायत्री देवी जुयाल पत्नी स्व0 महीधर प्रसाद जुयाल निवासिनी डी-193, फेस-2, टिकैतराय तालाब, एल.डी.ए. कालोनी, थाना- बाजार खाला, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम राज कुमार बंसल अंकित है। परन्तु मैंने अपना नाम बदलकर हरी जी बंसल HARI G BANSAL रख लिया है। तथा मैं अब हरी जी बंसल HARI G BANSAL के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। **हरी जी बंसल HARI G BANSAL पुत्र गौरी शंकर अग्रवाल निवासी 6/1050, जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर-6, निकट भवानी चौराहा, थाना जानकीपुरम, लखनऊ।**

**सूचना**

Pramod Sukla, son of Jagdish Chandra, resident of village Chaudhariyapur police station Sandi tehsil Bilgram district Hardoi, Army No. 14445011H RANK Hav pramod sukla That my wife's correct name is Sneh Shukla and date of birth is 15.06.1983, whereas in the service record, Sneh Lata and date of birth is 28.02.1984 and father's correct name is Jagdish Chandra and date of birth is 05.06.1951, whereas in the service record, Jagdish Sukla and date of birth is 01.07.1952 and mother. Her real name is Rajeshvri and date of birth is 01.01.1950 whereas in the service records, Geeta Sukla and date of birth is 01.07.1957 and instead of sons' names Ashish Shukla S/O Pramod Shukla and Manish Shukla s/o Pramod Shukla has been written in to Army Record as Ashish Sukla s/o Pramod Sukla, Manish Sukla s/o Pramod Sukla .



पुलिस की गिरफ्त में दलाल समझ कर पकड़े गये लोग। अमृत विचार



छापेमारी के बाद एआरटीओ कार्यालय के बाहर बंद दलालों की दुकानों के शटर।

# एआरटीओ दफ्तर पर छापा, 14 दलाल पकड़े

## दलाली प्रथा समाप्त करने को डीएम के निर्देश पर हुई छापेमारी, पुलिस देख अन्य दलाल फरार, काम को आये कुछ लोग भी फंसे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एआरटीओ कार्यालय में हो रही दलाली को समाप्त करने के लिये पुलिस व प्रशासन ने संयुक्त रूप से छापा मारा। इस दौरान 14 लोगों को दबोच लिया। दलाली करने वाले पुलिस को देख भाग निकले जबकि काम को आये लोग भी हत्थे चढ़ गए। कार्यालय के अंदर बाबू की सहायता में लगे लोगों को एआरटीओ ने अपना कर्मचारी बताकर बचा लिया।

एआरटीओ कार्यालय में ऑनलाइन व्यवस्था के बाद भी कार्यालय के बाबू बिना रुपये लिये काम नहीं करते हैं। यदि कोई व्यक्ति दलालों के बगैर फाइल लेकर बाबू के पास जाता है तो अनगिनत कमी निकाल कर उसे कई दिनों तक चक्कर लगावाये जाते हैं। मजबूरन पीड़ित दलालों को भारी रकम थमा कर काम कराते हैं। दलाली की शिकायतों पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने एसडीएम की अगुवाई में पुलिस प्रशासन की टीम बनाई। इसमें एसडीएम के अलावा सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ शुक्रवार की दोपहर रेड डाली। इससे कार्यालय के बाहर व अंदर अफरा तफरी मच गई। बाहर दुकानें सजा कर बैठे दलाल शटर बंद कर खेतों के रास्ते भाग निकले। 14 को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। बताया जाता है कि पकड़े गये लोगों में चार से पांच लोग ही दलाल हैं। बाकी किसी न किसी काम से आये थे। खास बात तो यह रही कि जब पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यालय के अंदर छापा मारा तो बाबू के पटल पर करीब 10 से 12 प्राइवेट कर्मचारी थे। वह भी भाग निकले। कुछ को पुलिस ने पकड़ा और पूछताछ की तो वह पसीना छोड़ने लगे। बाद में इनको एआरटीओ इज्या तिवारी ने यह कह कर बचा लिया कि यह कार्यालय के प्राइवेट कर्मचारी हैं।

इस संबंध में एएसपी डॉ. संसार सिंह ने कहा कि एआरटीओ कार्यालय के बाहर बैठकर डरा धमका कर दलाली करने वालों को पकड़ा गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### लाइसेंस रिन्यूवल को गया जल निगम कर्मी फंसा

**कन्नौज।** ओटीपी आने के बाद शुक्रवार को ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूवल कराने एआरटीओ कार्यालय गये जल निगम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय कुमार सिंह को भी पुलिस ने दलाल समझ कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसकी फोटो भी अन्य पकड़े गये लोगों के साथ डाल दी। उसका पुत्र पुलिस से बार बार कह रहा है कि पिता सरकारी कर्मचारी हैं। वह लाइसेंस रिन्यूवल के लिये एआरटीओ कार्यालय गये थे।

### ये लोग पुलिस के हत्थे चढ़े

**कन्नौज।** छापे में पकड़े गए लोगों में श्रीराम पुत्र शिव कुमार निवासी राजीपुर थाना सफीपुर जनपद उन्नाव, विकास पुत्र मोहन सिंह निवासी जलालपुर ठकुरन थाना व जनपद कन्नौज, अभिषेक पुत्र अवधेश निवासी धरनीधरपुर नगरिया थाना विशुनगढ़, ऋषभ पुत्र हरिनाथ निवासी आटी कोतवाली कन्नौज, अवनेश कुमार पुत्र नाथूराम निवासी सिरसा थाना इन्दरगढ़, विपिन कुमार पुत्र रामकरन निवासी निघिपुर्वा थाना तालग्राम, देवेन्द्र पुत्र सोनपाल निवासी सिरसा थाना इन्दरगढ़, गुलाब पुत्र दयाराम निवासी बरगांव थाना गुरसहांयगंज, अजय कुमार पुत्र पुत्तू सिंह निवासी फतेहपुर थाना तिर्वा, मो. शमील पुत्र मो. सफीक निवासी किदवई नगर थाना गुरसहायगंज, अमर कुमार शर्मा पुत्र लालता प्रसाद निवासी मोहल्ला देविन टोला सरायमीरा, सुमित पुत्र अजयराम निवासी लोकपुर थाना विशुनगढ़, शिवाकान्त पुत्र सन्तराम निवासी उदईयापुर थाना इन्दरगढ़, हरिओम पुत्र रामसेवक निवासी रामपुर थाना इन्दरगढ़।

### दफ्तर पर छापे ने खोली दावों की पोल

**कन्नौज।** एआरटीओ कार्यालय में दलालों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित होने के एआरटीओ के दावों की पोल गोपनीय तरह से पड़ी रेड ने खोल दी। रेड में दलालों की दुकाने तो बंद हो गई। साथ ही कार्यालय परिसर से वाहन भी चले गये। दलाल न होने से पटल पर फाइलें लेकर पहुंचने वाले भी नजर नहीं आये।

### खाली हो गये पटल व दलालों की दुकानें

**कन्नौज।** एआरटीओ कार्यालय में रेड पड़ने के बाद दफ्तर के पटल पूरी तरह खाली हो गये। बाहर खुली दलालों की दुकानें के शटर बंद हो गये। अंदर से लेकर बाहर तक सन्नाटा पसर गया, न तो दलाल दिखाई पड़ रहे थे न ही दफ्तर में काम लेकर आये लोग।

## कब्जे की शिकायत पर ग्रामीणों ने दिया धरना

**कन्नौज।** पैतृक भूमि पर कब्जे की शिकायत को लेकर किसान ने ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच धरना दिया। पीड़ित किसान ने पुलिस और भाजपा नेताओं पर कब्जेदार की मदद करने का आरोप भी लगाया है। छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के मलिकपुर गांव निवासी शकील अहमद ने बताया कि पुलिस और भाजपा नेताओं की मदद से गांव के ही कुछ लोगों ने मेरी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। कई बार अधिकारियों व पुलिस से शिकायत करने के बाबजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने शुक्रवार को करीब 30 ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच धरना दिया। पीड़ित ने कब्जेदारों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एडीएम आशीष कुमार को प्रार्थना पत्र दिया।

## स्कूली बस की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**कन्नौज।** शुक्रवार को तिर्वा कन्नौज मार्ग पर गांव शरीफापुर के निकट सदर कोतवाली क्षेत्र में एक स्कूली बस शरीफापुर गांव के सामने कट पर क्रॉस कर रही थी तभी स्कूटी से टक्कर हो गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार सर्वेश (45) निवासी बख्श पुरवा कोतवाली कन्नौज की मौत हो गई जबकि अनूप निवासी फिल्म तिलसरा थाना ठठिया व बच्चू बाबू निवासी असली, कानपुर देहात घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, मृतक का शव मोर्चरी में रखवाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### अभिनेता प्रशांत यादव को भेंट की कविताओं की पुस्तक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कवयित्री दीपमाला शाक्य ने तालग्राम चौराहा स्थित अपने आवास पर फिल्म अभिनेता प्रशांत यादव को खुद के हाथ से लिखी हुई 'मुस्कराते दीप' बाल कविताओं की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। फिल्म अभिनेता ने कवयित्री का आभार प्रकट किया।



फिल्म अभिनेता को पुस्तक भेंट करतीं कवयित्री दीपमाला शाक्य।

### टावर पर विशेष समुदाय का झंडा लगाया



टावर पर झंडा लगाता युवक। अमृत विचार

**तिर्वा, कन्नौज।** बीएसएनएल के टावर पर करीब सौ फीट ऊपर चढ़कर एक युवक ने विशेष समुदाय का झंडा लगा दिया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को तो नीचे उतार लिया पर झंडा उतारना भूल गई। कस्बे के गांधी चौराहा के पास करीब 140 फीट ऊंचे बीएसएनएल टावर पर शुक्रवार की दोपहर में एक युवक चढ़ गया। करीब सौ फीट ऊंचाई पर उसने विशेष समुदाय का झंडा लगा दिया। इससे लोगों में रोष व्याप्त हो गया। जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने युवक को फुसलाकर नीचे उतार लिया पर झंडा उतरवाना भूल गई। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक टावर पर चढ़ा था जानकारी होते ही सुरक्षित उतरवाया गया। झंडे की जानकारी नहीं है।

### फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**गुरसहायगंज।** ब्लाक गुगरापुर की चौकी नौरंगपुर के ग्राम हंसपुर्वा निवासी शिवदत्त दोहरे के पुत्र सुनील दोहरे (35) ने घर के कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना परिजनों ने चौकी नौरंगपुर पुलिस को दी। इस पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक की पत्नी पुष्पा देवी सहित बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया कि मृतक मानसिक बीमार था। पत्नी व बच्चों आरती (10), अभय (04) व 05 माह के पुत्र सत्यम के साथ रहता था। पत्नी पुष्पा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि गुरुवार को गांव के विनोद, गोविंद, अनुज, पुष्पा देवी व दो अज्ञात लोग दरवाजे पर आए और रंजिश को लेकर उसके पति के साथ गाली गलौज की। इसके बाद उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने चार नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### कृष्णा फाउंडेशन टीम ने 50 पौधे किए रोपित

**छिबरामऊ।** पौधरोपण के प्रति जागरूकता लाने के लिए कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह (लकी) ने ग्राम प्राथमिक विद्यालय नगरिया पंथरा में बेल, आंवला, केसिया, गोल्ड मोहर, अमरूद, सागौन, जामुन आदि के 50 पौधे रोपित किए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीपेंद्र कुमार यादव और शिक्षामित्र आराधना, सुमन यादव, मीनू यादव, कल्पना, ज्ञानेन्द्र यादव, कृष्णा व विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।



पौधे लगातीं रंजू सिंह।

# गुरसहायगंज में साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से कराएं पालन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम की कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक
- बंदी में दुकानें खुली मिलने पर किया जाएगा चालान

**अमृत विचार।** गांधी सभागार में शुक्रवार को डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बैठक में व्यापारियों की समस्याएं सुनी। व्यापारियों ने बाजारों में विद्युत ट्रिपिंग, स्ट्रीट लाइट लगाने, जल भराव, पार्किंग समेत कई मुद्दे रखे।

डीएम ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को गुरसहायगंज में सप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। कहा साप्ताहिक बंदी के दौरान जो दुकानें खुली पाई जायें उसके चालान किए जाए। एक्सईएन विद्युत मगन सिंह को निर्देश दिये कि लाखन चौराहे पर तारो को अंडरग्राउण्ड कराया जाए और तारों को ठीक किए किया जाए। साथ ही विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाए। नगर पालिका गुरसहायगंज में स्थापित एसटीपी के संचालित न होने के संबंध में जांच समिति द्वारा जल्द जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराएं जाने के निर्देश दिए।

इंदरगढ़ बाजार में ग्राम पंचायत के माध्यम से स्ट्रीट लाइट लगाए के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## प्रधान ने मजदूरों को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** थाना क्षेत्र के चिकनपुर निवासी मजदूर देवा, सुंदरम, आशा देवी, जीतू, आनन्द, प्रीती, जूली, रोशनी कुंअरपुर काशीदीन निवासी रामचन्द्र ठाकुर के खेत में धान की रोपाई करने गए थे। उसी दौरान कुंअरपुर काशीदीन प्रधान बंटी ठाकुर अपने साथियों पिंटू पुत्र धर्मपाल सिंह, कल्लू पुत्र अहिवरन सिंह, छोटे पुत्र रविन्द्र सिंह के साथ आए और जबरन धान की रोपाई के लिए ले जाने लगे। आशा देवी ने विरोध किया तो दबंग प्रधान ने साथियों के साथ मिलकर मजदूरों को जमकर पीटा। चीखपुकार सुन दौड़े लोगों ने उनके चंगुल से मजदूरों को छुड़ाया तो वे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित मजदूरों की तहरीर पर पुलिस ने दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# चचेरे भाई के साथ की थी पिता की हत्या, दोनों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाईवे निर्माण में गई भूमि के मुआवजे पर शुरू हुआ था विवाद
- घटना से तीन माह पहले भी भतीजे ने हत्या का किया था प्रयास

**अमृत विचार।** हाईवे अधिग्रहण में मिले मुआवजे का हिस्सा न मिलने पर नौ साल पहले बेटे ने चचेरे भाई संग मिलकर पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। पारिवारिक भतीजे ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक पर 13 हजार व दूसरे पर 12 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के मिश्राबाद गांव निवासी नजर सिंह ने 11 फरवरी 2015 को सौरिख थाना में चाचा मथुरा प्रसाद पुत्र जालिम सिंह की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नजर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि पिता की मृत्यु के बाद से ही चाचा मथुरा प्रसाद उसके साथ ही रहते थे। उनका पुत्र जबर सिंह अपने परिवार के साथ अलग रहता था। चाचा मथुरा प्रसाद के पास 28 बीघा खेती थी। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के अधिग्रहण में गई खेती जाने का मुआवजा मिला था। पुत्र जबर सिंह व चचेरे भाई महताब सिंह ने चाचा से मुआवजे में हिस्से की मांग की। चाचा के मना करने पर दोनों रंजिश मानने लगे। 11 फरवरी 2015 की रात दोनों आरोपी घर की छत से घर में घुस आए और चाचा मथुरा से मुआवजे का हिस्सा मांगने लगे। हिस्सा देने से मना करने पर दोनों ने तंमचे से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय हरेंद्र नाथ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की। दोनों आरोपियों पर हत्या का दोष सिद्ध किया गया।

न्यायाधीश ने मृतक के पुत्र जबर सिंह व भतीजे महताब सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबर पर 13 हजार और महताब सिंह पर 17 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

### हत्या के प्रयास में दस साल की सजा

**कन्नौज।** भतीजे महताब सिंह ने घटना के तीन माह पहले भी 30 दिसंबर 2014 को चाचा मथुरा प्रसाद की हत्या का प्रयास किया था। इस मामले में भी 31 दिसंबर 2014 को सौरिख थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार को इसमें भी अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्र नाथ ने महताब सिंह को दस साल की सजा सुनाई है।

### गैंगस्टर का दोष सिद्ध होने पर जेल में बिताये दो वर्ष की सजा



**कन्नौज।** गैंगस्टर के जुर्म में आरोपी को न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने बताया कि तिर्वा कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने दिनेश प्रजापति, प्रदुम सोनकर उर्फ सत्यम और अनिल कुशवाहा के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरु की थी। 27 जून 2022 को जिलाधिकारी के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ छिबरामऊ कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अनिल कुशवाहा ने कोर्ट में जुर्म स्वीकार कर लिया। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट नंद कुमार ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई कर कानपुर जनपद के घाटमपुर थाना क्षेत्र के रहमपुर निवासी अनिल कुशवाहा को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने गैंगस्टर दोषी अनिल कुशवाहा की जेल में बिताई गई दो साल सात दिन की अवधि को दो साल की सजा में समायोजित करने के भी आदेश दिए है। अर्थदंड जमा न करने पर एक माह की सधारण सजा देने का आदेश दिया है।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड में परखी पुलिस की फिटनेस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एसपी ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षणकिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस की फिटनेश जांची। पुलिस लाइन के निरीक्षण में मिली खामियों को दूर कराने के निर्देश दिये।



पुलिस लाइन में दौड़ लगाते पुलिस जवान। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली व परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पुलिस को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। ड्रिल के दौरान मिली खामियों को दूर कर और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें, पीआरवीकर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान एसपी ने जीडी कार्यालय, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा, कन्ट्रोल रूम, आर ओ आई पी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, यूपी 112 आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. प्रियंका वाजपेई, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी आफाक खां व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

- शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई दौड़

## बैंक के लिए निकली महिला हुई लापता

**सौरिख, कन्नौज।** घर से बैंक जाने की बात कह कर निकली महिला लापता हो गई। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 25 जुलाई को सुबह लगभग 10 बजे सौरिख बैंक जाने की बात कह कर घर से निकली थी।

देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने नाते रिश्तेदारी में खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। दूसरे दिन पति ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराए जाने की मांग की। पुलिस ने जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

# पेंशन रुकी तो लग रही प्रोबेशन कार्यालय की दौड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पति की मौत के बाद महिलाओं को निराश्रित पेंशन का लाभ मिलता है। शासन ने उन महिला पेंशनरों का लाभ बंद कर दिया है जिनके बैंक खाते में एनपीसीआई की सुविधा नहीं है। अब लाभार्थी प्रोबेशन कार्यालय पहुंचकर जानकारी कर रहे हैं। इन दिनों यहां भीड़ लग रही है।

विकास भवन स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय (महिला कल्याण विभाग) में आधार कार्ड व बैंक पासबुक लेकर पेंशनर व उनके परिजन किस्त के बारे में जानकारी करने पहुंच रहे हैं। यहां पटल पर तैनात कर्मी पोर्टल व कंप्यूटर में देखकर पेंशनरों को हकीकत बता रहे हैं। बताया जा रहा है कि अधिकतर मामले ऐसे हैं जिनके खाते एनपीसीआई यानि डीबीटी के लिए लिंक नहीं हैं।



जिला प्रोबेशन विभाग में पेंशन की जानकारी करने पहुंचे लोग।

इसके लिए पेंशनरों को संबंधित बैंक शाखा में पहुंचकर आधार कार्ड व मोबाइल नंबर देना होता है। तभी डीबीटी के लिए एनपीसीआई होती है। बताया गया है कि करीब 35 सौ लाभार्थियों को एनपीसीआई कराना है।

संरक्षण अधिकारी विजय राठौर ने बताया कि निराश्रित महिला पेंशन पाने वाली सभी लाभार्थी अपनी-अपनी बैंक शाखाओं में पहुंचकर खाते को एनपीसीआई करा लें, जिससे लगातार किस्त जाती रहे।

कवायद | माध्यमिक स्कूलों के लिए स्पोर्ट्स और स्कूल नाम से पोर्टल तैयार

# पोर्टल पर पंजीकरण के बाद ही खेलकूद में ले सकेंगे हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलेभर के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों की बैठक शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज में हुई। इसमें बताया गया कि इस बार वही विद्यालय व छात्र-छात्राएं खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले पाएंगे जो स्पोर्ट्स व स्कूल नाम से बने पोर्टल में पंजीकृत होंगे।

बैठक में डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने कहा कि शैक्षिक सत्र 2024-25 का शासनादेश आ चुका है उसी हिसाब से पढ़ाई, प्रतियोगिताएं, कार्रवाई व पंजीकरण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों के पंजीकरण की भी गाइड लाइन का पालन किया जाए। शासन ने स्पष्ट किया है कि जो तारीखें घोषित हो चुकीं हैं वह अब आगे नहीं बढ़ाई जाएंगी। डीआईओएस ने आपदा प्रबंधन, संचारी रोग, शैक्षिक सप्ताह, बारिश जल संचयन, प्रतियोगिताएं कराई जाएं। खेल प्रतियोगिताएं कराने को लेकर विद्यालयों के खेल शिक्षक व प्रधानाचार्यों से भी राय मांगी गई। साथ ही पूछा गया कि कौन सा विद्यालय क्या-क्या प्रतियोगिताएं कराएगा। इसके अलावा प्रबंधकों की ओर से सीएल को छोड़कर शिक्षकों व अन्य स्टॉफ के अवकाश स्वीकृत करने को भी कहा गया।



बैठक में मंचासीन डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, जीआईसी उमर्दा प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता व अजय यादव आदि। अमृत विचार



गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज में मौजूद माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

- अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक संपन्न

मानव संपदा पोर्टल के जरिए ही छुट्टी लेने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जीआईसी उमर्दा के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, अजय यादव, योगेंद्र तोमर, दिव्या शर्मा, रीना कनौजिया, अंकिता पांडेय, अमित दुबे, आशीष शुक्ल, एके शर्मा, अनुज कुमार, रजनीश, संजीव मिश्र मौजूद रहे।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति कन्नौज**

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/(सफाई)/2024–25/–83 दिनांक: 25/07/2024

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति कन्नौज के नवीन मण्डी स्थल सरायमीरा, उपमण्डी स्थल तिर्वा/किसान बाजार तिर्वा तथा विशेष जिन्स मण्डी स्थल, ठठिया (कन्नौज) मे वित्तीय वर्ष 2024–25 की अवशेष अवधि में सफाई कार्य हेतु सुदृढ़, अनुभवी व पंजीकृत सफाई ठेकेदारो से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक– 27/07/2024 से, दिनांक 05/08/2024 तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। सफाई कार्यो की तकनीकी बिड दिनांक– 06/08/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे एवं तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड दिनांक– 08/08/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0, कानपुर नगर के कार्यालय मे खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | मण्डी समिति का नाम | सफाई कार्यो के स्थान | अनुमानित लागत | धरोहर राशि 10% | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST सहित) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कन्नौज | प्रधान मण्डी स्थल कन्नौज | 6,71,200.00 | 67,120.00 | 1,180.00 | कार्य प्रारम्भ होने की तिथि से दिनांक 31.03.2025 तक |
| 02 | | उपमण्डी स्थल तिर्वागंज+ किसान बाजार, तिर्वा | 6,40,000.00 | 64,000.00 | 1,180.00 | |
| 03 | | विशेष जिन्स मण्डी स्थल, ठठिया (कन्नौज) | 5,62,000.00 | 56,240.00 | 1,180.00 | |

नोटः–कार्य हेतु स्वीकृत दर पर नियमानुसार जी0एस0टी0 सम्बन्धित फर्म द्वारा देय होगी।

मुख्य नियम व शर्तेः– 1. ऑनलाइन निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास सर्टीफाइड प्राधिकरण द्वारा उपयुक्त डिजिटल हस्ताक्षर होना तथा उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीयन अनिवार्य है। 2. बिडिंग प्रपत्र/नियम व शर्ते ऑनलाइन http://etender.up.nic.in पर दिनांक– 05/08/2024 के सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। निविदा (बिड) ऑनलाइन पोर्टल पर ही सबमिट की जायेगी। 3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट ए0पी0एम0सी0 कन्नौज के नाम एवं वांछित धरोहर धनराशि की मूल एफ0डी0आर0 जो कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कन्नौज के नाम बन्धक हो, आवेदक के पैन कार्ड, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण–पत्र, टर्न ओवर विवरण, न्यूनतम तीन वर्षीय अनुभव प्रमाण–पत्र, जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा हैसियत प्रमाण–पत्र की स्केन कॉपी ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करने के साथ ही मूल प्रपत्र मण्डी समिति कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। 4. निविदादाता द्वारा डाली गयी निविदा की वार्षिक दरो के अनुपातिक मासिक आधार पर प्रत्येक माह नियमानुसार बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा दरें जी0एस0टी0 रहित अंकित की जायेंगी। भुगतान के समय लागू दरो पर जी0एस0टी0 सम्बन्धित फर्म द्वारा देय होगा। 5. विस्तृत विवरण तथा अन्य नियम/शर्ते बिडिंग प्रपत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। नियोक्ता सिस्टम के फेल होने अथवा किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिये उत्तरदायी नही होगा। निविदा के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कन्नौज में निहित होंगे।

सचिव उपजिलाधिकारी 'सदर'/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति कन्नौज

न स सख्या यो न ददाति सख्ये, सचाभुवे सचमानाय पित्व: ।
अपास्मात्प्रेयान्न तदोको अस्ति, पृणन्तमन्यमरणं चिदिच्छेत् ।।

जो लोग अपने पर हुए उपकार का कर्ज नहीं चुकाते, जो दूसरों की सेवा करने में कंजूस हैं, इस दुनिया में कोई भी उनका शुभचिंतक नहीं है। इसलिए मनुष्य को स्वभाव से हमेशा उदार रहना चाहिए।

## संपादकीय

# वनों का विस्तार

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2.66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है। वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं। इस रिपोर्ट में नए तौर-तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं। स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गई है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वन क्षेत्रों के विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ-साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आई है। शहरी बाढ़, जल-जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं। इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वन क्षेत्रों का बढ़ना उत्साहजनक है, पर जंगली आग की बढ़ती घटनाओं को रोकने पर भी हमें ध्यान देना होगा।

# उनकी रणनीति से ओलंपिक हुए सुरक्षित


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिन : अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

पेरिस में हो रहे ओलंपिक खेलों और साउथ दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी का सीधा रिश्ता है। दरअसल फ्रेंड्स कॉलोनी में कुछ बरस पहले तक एक सज्जन रहते थे, जिनकी वजह से ओलंपिक खेलों का आयोजन सुरक्षित हुआ। अगर 1972 के म्युनिख ओलंपिक खेलों में हुए इजराइली खिलाड़ियों के कत्लेआम के बाद फिर ओलंपिक खेलों में कभी उस तरह का भयानक हादसा नहीं हुआ तो उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उनका नाम था अश्वनी कुमार। म्युनिख की दिल दहलाने वाली आतंकी घटना के बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तेज-तर्रार पुलिस अफसर अश्वनी कुमार से गुजारिश की कि वे आगामी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मेजबान देश के साथ मिलकर देखें। अश्वनी कुमार देश की आजादी से पहले इंपीरियल पुलिस सर्विस के अफसर थे। आजादी के बाद अश्वनी कुमार जैसे अफसर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल कर लिए गए थे। वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। बेशक अश्वनी कुमार को बेहद चुनौतीपूर्ण दायित्व मिला था। माना जाता है कि ओलंपिक से बड़ा और कोई आयोजन धरती पर तो नहीं होता है। अब पेरिस ओलंपिक को ही लें। इसमें 206 देशों के हजारों खिलाड़ी, कोच, स्पोर्ट स्टाफ, दर्शक वगैरह हिस्सा ले रहे हैं। खेलों को अपने टीवी सेटों पर अरबों खेल प्रेमी देखेंगे। समझा जा सकता है कि ओलंपिक खेलों का स्तर कितना बड़ा होता है।

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला। अश्वनी कुमार ने मांट्रियल (1976), मास्को (1980), लॉस एजेंल्स (1984), सिओल (1988), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) तथा सिडनी (2000) के ओलंपिक खेलों से जुड़े स्टेडियमों, ओलंपिक विलेज, मीडिया सेंटरों, खिलाड़ियों, वीआईपी, दर्शकों वगैरह की सुरक्षा को खासतौर पर देखा और मेजबान देश की सुरक्षा एजेंसियों को जरूरी इनपुट्स दिए। उन्होंने सिडनी ओलंपिक के बाद बढ़ती उम्र के कारण अपनी जिम्मेदारी को छोड़ा था।

आईओसी की तरफ से जैसे ही किसी शहर को ओलंपिक खेल आवंटित होते तो वे वहां पर जाने लगते आयोजन समिति से तालमेल के लिए। फिर वे वहां पर सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते। कड़क पुलिस अफसर अश्वनी कुमार कहते थे कि ग्रीष्मकालीन खेल खिलाड़ियों और दर्शकों की भागेदारी के लिहाज से शीतकालीन खेलों की तुलना में बहुत व्यापक स्तर पर होते हैं। इसलिए उनकी निगाहबानी करना ही असली चैलेंज होता है।

अश्वनी कुमार भी उस मनहूस 5 सितंबर 1972 को म्युनिख में ही थे जब उन्हें पता चला कि फिलिस्तीन के आतंकियों ने ओलंपिक विलेज पर धावा बोल दिया है। उस हमले के बारे में किसी ने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था। हमले में निशाने पर इजराइल की ओलंपिक टीम थी। उस डरावनी घटना के पीछे फिलिस्तीन के 8 आतंकियों का हाथ था। उन आतंकियों ने 11 इजराइली खिलाड़ियों की हत्या कर दी थी। बाद में हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच आतंकी और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी (पीएलओ) के आतंकियों ने खिलाड़ियों को छोड़ने के एवज में इजराइल की जेलों में बंद करीब 234 फिलिस्तीनियों की छोड़ने और उन्हें सुरक्षित मिस्र भेजने की मांग रखी थी।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिनः अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

जब अश्वनी कुमार ने ओलंपिक खेलों के सुरक्षा इंतजामों को देखने की जिम्मेदारी संभाली थी, तब तक भारत ओलंपिक खेलों में बमुश्किल से एक-दो पदक ही जीत पाता था। फिर भी उन्हें इतनी खास अहम जिम्मेदारी मिली थी। वे आईओसी के दो अध्यक्षों क्रमशः लॉर्ड किलिनन और जे.ए.समारांच के विश्वासपात्र थे। अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में कर्जन रोड (कस्तूरबा गांधी मार्ग) में अपने मित्र से मिलकर 6 फरवरी, 1965 को वापस चंडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई, पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे।

हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक रहते हुए वे भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष बने। वहां से वे फिर भारतीय ओलंपिक संघ से भी जुड़ गए।

अश्वनी कुमार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दूसरे महानिदेशक थे और उन्होंने इस सशस्त्र बल को खड़ा किया था। उन्हें बीएसएफ का पितामह माना जाता है। उनके नाम पर दिल्ली के निजामउद्दीन एरिया में बीएसएफ की एक बिल्डिंग भी है। उन्होंने पंजाब पुलिस और बीएसएफ में दर्जनों खिलाड़ियों को नौकरी दी। उनमें बलबीर सिंह सीनियर, अजीतपाल सिंह, उधम सिंह आदि शामिल हैं। पूर्व रॉ प्रमुख और धाकड़ पुलिस अफसर ए.एस.दुलत कहते हैं कि अश्वनी कुमार सोचने-समझने वाले पुलिस अफसर होने के साथ-साथ संगीत, कला, साहित्य में दखल रखते थे। अश्वनी कुमार का साल 2015 में निधन हो गया था।

## प्रसंगवश

# शिव सूत्र

श्रावण मास हो और शिव जी की चर्चा न हो तो सारी चर्चा निरर्थक है। इन भूतभावन भगवान शंकर के अनगिनत स्तोत्र, ग्रंथ और रचनाएं हैं तथा इनके गुणों का सम्यक् गान तो शारदा और शेष भी नहीं कर सकते। हमारी क्या बिसात! यहां हम उनके "शिव सूत्र" की बात करते हैं, जिनकी जानकारी अपेक्षाकृत कम लोगों को है।

यह शब्द पुंज दो अर्थों में प्रयुक्त होता है। प्रथमः कश्मीर दर्शन के संबंध में, जिसमें 77 सूत्र हैं। ये तीन अध्यायों में विभक्त हैं: शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय, आणवोपाय। कथानुसार नवीं शताब्दी में कश्मीर में वसुगुप्त नामक सिद्ध ऋषि थे, जिन्हें स्वयं भगवान शंकर ने स्वप्न में बताया कि 'असीम ज्ञान की खान मेरे 77 सूत्र 'महादेवोपला' पर्वत शिखर की एक चट्टान में उत्कीर्ण हैं'। ऋषि वहां गए और वैसा ही पाया, फिर उन्हें व्याख्यायित करके विश्व कल्याणार्थ लोकार्पित कर दिया। ये सूत्र गीता के समकक्ष ही महान दर्शन तत्व समेटे हैं। यह पर्वत शृंग और शिला अब भी विद्यमान है और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है, किंतु अब सूत्र दृश्यमान नहीं हैं। हो भी कैसे सकते हैं। इसके लिए शिव प्रदत्त दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है। एक अन्य अर्थ में भी ये शब्द प्रयुक्त होते हैं। 14 सूत्रों का एक अन्य समूह भी है, जिसकी प्रचुर तांत्रिक शक्ति है और अध्यात्म जगत की अक्षुण्ण निधि है। कथानक है कि प्राचीन काल में पाणिनि व्याकरण ज्ञान के लिए और सनकादि चारो ऋषि ब्रह्म ज्ञानार्थ प्रयाग में अक्षय वट के नीचे शंकर जी की आराधना/तपस्या कर रहे थे।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भोलेनाथ प्रसन्न होकर प्रकट हो गए और आत्म विस्मृत हो डमरु बजाते हुए तांडव नृत्य करने लगे। उनकी डमरुध्वनि से 14 वर्ण पुंज निसृत हुए, जिससे इन सब तपस्वियों के अभीष्ट की पूर्ति हो गई। ये ही 14 शिव सूत्र हैं, जो इस प्रकार हैं:1-अ इ उ ण, 2-ऋ लृ क्, 3-ऐ ओ ङ्, 4-ऐ औ च्, 5-ह य व र ट्, 6-ल ण् 7-य म ङ ण न म् , 8-झ म ञ्, 9-घ ड घ ष् , 10-ज ब ग ड द श् , 11-ख फ छ ठ थ च ट त न्, 12-क प य् , 13-श ष स र् , 14-ह ल् मान्यता है कि सोलह खानों का एक चतुर्भुज बनाकर चौदह में ये सूत्र लिख दे। पन्द्रहवें में साधक अपना नाम लिखे और सोलहवें में "ॐ नमःशिवाय", तो उसे सर्वार्थ सिद्धि प्राप्त होगी।

# धर्म और संस्कृति


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है?

कश्मीर के भूतपूर्व महाराजा और जाने-माने भारतीय राजनीतिज्ञ डॉ.कर्ण सिंह हिन्दू दर्शन के अच्छे ज्ञाता हैं और वह मानते हैं कि हिंदू धर्म में पूरी मानवता की एकात्मता की स्वीकृति 'ऋग्वेद' में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में दर्ज है। सभी धर्मों की समरसता की बात भी 'ऋ ग्वेद' की पंक्ति-'एक सद् विप्रा बहुधा वदंति' से प्रकट होती है, पर किताबों से हटकर भी व्यवहार में बहुत कुछ अलग भी हर धर्म में होता है, होता रहता है। सामान्यतः प्रत्येक धर्म/ संस्कृति के तीन रूप होते हैं-शास्त्रीय, ऐतिहासिक और व्यवहृत। हिन्दुत्व की भी यही स्थिति है। शास्त्रीय हिन्दुत्व किताबी है, जिसमें उपरोक्तानुसार खूबियां हैं, पर इसके अंदर तमाम अंतर्विरोध भी हैं। 'जन्मनाजायते शूद्राः कर्मणाद्विज उच्यते' जैसी स्थापना है तो समाज के जन्मना विभाजन की स्वीकृति और मनुस्मृति भी सामने है।

तुलसीदास सीता परित्याग और शम्बूक वध जैसे आख्यानों को अपने 'मानस' में जगह नहीं देते, निषाद राज, शबरी, अहल्या इत्यादि प्रसंग उनकी ब्राह्मणेतर संवेदना की ओर भी संकेत करते हैं, पर उनमें द्विज-श्रेष्ठता और वर्ण-धर्म पर भी बल है। हिंदू धर्म में व्यवहृत रूप में कर्मकांडों एवं अनुष्ठानों का जखीरा है। हिन्दूधर्म वर्ण व्यवस्था के अनुपालन में उदार नहीं है। ऐसा लगता है कि वर्ण व्यवस्था ही हिंदू धर्म की जीवनशैली बन गई है। जब ऋग्वेद में "प्रज्ञानं ब्रह्म" यजुर्वेद में "अहं ब्रह्मास्मि", सामवेद में "तत्वमसि" तथा अथर्ववेद में "अयमात्मा ब्रह्म" महावाक्य सुशोभित है और यही बात उपनिषदों में विस्तार से बतलाई गई है तब फिर यह छुआछूत क्यों?

हम गंगा को माता मानते हैं, पर जितना गंदा हम माता को कर सकते हैं, हमने किया और आज भी कर रहे है। ऐतिहासिक हिन्दुत्व सुधार आंदोलनों और विद्रोहों से भी भरा पड़ा है। साफ है कि हिंदू धर्म में कुछ ऐसा था, जिसका सुधार होना था। जैन और बुद्ध पथ एक सुधार आंदोलन ही था। बुद्ध पथ कालांतर में स्वतंत्र धर्म बन गया। बुद्ध के 'धम्म' में हिंदू धर्म की तरह आस्था और कर्मकांडों पर बल नहीं है। बुद्ध के आविर्भाव के बाद से इस देश में संस्कृति की दो धाराएं बहने लगी हैं। बुद्ध धारा बृहत् मानवता की धारा है।

यह धारा वर्णाश्रम धर्म के विरुद्ध है, जात-पात को वह नहीं मानती है। छुआछूत को वह अधर्म समझती है, भारत का निर्यात-धर्म बौद्ध धर्म निकला। कोई आश्चर्य नहीं कि इस देश में धर्म के जो शक्तिशाली ठेकेदार थे, उन्होंने बौद्ध मत को खदेड़कर देश से बाहर निकाल दिया, किंतु बौद्ध मत हिंदुत्व के भीतर आज भी जीवित और सचेत है। लगता है वैदिक धर्म की जो बातें बुद्ध को नापसंद थीं। वे धर्म के तत्व नहीं, उसके ऊपर जमी हुई रूढ़ियों की पपड़ियां हैं और उन्हें तोड़कर झाड़े बिना भारतधर्म नवीन नहीं होगा।

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है? खैरियत यह है कि इतिहास ने उसे सुलझाकर हमारे लिए आसान कर दिया है। हिंदुत्व का नवीन और जाग्रत रूप अब वह है, जिसका आख्यान राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, गांधी तथा डॉ. आंबेडकर आदि तमाम समाज सुधारकों ने किया है।

मुस्लिम और ईसाई धर्मों में भी अंतर्विरोध है। 'कुरआन-ए-पाक' में काफिर को मिटा देने के भी निर्देश हैं और क्षमा, सदाशयता और सहअस्तित्व की हिदायत भी है। यहां जेहाद भी है और इसी से निःसूत सूफी-जीवन-बोध भी है। अर्थात् इसमें जेहाद, 'अक्ल' और 'अकीदा' दोनों के लिए जगह है। प्रेम और सेवा पर बल देने वाली 'बाइबिल' में भी विधर्मियों के प्रति असहिष्णुता है और संसार से लेकर नर्क तक कठोर दंड-विधान हैं। आधुनिक सभ्यता के निर्माण में ईसाई राष्ट्रों का अकूत योगदान है, लेकिन इन्हीं आधुनिक ईसाई राष्ट्रों ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में जितना अत्याचार किया है वह मानवता के इतिहास में बेमिसाल है। इनका गुलाम-व्यापार, साम्राज्यवादी दोहन, जापान पर आणविक हमला और इराक की बर्बादी के लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बावजूद, इसने शेक्सपियर, मिल्टन, शेली आदि जैसे क्रांतिचेता कवि और बेकन, रसेल जैसे समाजधर्मा दार्शनिक दिया और औद्योगिक क्रांति एवं लोकतंत्र की चेतना प्रदान की।

## सोशल फोरम

# जातिगत विद्वेष

हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है।

देश में जातिगत विद्वेष अपने चरम पर है। उच्च शिक्षित और सभी सुख सुविधा संपन्न होने के बावजूद भी पूर्वाग्रह से ग्रसित जातिगत श्रेष्ठता और निम्नता का भाव देश और समाज को दीमक की तरह निगल रहा है। हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है। जाति आपकी सूक्ष्म पहचान आवश्यक हो सकती है, लेकिन इसे विराट मानवीय परिपेक्ष्य के समक्ष महत्व देना स्वयं और देश को पीछे ले जाने के समान है। अच्छी सोच के लोग सभी जातियों में है और वे इन बेफिजूल की चीजों से ऊपर उठकर केवल अपनी उन्नति पर ध्यान दे रहे हैं और वे इस मकड़जाल से ऊपर उठ चुके हैं।


बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

वास्तव में ऐसे लोग खुद को भी समृद्ध करते हैं और अपने सानिध्य वालों के भी मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। किसी जाति में पैदा होना न तो दोष है और न ही सौभाग्य है, बल्कि जाति में पैदा होकर मानवीय संवेदनाओं का रोपण न होना यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

यहां सोशल मीडिया में भी हर जाति के ऐसे बहुत से वयोवृद्ध हैं, जिनके उन्नत विचार और जीवन के प्रति नजरिया हम युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिनके विचारों को पढ़कर बहुत सुकून मिलता है और पता लगता है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जीवन मूल्य संबंधी मानदंडों को किस कदर आत्मसात किया है और एक सफल जीवन जिया है।

-फेसबुक वॉल से

# जीवन की विविधतापूर्ण शैली


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी।

कांवरिये हिन्दू हैं और कांवर यात्रा हिन्दुत्व का एक जीवंत प्रतीक। आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ रहा है। यात्रा पर पुष्पवर्षा आस्था विश्वास के इस अदम्य संकल्प को नमन है। हिन्दू जीवन की अनेक विविधतापूर्ण जीवनशैली को तर्क के आधार पर आकलित नहीं किया जा सकता है। इसे समझने के लिए एक अलग ही दृष्टि चाहिए। विज्ञान ने हमें तमाम भौतिक सुख सुविधाएं तो दी हैं, मगर हमारे अंतर्मन को संस्पर्श करने में अभी तक पूरी तरह समर्थ नहीं हो पाया है।

कई यूट्यूबरों को कांवरियों पर पुष्पवर्षा जनता के टैक्स की बर्बादी दिख रही है। वे इसके विरोध में लगातार प्रोपेगंडा चला रहे हैं। वामपंथी आस्था के इस ऊफान को अंधश्रद्धा/भक्ति का भोंड़ा प्रदर्शन मान रहे हैं। अब जो जनता टैक्स दे रही है वही जब पुष्पवर्षा को अपने पैसे का सदुपयोग मान रही है, जयकारा लगा रही है, हर्षित और उल्लसित हो रही है तो यह व्यय, अपव्यय कैसे हो गया? यह तो उन्हीं का दिया उन्हीं के लिए प्रयुक्त है। त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।

कांवर यात्रा को अनुचित ठहराने या उत्साह से देखने का अपना-अपना नजरिया है। हां कांवर यात्रा के चलते जनजीवन को होने वाली दिक्कतें एक मुद्दा अवश्य है, जिन्हें खुद भी मैंने करीब दो दशक पहले झेला था और व्यथित मन से बनारस के एक अखबार में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक आज भी जेहन में है-कांवरियों का कहर, हर गली हर डगर। मगर तब दृष्टिकोण तनिक संकुचित था और मन पर अतिवादी वामवाद का प्रभाव था, मगर तब से कांवर यात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित करने में सरकारों ने उत्तरोत्तर काफी प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं इसकी बागडोर संभालते रहे हैं। खुद हेलीकॉप्टर से यात्रा का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

इन बीते सालों में तेजी से बदलते परिप्रेक्ष्य से नजरिये में भी बदलाव आता गया है। तार्किकता का सवाल ही कहां उठता है जब एक हिन्दू बाहुल्य देश में हिन्दू और हिन्दुत्व को लेकर ही नए-नए विवाद हो रहे हैं और परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। परिणाम स्वरुप सुषुप्त हिन्दू जागृत हो रहा है और अपनी अस्मिता को साबित करने लग गया है। हिन्दुओं की इस जागृत चेतना का ही अभिनंदन पुष्पवर्षा करके हो रहा है और इसका निहितार्थ भी स्पष्ट है। हिन्दुत्व का परचम लहराते रहो, अपनी अपरिमित शक्ति का बुलंद अहसास कराते रहो, साथ देते रहो हम तुम्हें फूल मालाओं से ऐसे ही अलंकृत करते रहेंगे।

ठीक है संविधान के अनुसार भारत एक सेक्यूलर राष्ट्र है, मगर क्या इसका ठेका सिर्फ एक वर्ग ने ही ले रखा है? यह हठात आरोपित सेक्युलरिज्म हमें अपनी जीवन पद्धति और आस्था विश्वास को कैसे डिगा सकता है? भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयता के इस स्वरुप को भलीभांति समझ लिया है और उसके उत्थान में निरंतर सक्रिय है, जिन्हें कांवरयात्रा असभ्य और उजड्ड लोगों की कारस्तानी लगती है, उन्हें अपने सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। यह भारतीय सनातन के सातत्य प्रवाह का ही एक समयानुकूल पक्ष है। हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी। यह हमारी एकता और संगठन का आह्वान था। लंबी गुलामी के चलते हम बहुत कुछ विस्मृत कर चुके थे। उत्तिष्ठ जागृत का आह्वान अब फलीभूत हो चला है।

# बांग्लादेश और भारत की आरक्षण नीति

देश में जातीय क्षत्रपों की बहुतायत होने के कारण नित्य ही जाति आधारित आरक्षण की सीमा में वृद्धि हेतु धरने व आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। दूसरी ओर अन्य देशों में आरक्षण जैसी व्यवस्था का खुलकर विरोध किया जाता है। बांग्लादेश इसका ताजा उदाहरण है, कहां स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिए जाने वाले तीस प्रतिशत आरक्षण की समाप्ति की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए तथा सरकार को उनके सम्मुख झुकना पड़ा। निःसंदेह अपनी योग्यता पर विश्वास न करके नित्य धर्म और जाति के नाम पर आरक्षण की मांग करने वालों को पड़ोसी बांग्लादेश से सबक सीखना चाहिए, कि वहां आरक्षण की समाप्ति के लिए भयंकर दंगे हुए तथा बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत के घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दी, इसके अतिरिक्त केवल दो प्रतिशत आरक्षण अन्य विशिष्ट श्रेणी के लिए है जबकि 93 प्रतिशत सीटें अनारक्षित हैं। भारत में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 22.5 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत तथा कमजोर आय वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके आरक्षण 59.5 प्रतिशत दिया जा रहा है। विशाल जनसंख्या वाले देश में मात्र 40.5 प्रतिशत रोजगार व शिक्षा के साधन अनारक्षित हैं, फिर भी राजनीतिक दल एवं आरक्षण समर्थक सरकार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दवाब बनाने पर तुले रहते हैं। कभी क्षेत्रीय आधार पर और कभी जातीय आधार पर अतिरिक्त आरक्षण की मांग की जाती है, जिसे किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नही ठहराया जा सकता। बांग्लादेश में आरक्षण समाप्त करने के प्रभावी आंदोलन को देखकर लगता है कि यदि भारत में भी आरक्षण के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग सड़कों पर उतर आया, तब क्या होगा? मेरा मानना है कि वैश्विक परिवेश में भारतीय गुणवत्ता विकसित करने के लिए आरक्षण जैसी विकलांगता का बोध कराने वाली नीति की पुनर्समीक्षा करके देश में गुणवत्ता को बढ़ावा देकर आरक्षण जैसी कुरीति से मुक्त किया जाए।


सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# बैंकों की मजबूत होती व्यवस्था

हाल के एक अंग्रेजी पेपर की न्यूज के मुताबिक वित्त मंत्रालय ने दो बैंकों के निजीकरण के प्रस्ताव पर विराम लगा दिया है। चर्चा थी कि 2025 में दो बैंको का निजीकरण हो सकता है। इसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जिस तरह के लाभ वित्त वर्ष 2024 में बैंकों ने दर्शाए हैं उनसे स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण कोई विकल्प नहीं हो सकता।

राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुदृढ़ स्थिति जनता में उसके विश्वास का प्रतीक है। बेहतर होती ग्राहक सेवा नए प्रोडक्ट्स और अच्छी मार्केटिंग से यह संभव हुआ है। एक समय वो भी था कि देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी ग्राहक सेवा के लिए बदनाम माना जाता था, लेकिन कुछ वर्षों में इस बैंक में काफी कुछ बदल गया हैं। नए सुंदर चमकदार शाखा परिसर, युवा प्रतिभाशाली काउंटर स्टाफ, जिनको विशेष ट्रेनिंग देकर कस्टमर फ्रेंडली बनाया गया है। जीरो कंप्लेंट शाखाएं ग्राहक सेवा को तत्पर स्टाफ ने इस बैंक की छवि बदल दी है। आज के एक अन्य वित्तीय अखबार में खबर है कि स्टेट बैंक ने अपनी ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने एटीएम ब्लॉक करने, बैंक खाते की जानकारी देने, विभिन्न बैंक उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराने, एटीएम कार्ड, चेक बुक जारी करने तथा अन्य सेवाओं के लिए 12 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। स्टेट बैंक जिसने देश में सबसे ज्यादा लाभ अर्जित कर अपनी बादशाहत कायम की है। अब ग्राहक सेवा में भी अपने को अग्रणी बनाने में लगा है। आशा है अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक भी जिसका अनुसरण कर राष्ट्र का गौरव और देश के नवरत्न कहलाने में पीछे नहीं रहेंगे।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### राजेश मीणा बने सचिव गृह

**अमृत विचार,लखनऊ :** शासन ने सचिव स्तर पर आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें आईएएस श्रीनिवास गुर्राला को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है, जबकि आईएएस राजेश मीणा को गृह सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही आईएएस मयूर माहेश्वरी को लघु उद्योग निगम का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। माना जा रहा है कि अब आईएएस अधिकारियों के तबादलों पर थोड़ी लगाम लग जाएगी। सरकार ने जरूरी ट्रांसफर का काम पूरा कर लिया है।

### पूर्व विधायक इंदल रावत को भेजा गया जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व विधायक एवं कांग्रेसी नेता इंदल रावत को धोखाधड़ी एवं ढाई करोड़ की ठगी के एक मामले में एमपी/ एमएलए कोर्ट के प्रभारी विशेष एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने आगामी 7 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने का आदेश दिया है।अभियुक्त के विरुद्ध आरोप है कि उसने राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश पांडे के पक्ष फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री कराने एवं दो करोड़ 52 लाख रुपए हड़प लिए।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाबालिक दुराचार करने के आरोप में पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने जनपद बहराइच के निगोह गांव के रहने वाले भानु प्रताप को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट वादी द्वारा 25 अगस्त 2022 को थाना कृष्णा नगर में आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी।

### सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग

**अमृत विचार,लखनऊ :** उप्र. राष्ट्रीय चीनी मिल अधिकारी परिषद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर सोनकर और महासचिव कैलाश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अधीन संचालित उप्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमटेड व सहकारी क्षेत्र की संघ से संबद्ध 24 सहकारी चीनी मिलें संचालित हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 6 लाख गन्ना कृषक परिवारों एवं संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों के परिवारों का भरण-पोषण होता है।

# ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे एडीजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिस ट्रक पर बैठे थे उससे भी हुई 500 की वसूली
- रातभर चला अभियान, एसपी को सुबह पता चला

**अमृत विचार।** बलिया के उप्र.-बिहार सीमा पर पार होने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की सच्चाई जानने के लिए एडीजी पीयूष मोर्डिया ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे। कार्रवाई के लिए बाकायदा रेकी की गई थी। इस भंडाफोड़ से पहले बुधवार की रात पीयूष मोर्डिया और आजमगढ़ के डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण 22 पुलिस कर्मियों की पांच टीम के साथ एक घंटे रेकी करते हुए बलिया के भरौही तिराहा से बक्सर की ओर गए थे। सादे कपड़ों में ही पुलिस टीम बक्सर की ओर से वापस भरौली तिराहा पहुंची थी। रात दो बजे भरौली तिराहे पर अवैध वसूली करते हुए पहला सिपाही पकड़ा गया। उसके बाद एक-एक कर 16 दलाल और एक अन्य सिपाही गिरफ्त में आए।

बुधवार की रात एडीजी पुलिस की दो टीम, तो डीआईजी आजमगढ़ पुलिस की तीन टीम लेकर निकले थे। तय किया गया था कि अवैध वसूली करने वालों को रंगेहाथ पकड़ा जाएगा। बक्सर की ओर से वापस आते समय रात दो बजे पुलिस टीमें फिर भरौली तिराहा पहुंची। पुलिस टीम ने देखा कि एक सिपाही बक्सर की ओर से आ रहे बालू लदे ट्रकों से पैसा वसूल रहा था, तो उसे पकड़ लिया गया। डीआईजी रेंज ने बताया कि भरौली तिराहा पर पकड़े गए सिपाही ने पुलिस को बताया कि जो वाहन गाजीपुर की ओर जाते हैं, उनसे नरही थाने की पुलिस कोरंटाडीह चौकी पर अवैध वसूली करती है। इस जानकारी पर, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर एक ट्रक में भरौली तिराहा से सवार हुए। पांच किलोमीटर चलने के बाद कोरंटाडीह चौकी के सामने सादे कपड़ों में दो लोग ट्रकों से वसूली करते दिखे। उनका ट्रक भी पहुंचा तो उसे रुकवा कर 500 रुपये की मांग की गई। इस पर वह, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर ने ट्रक से कूद कर एक सिपाही को पकड़ लिया। इसके बाद शुरू हुआ अन्य पुलिस कर्मी और दलालों को पकड़ा गया। खास बात यह है कि जिले के एसपी और एएसपी को उक्त प्रकरण की जानकारी सुबह हो पाई।

# सिर्फ 7.30 मिनट में पहुंच रही निःशुल्क एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिस्पांस टाइम में पूरे देश में उप्र की एंबुलेंस सेवा पहले पायदान पर

**अमृत विचार:** प्रदेश में एंबुलेंस सेवा 108 (इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज) का रिस्पांस टाइम मात्र 7.30 मिनट है, यानि जरूरतमंद मरीज की कॉल पर निशुल्क एंबुलेंस 7.30 मिनट में पहुंच रही है, यह रिस्पांस टाइम में पूरे देश में पहले पायदान पर है। वहीं दूसरे स्थान पर 7:57 मिनट के साथ राजस्थान, तीसरे स्थान पर 10:45 मिनट के साथ केरल है। वहीं सबसे खराब रिस्पांस टाइम 16:02 मिनट झारखंड का है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश का रिस्पांस टाइम 15:01 मिनट और दिल्ली का 13:31 मिनट है।

यह जानकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में मरीज को सही समय में चिकित्सकीय सेवाएं मिलने पर लाखों मरीजों की जान बचायी जा सकती है। इस उद्देश्य से एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम को रिकार्ड स्तर पर सुधारा गया है। साल 2016-17 में जो एंबुलेंस सेवा 108, 16:52 मिनट में पहुंचती थी, अब यह एंबुलेंस मात्र 7:30 मिनट में पहुंच रही है। एनएचएम के जीएम पराग पांडेय ने बताया कि लगातार मॉनीटरिंग का ही असर है कि प्रदेश में एंबुलेंस का यह रिस्पांस टाइम, पिछले कई सालो से देश भर में टॉप पर है। इसके लिए 2019 में खटारा हो चुकी 662 एंबुलेंस को हटाकर नई अत्याधुनिक एंबुलेंस खरीदी गईं। साथ ही 712 अतिरिक्त एंबुलेंस को शामिल किया गया। वर्तमान में कुल 2200 एंबुलेंस सेवा 108 संचालित हैं। औसतन रोजाना 16,703 मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है।

# भारतीय सेना के त्याग पर हमें गर्व है : मुख्यमंत्री

## कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए योगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



शहीद रायफल मैन सुनील जंग की बहन बीना को सम्मानित करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती शुक्रवार को मध्यकमान के मिलिट्री स्टेशन में मनाई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्यकमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने मध्य कमान के युद्ध स्मारक स्मृतिका पर पुष्पांजलि अर्पित कर सशस्त्र बलों के बलिदानी वीरों को श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करके भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। मुख्यमंत्री योगी ने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है।

### किसी पर आक्रमण नहीं किया

सीएम योगी ने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया का सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने हमारी शांति और सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है।

### मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

इस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की बहन बीना, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

### इसलिए मनाते हैं कारगिल विजय दिवस

1999 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय का जश्न मनाने के लिए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। आज ही के दिन 25 साल पहले भारतीय सेना ने लद्दाख के द्रास सेक्टर में दुश्मन द्वारा कब्जा की गई ऊंची चौकियों को वापस लिया था।

# केजीएमयू में 315 करोड़ से बनेगा अत्याधुनिक सर्जरी विभाग

**अमृत विचार,लखनऊ:** स्वास्थ्य सेवाओं को उत्तम बनाने के लिए चिकित्सा विश्वविद्यालयों व संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर इसकी योजना की शुरूआत राजधानी के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय(केजीएमयू) से होगी। केजीएमयू परिसर में ही 9.62 एकड़ क्षेत्र में 315 करोड़ रुपये से अत्याधुनिक सर्जरी विभाग की सात मंजिला नई बिल्डिंग बनाई जाएगी।

इस भवन में पार्किंग के लिए 2 मंजिला अंडर ग्राउंड बेसमेंट तैयार किया जाएगा। इसके साथ बिल्डिंग में एडवांस रोबोटिक सर्जरी सिस्टम, 300 बेड युक्त टीचिंग हॉस्पिटल, 10 ओटी, एक हाइब्रिड ओटी व 12 बेडेड आईसीयू, मॉर्चरी व ऑडिटोरियम समेत अन्य सुविधाएं भी स्थापित की जाएंगी।

**ईपीसी मोड में होगा निर्माण व विकास कार्य:** सर्जरी विभाग ने निर्माण व विकास कार्यों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निजी ऐजेंसी चयन को लेकर आवेदन भी मांगे गए हैं। निर्माण व विकास कार्यों को टर्न-की बेसिस पर इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में किया जाएगा। दो साल में तैयार होने वाली नई बिल्डिंग को अगले 100 वर्षों की जरूरतों के हिसाब से निर्मित व विकसित किया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री केशव बन गए दिल्ली के वाईफाई का पासवर्ड : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को दिल्ली का मोहरा बताते हुए कहा कि ' वह दिल्ली के वाईफाई का पासवर्ड बन गए हैं'। मानसून ऑफर विंटर तक डिस्काउंट के साथ चलाना पड़ेगा। साथ ही कहा कि, प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रस्टाचार व्याप्त है, पुष्टि भाजपा के विधायक ही करते हैं।

सपा मुख्यालय में शुक्रवार को अखिलेश यादव संविधान-मानस्तंभ स्थापना के अवसर पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधान सांसद के क्षेत्र में पुलिस वसूली करती पकड़ी गई,हमने तो ये भी देखा कि पुलिस खुद रेट तय कर रही है कि टांग पर गोली मारने पर कितना रुपया मिलेगा। गोली न चलने पर पुलिस अपने से ही ठांय-ठांय बोल दिया, वीडियो वायरल हुआ था। भ्रस्टाचार के पीछे भाजपा के लोग ही हैं, सरकार में बैठे लोग हत्यारों को बचा रहें हैं।

### बागी विधायकों की सदस्यता जाएगी

अखिलेश यादव ने कहा कि इन विधायकों की सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा में लिखकर देंगे, हमको न्याय विधानसभा से मिलेगा, राज्यसभा चुनाव मे तो जो हुआ कैमरे पर हुआ है। हमारी विधानसभा हमको न्याय देगी। साथ ही पल्लवी पटेल की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के विषय में कहा कि मुख्यमंत्री से कोई भी मिल सकता है। लेकिन उनकी सदस्यता कौन बचा सकता है, हम ही बचाएंगे, आधी आबादी है हम उन्हें बचा लेंगे।

राजधानी में अकबरनगर पर बुलडोजर चलने के सवाल पर उन्होंने कहा, अब भाजपा वाले नाले को रिवर फ्रंट बना रहे है, नाले के पानी को कहां ले जाएंगे। जो रिवर फ्रंट सपा सरकार में बना है उसके पानी को चैनलाइज किया,जिसकी वजह से कोई गंदा पानी नही आ पायेगा, ये गंगा एक्शन प्लान के तहत काम हुआ था। लेकिन भाजपा के लोग नही समझ सकते, इनसे जब इत्र की बात करो तो ये लोग गोबर की बात करने लगते है।

# विधायकों के साथ मुख्यमंत्री की बैठक नहीं पहुंचे पाठक

**अमृत विचार,लखनऊ:** मंडलवार बैठकों के कार्यक्रम के आखिरी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसदों-विधायकों के साथ बैठक की। उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया, पर बैठक में लखनऊ कैंट से विधायक उप मुख्यमत्री ब्रजेश नदारद रहे। इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री से लखनऊ के विधायकों के साथ ही मंडल से संबंधित अन्य जिलों के विधायक मौजूद रहे। विधान परिषद सदस्यों ने भी मुलाकात की। बैठक के दौरान इस दौरान उन्होंने विधायकों से लोकसभा चुनाव के नतीजों, विधायकों की समस्याओं आदि पर चर्चा की। कई विधायकों की शिकायत पर मुख्यमंत्री उनका समाधान कराने का भरोसा दिया, पर इस बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद नहीं थे। पाठक के बैठक में न रहने को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रही।

# संविधान हत्या दिवस घोषित करने के मामले में हस्तक्षेप से इनकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

- राजनीतिक जटिलताओं में नहीं पड़ सकते : हाईकोर्ट

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 'संविधान हत्या दिवस' की अधिसूचना जारी करने के मामले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने इस सम्बंध में दाखिल जनहित याचिका पर कहा कि यह सरकार का विषय है कि वह 25 जून 1975 को लगाए गए आपात काल में हुई ज्यादतियों सम्बंध में किस प्रकार की घोषणा करती है। न्यायालय ने कहा कि हम राजनीतिक जटिलताओं में नहीं पड़ सकते। इन टिप्पणियों के सतह न्यायालय ने याचिका को निस्तारित कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की खंडपीठ ने पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में संविधान हत्या दिवस शब्द का प्रयोग किए जाने को अविधिक बताया गया था। कहा गया कि हत्या या मृत्यु होने पर अस्तित्व समाप्त हो जाता है। कहा गया कि सरकार हत्या दिवस के स्थान पर किसी सकारात्मक शब्द का भी प्रयोग कर सकती थी। यह भी दलील दी गई कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपात काल लागू कर तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल कियअ था व देश के नागरिकों को प्रताड़नाओं का भी सामना करना पड़ा था लेकिन यदि संविधान की हत्या हो गई होती तो देश की जनता अगले ही आम चुनाव में तत्कालीन सरकार को उखाड़ न फेंकती। वहीं याचिका का डिप्टी सॉलिसीटर जनरल एसबी पांडेय ने विरोध करते हुए दलील दी कि याची ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे का ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि इस पर याची की ओर से कहा गया कि उसने अपने याचिका में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि सामाजिक कार्य करते हुए, उस पर मुकदमे भी दर्ज हुए और उसे जेल भी जाना पड़ा है।

वहीं न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पारित अपने आदेश में कहा कि हम इस प्रकार की अधिसूचना जारी करने के सम्बंध में सरकार की सोच पर सवाल नहीं कर सकते।

# विधायक बेदीराम व विपुल सहित 18 पर आरोप तय

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए दो अलग अलग मामलों में मौजूदा विधायक बेदी राम एवं विपुल दुबे सहित 18आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने आरोप तय कर दिया है। दोनों मामलों में अभियोजन साक्ष्य पेश करने के लिए आगामी 7 अगस्त की तिथि तय की है। जबकि एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार यादव की मृत्यु हो जाने कारण उसके विरुद्ध चल रही कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है।

पत्रावली के अनुसार ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर18 आरोपियों के ख़िलाफ़ दो अलग अलग मामलों में कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पहला मामला धोखाधड़ी एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित संसाधनों के निवारण अधिनियम से संबंधित है जबकि दूसरा मामला पुलिस की ओर से गिरोह बंद अधिनियम का है। आरोपियों की ओर से दोनों ही मामलों में आरोप मुक्त किए जाने की अर्जी अदालत में दी गई जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है।अदालत में दोनों उन्मोचन प्रार्थना पत्रों का विरोध गिरोह बन्द अधिनियम की पैरवी कर रहे एसपीओ अल्तमस अहमद ने किया था। इसके बाद दोनों मामलों के आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय करते हुए अदालत ने गवाही के लिए 7 अगस्त की तिथि नियत की है।

## वर्ग पहेली-143

**बाएं से दाएं**

4. 1. यथेष्ट सम्मान, उचित आदर, सत्कार 2. प्रतिष्ठा, ख़ातिर।
5. 1. 'तत' का समासगत रूप 2. वह।
6. पतीला, बटलोई।
7. सप्ताह का छठवां दिन, सप्ताह के सात दिनों का एक नाम।
9. 1. आंख, नेत्र 2. जल 3. आम-फल, आम-वृक्ष 4. माता।

**ऊपर से नीचे**

1. कलम बनाने एवं तराशने का चाकू।
2. हिमायती।
3. जिसने कुछ खाया-पिया न हो।
6. 1. देने वाला, दाता 2. दूसरों को देने की प्रवृत्तिवाला 3. बेचने वाला।
8. नीम का पेड़।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

## वर्ग पहेली -142 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | ■ | ■ | 2 अ | ल | ख |
| 3 प | ख़ | ■ | श | ■ | ■ |
| ना | ■ | 4 सु | र | मा | ■ |
| ■ | 5 पू | ष | ण | ■ | 6 खु |
| 7 भू | ■ | 8 मा | श | ■ | रा |
| प | ■ | ■ | 9 र | सा | ई |
| ■ | 10 वि | गु | ण | ■ | ■ |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 5 | | 9 | | | | 6 |
| | | | 5 | | | 8 | | 4 |
| | | 1 | | 7 | 2 | | 9 | |
| | | | 6 | | 4 | | 8 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 5 |
| | 9 | | 7 | | 1 | | | |
| | 4 | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | 8 | | | 9 | | | |
| 3 | | | | 4 | | 2 | 7 | |

## सुडोकू -55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- सप्तमी 21.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 13 .00 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए थोड़ी कठिन रहने वाली है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी ज्यादा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर लापरवाही न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

**वृष:** आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कई कार्यों को साधने की कोशिश कर सकते हैं। शरीर आरोग्यवान और मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन:** आज पेट में कुछ समस्या हो सकती है। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। अनावश्यक बातों में ज्यादा ध्यान न दें। मनमाना व्यवहार करने से बचें। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

**कर्क:** आज नई वाहन की खरीदारी का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बदलाव के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। युवाओं को नई जॉब मिल सकती है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं।

**सिंह:** आज विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। कारोबार को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। अति आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें।

**कन्या:** आज नजदीकी मित्रों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। मित्रों के साथ खटास हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। अति आत्मविश्वास के कारण लोगों के निशाने में आ सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आपकी रुचि कम हो सकती है।

**तुला:** आज नौकरी में वेतन बढ़ने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से राहत मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। प्रेमी जन से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दिनचर्या में नई आदतों को शामिल न करें।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। परिवार का साथ और सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी संबंधों में परेशानी होने की संभावना है। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मकर:** आज विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत होगी। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। बजट को ध्यान में रखकर ही व्यवसाय में बड़ा निवेश करें।

**कुंभ:** आज दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार होगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कारोबार में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है उसको लेकर कोई दावा न करें।

**मीन:** आज आपको मानसिक संतोष प्रदान करेगा। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी,लेकिन इससे मिलने वाला परिणाम सकारात्मक होगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
राम बलराम — सुबह : 11.12
इलाका — शाम : 06.16

**&pictures**
मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे — सुबह : 11.27
टीबीए — रात : 08.00

**SONY PIX**
65 — सुबह : 10.48
वंडर वुमैन — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
शादी में जरूर आना — सुबह : 10.53
भोला — रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
कुछ कुछ होता है — दोपहर : 12.00
हनु-मान — रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

# पांच दलाल गिरफ्तार, 9 बाइकें, 2 लैपटॉप जब्त

संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जनपद के ककोर मुख्यालय स्थित एआरटीओ कार्यालय पर जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक चारु निगम के साथ शुक्रवार को अचानक से छापामारी की। इस दौरान पांच दलाल, 9 बाइकें और 2 लैपटॉप जब्त किए गए। छापामारी होते देख कार्यालय में अंदर व बाहर मौजूद दलालों में भगदड़ मच गई। कुछ दलाल भागते हुए नजर आए। इस बीच मौके से पुलिस ने लैपटॉप, बाइक बरामद की। साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। जिला अधिकारी के अचानक छापेमारी से हड़कंप मच गया।



एआरटीओ कार्यालय के बाहर छापेमारी करते जिलाधिकारी व एसपी। अमृत विचार

जिलाधिकारी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी को एआरटीओ कार्यालय में दलालों के वर्चस्व की शिकायतें मिल रही थी। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम के साथ दोपहर लगभग 12 बजे एआरटीओ कार्यालय पर छापा मारा। अचानक से छापा पड़ते देख

- जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने एआरटीओ कार्यालय में की छापेमारी
- कार्यालय के अंदर व बाहर मौजूद दलालों में हड़कंप,कई मौके से भाग निकले

एआरटीओ कार्यालय के अंदर और बाहर मौजूद दलालों में भगदड़ मच गई। इस दौरान कार्यालय के बाहर दलाली की दुकानें सजाए बैठे लोग अपना लैपटॉप और बाइक छोड़कर भाग गए। जिस पर पुलिस ने दो लैपटॉप, इनवर्टर बैटरी और नौ बाइक बरामद कर ली। साथ ही पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की।

# यूनिसेफ की टीम ने संचारी रोग अभियान व्यवस्थाएं परखीं, बचाव के उपाय बताए

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को यूनिसेफ़ टीम द्वारा ग्राम पंचायत कोठीपुर में संचारी रोग अभियान का निरीक्षण किया गया।इस समय पूरे प्रदेश में संचारी रोग से बचाव का अभियान प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रि के द्वारा घर घर दस्तक अभियान के अंतर्गत संचारी रोग व इससे बचाव के उपाय बताये जा रहे है, जिसमे घर के आस पास जल जमाव, झाड़ियां न हो नालियों में गंदगी न हों।इसमें ओआरएस घोल वितरण, नालियों की साफ सफाई, झाड़ियों की कटाई, कीट नाशक का छिड़काव का निरीक्षण यूनिसेफ़ के डी एम सी डॉक्टर नेरेन्द्र शर्मा, व बी एम सी सुबोध चतुर्वेदी ने किया जिसमे स्थिति बेहतर पाई गई। प्राथमिक विद्यालय में संगोष्ठी की गई इस अवसर पर एडीओ पंचायत संतोष तिवारी, प्रधान अमरेश पाण्डेय,स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राजपूत, सहायक अध्यापक बंदना पोरवाल, दीक्षा गुप्ता रहे।



प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता से संबंधित संगोष्ठी करती यूनिसेफ टीम।

## एक नजर

### नाबालिग लापता

**अजीतमल,औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से पढ़ाई के लिए कॉपी लेने गई नाबालिग लापता हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के अटसू चौकी अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी तेरह वर्षीय भतीजी उसके पास ही रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह अपने पास रखकर ही भतीजी का पालन पोषण कर रहा है। बीते 23 जुलाई को वह स्कूल से पढ़कर अपने घर आई यह कॉपी लेने की बोलकर घर से निकल गई। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उसकी कई जगह खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुमन निर्विरोध बनीं बीडीसी

**अछल्दा ।** विकासखंड के गांव सेऊपुर में बी.डी.सी. प्रत्याशी के मृत्यु के पश्चात 22 जुलाई को पर्चा भरने की आखिरी तारीख थी। लेकिन सुमन देवी पत्नी हरिओम राजपूत के पर्चे के अलावा कोई पर्चा दाखिल न हुआ।जिस पर उपचुनाव कराने आए अधिशासी अभियंता नलकूप खंड राकेश कुमार ने सुमन देवी को निर्वरोध प्रत्याशी जीता घोषित किया।शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख शरद राणा ने बी.डी. सी. प्रत्याशी सुमन देवी के पति हरिओम राजपूत को जीत का प्रमाण पत्र दिया।

### बोर्ड बैठक में 2 प्रस्ताव पास

**अछल्दा।** नगर पंचायत में शुक्रवार दोपहर 12 बजे बोर्ड की बैठक रखी गई। एजेंडा के अनुसार 2 विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें पहला प्रस्ताव मोहल्ला बोडेपुर में जल निकासी की समस्या का प्रस्ताव पारित हुआ। उसके पश्चात दूसरा प्रस्ताव नहर बाजार में बारात घर के पास टैक्सी स्टैंड की टीन शेड में लोगों द्वारा चार पहिया वाहन अवैध रूप से खड़े करने पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि 500 रुपये प्रतिमाह शुल्क वसूला जाए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण दुबे उर्फ रिंटू दुबे, लिपिक जयनारायण व समस्त सभासद मौजूद रहे।

### विवाहिता को घर से निकाला

**अछल्दा,औरैया।** थाना क्षेत्र निवासी एक पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए बताया विवाह 09 मार्च 2023 को अवनीश पाठक पुत्र ओमप्रकाश पाठक निवासी खंद चौराहा, पानी की टंकी पुलिस चौकी बटेश्वर थाना कोतवाली, जिला आगरा के साथ सम्पन्न हुआ था। प्रार्थिनी के पति अवनीश पाठक, ससुर ओमप्रकाश पुत्र स्व.भीखम सिंह पाठक, जेठ शैलेन्द्र पाठक, जेठानी अर्चना पत्नी शैलेन्द्र पाठक, चचेरे जेठ बंटू पुत्र प्रयाग नारायण पाठक, चचेरी भतीजी प्रिया पुत्री बंटू पाठक निवासीगण उपरोक्त सन्तुष्ट नहीं है और अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रूपये की मांग को लेकर प्रार्थिनी को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ित करते हैं और मारपीट कर घर से निकाल दिया।

### ट्रॉली से दबा मजदूर, भर्ती

**अछल्दा,औरैया।** थाना क्षेत्र ग्वारी गांव निवासी दीपू पुत्र स्व. बालक राम ने थाने में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया बीते 25 जुलाई को अन्नू पुत्र अकबर सिंह ग्राम नगला नथा अपनी धान की पौध जयवीर के ट्रैक्टर जो उनका पुत्र लल्ला चला रहा था उस पर मजदूरी के उद्देश्य से धान की पौध लादने के लिए लेकर गए थे। टैक्टर ड्राइवर लल्ला की लापरवाही से दिलीप पुत्र स्व. बालक राम ग्राम ग्वारी ट्रैक्टर से दब गया।

### बाइकों की टक्कर दो घायल

**ऐरवा कटरा,औरैया ।** कन्नौज जनपद के सकरावा थाना क्षेत्र के मिश्राबाद गांव निवासी आशीष सिंह गौर दिबियापुर में एक बैंक में क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करता है। आशीष सिंह गांव के ही निवासी सुखवेंद्र कुमार के साथ शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बजे ड्यूटी पर दिबियापुर जा रहा था जैसे ही बाइक खंड विकास कार्यालय के पास स्थित आनंद वाटिका के सामने पहुंची तभी सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसे ऐरवा कुईली निवासी अभिषेक 18 व आशीष सिंह घायल हो गए।

# सफाई कर्मचारियों ने तहसील परिसर में काटा हंगामा

## अनुपस्थित संविदा कर्मी के पक्ष में उतरे कर्मचारी, नगर पंचायत अध्यक्ष के पति पर लगाया मारपीट का आरोप



तहसील परिसर में हंगामा करते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार



समूह की महिलाओं को समझाते बीडीओ अतुल यादव। अमृत विचार

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में तहसील परिसर पहुंचकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। उपजिलाधिकारी ने उनसे प्रार्थना पत्र लेकर, जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई का आश्वाशन दिया है।

नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल में बाबरपुर कस्बे के मुहल्ला शिवाजी नगर निवासी दिव्यांग रवि पुत्र प्रेमनारायण, बतौर संविदा सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। बीते करीब दो माह से वह बिना बताये ड्यूटी से गायब है। शुक्रवार को वह ड्यूटी पर आए। जिसमें इतने दिनों तक न आने का कारण सफाई नायक अमरदीप ने पूछा। कुछ

- उपजिलाधिकारी ने जांचके बाद दिया कार्रवाई करने का आश्वासन

सफाई कर्मचारी, उसका पक्ष लेकर शोर मचाने लगे। अंदर कार्यालय में बैठे नगर पंचायत अध्यक्ष आशा चक के पति अखिलेश चक भी शोर सुनकर बाहर निकल आए। सफाई कर्मचारियों को समझाते हुए, अपनी ड्यूटी को निभाने की बात कही। मामला शांत हो गया। लेकिन कुछ देर बाद करीब आधा सैंकड़ा सफाई कर्मचारी हाथों में फावड़ा और झाड़ू लेकर तहसील परिसर में पहुंच गए। जहां चेयरमेन पति पर सफाई कर्मचारी रवि को ड्यूटी न देने और मारपीट का आरोप लगाते हुए चेयरमैन के खिलाफ नारे लगाने लगे। कुछ देर बाद सफाई नायक और चेयरमेन पति पर मारपीट का आरोप लगाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को कार्यालय पहुंचकर दिया।

उपजिलाधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच की जायेगी। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। वहीं चेयरमेन आशा चक ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की ओर से लगाए गए आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। सफाई कर्मचारियों से बरसात के चलते पूरे नगर क्षेत्र में सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही जा रही है। साथ ही आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। सम्बन्धित सफाई कर्मचारी रवि, बीते कई दिनों से अनुपस्थित चल रहा है। जो लगातार सूचना भेजे जाने के बाबजूद भी ड्यूटी पर नहीं आ रहा है। शुक्रवार को अचानक कार्यालय के बाहर आकर उसने हंगामा करना शुरू कर दिया।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ब्लॉक में किया हंगामा, नारेबाजी

संवाददाता अजीतमल,औरैया

**अमृत विचार।** विकास खण्ड अजीतमल में शुक्रवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हंगामा काट दिया। जिससे कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ब्लॉक में कार्यरत आईपीआरपी को हटाने की बार-बार मांग कर रहीं थी।

भदसान संकुल के अंतर्गत 17 गांव आते हैं जिनमें जागृति प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ अंतर्गत स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ की ओर से धनराशि समूहों के खाते में भेजी जाती है। किसी व्यक्तिगत सदस्य के खाते में धनराशि भेजने का प्रावधान नहीं है। समूह की महिलाओं का आरोप है कि ब्लॉक में सितम्बर 2023 से कार्यरत आईपीआरपी ( इनर प्रोफेशनल रिसोर्स परसन) संगीता यादव द्वारा समूह की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। कोई धनराशि भी अवंटित नहीं की जा रही है। समूह को आहरित की जाने वाली धनराशि में से 20 प्रतिशत कमीशन बतौर रिश्वत की मांग की जा रही है। ये महिलाएं आई पी आर पी को हटाये जाने की मांग करते हुए पूर्व में कार्य देख रहे ब्लॉक मिशन प्रबन्धक विमल कुमार को वापिस पटल पर बुलाये जाने की भी बात कह रही थी। आरोप और मांग लिखकर महिलाओं की ओर से एक ज्ञापन डीसी श्याम नारायण सिंह को सौंपा गया। वहीं हंगामा काट रही महिलाओं को खंड विकास अधिकारी अतुल यादव ने जांच कर कार्रवाई का आश्वशन दिया। खंड विकास अधिकारी अतुल यादव ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जायेगी। जांच उपरांत विधिक कार्य वाही की जायेगी। वहीं आई पी आर पी संगीता यादव ने आरोपों को नकारते हुए बताया कि उनके ऊपर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। कई बार उन्हें रास्ते में भी घेरा गया।

# पुलिस ने उतराई निजी कार में लगी नीली बत्ती

**बिधूना,औरैया।** नीली बत्ती लगाकर घूम रहे वीआरएस ले चुके पूर्व सीओ पर हुई कार्रवाई। नीली बत्ती उतारकर बेला पुलिस ने किया चालान।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेला निवासी मनोज कुमार यादव पुत्र अमर सिंह यादव ढिपाड़ा गांव स्थित अपने खेत पर धान लगवा रहे थे। उसी समय दबंग बाबूलाल दोहरे पूर्व सीओ खेत पर अपने साथियों सहित पहुंचे और अपनी लाइसेंस की बंदूक लेकर प्रार्थी मनोज कुमार को धमकाने लगे और मनोज कुमार के खेत में हो रही धान रोपाई को रुकवा दिया। प्रार्थी ने घटना की सूचना बेला पुलिस को दी मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक राम सिंह ने घटना की जानकारी ली और दबंग पूर्व सीओ सहित साथियों को थाने ले आए।इस वक्त बाबूलाल दोहरे पूर्व सीओ के साथ वर्दी धारी दरोगा रामपाल सिंह रिश्तेदार साथ में था। जानकारी करने पर बताया कि वह इस समय अवकाश पर है और उसकी तैनाती कानपुर नगर में है। घटना स्थल पर पूर्व दबंग सीओ बाबूलाल दोहरे की खडी नीली बत्ती लगी कार को थाने ले आए जहां पर थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने पूर्व सीओ की कार में लगी अवैध रूप से नीली बत्ती उतार कर कार चालान कर दिया।

थाना प्रभारी बेला पंकज मिश्रा ने बताया कि उक्त जमीन विवाद मामले की जानकारी राजस्व निरीक्षक को दे दी गई है।

# बारिश ने खोली नगर पंचायत के जल निकासी के दावे की पोल

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** मानसून आने से पहले जहां नगरपंचायत द्वारा जल निकासी के दावे किए जा रहे थे वहीं कस्बा क्षेत्र में बीते दो दिनों में हो रही रिमझिम बरसात ने नगर पंचायत के जल निकासी के दावों की पोल खोल दी है। तहसील के मुख्य गेट पर भरा पानी दावों की हकीकत बयां कर रही है। तहसील में आने वाले फरियादियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

मानसून आने से पहले नगर पंचायत द्वारा नाले और नाली की सफाई की जाती है ताकि बरसात होने के बाद लोगो को दिक्कते न झेलने पड़े। लेकिन नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल में फिलहाल यह दावे कागजी दिखाई दे रहे है। नगर में औरैया रोड पर तहसील के मुख्य गेट पानी भरा हुआ है। तहसील में बीहड़ क्षेत्र



सड़क पर भरे पानी से निकलती वृद्धा।

से लोग कामकाज से आते है। तहसील आने वाले लोगो की पानी के अंदर से होकर निकलना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है जब नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल में अधिशाषी अधिकारी की जिम्मेदारी भी उपजिलाधिकारी अजीतमल देख रहे है।कार्यालय जाने के लिए स्वयं उपजिलाधिकारी सहित कर्मचारी भी इसी रास्ते से होकर जाते है।

# भारतीय न्याय संहिता की जानकारी दी

संवाददाता अछल्दा,औरैया

**अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय न्याय संहिता सप्ताह के अन्तर्गत रीना देवी बाल संरक्षण अधिकारी सीमा कुशवाहा ने ब्लॉक परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख शरद राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन नए कानूनों के बारे मे जानकारी दी गई साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन को विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त



जागरूक करतीं बाल संरक्षण अधिकारी सीमा कुशवाहा। अमृत विचार

- वन स्टाप सेंटर की कार्य प्रणाली और वहां प्राप्त सेवाओं के बारे में भी बताया

होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, के प्रावधानों की जानकारी दी गई।

महिलाओं और बच्चों की सहायता हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112, 1090, 1076, 102, 108 की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में एडीओ एग्रीकल्चर जितेंद्र कुमार,सीडीपीओ उमा कांति यादव,लालमन यादव व समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

## सार-संक्षेप

### सीओ ने हटवाया अतिक्रमण, दो दिनों का दुकानदारों को दिया अल्टीमेटम

**फफूंद,औरैया।** नगर के अछल्दा चौराहा पर दुकान के सामने रोड पर ब्रेंच व सामान रखकर अतिक्रमण किये लोगो को सीओ भरत पासवान ने हटवाया तथा दोबारा लगाने पर वैधानिक कार्यवाही करने को कहा। शुक्रवार की दोपहर को सीओ ट्रैफिक भरत पासवान अचानक फफूंद कस्बा के अछल्दा चौराहा पर पहुंचे जहां पर उन्होंने ने दुकानों के सामने अतिक्रमण किए लोगो को देखा उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर फफूंद थानाध्यक्ष गंगादास गौतम को बुलाया और सड़क पर अतिक्रमण किये लोगो का सामान हटवाया तथा दो दिनों के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया है। सीओ की इस कार्यवाही से अतिक्रमण किए दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। लोगो स्वयं अपना सामान हटाने में लग गए है।

### शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फफूंद,औरैया।** शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद यादव के नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए संजीव कुमार को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में एक ही पद पर 23 साल की सेवा पूरी कर चुके अध्यापकों को प्रोन्नत वेतनमान दिया जाए। शिक्षकों को माह की पहली तारीख को वेतन दिया जाए, कन्वर्जन कास्ट व रसोइया मानदेय आद्धतन दिया जाए। 1 साल से फलों के मद की बकाया धनराशि का भुगतान किया जाए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया। ज्ञापन के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व लेखा अधिकारी को बुके देकर स्वागत किया।इस अवसर पर जिला मंत्री अरविंद राजपूत,अशोक भास्कर,सुनील यादव, संजय सेंगर,वीरपाल यादव,ओम कुमार यादव,अरविंद दुबे, दीपक दुबे, पंकज कठेरिया, पंकज तिवारी, बुद्धिपाल यादव, संजीव सविता, ओम नारायण पाल, सुदीप यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



पौधारोपण करते छात्र छात्राएं एवं शिक्षक। अमृत विचार

### एक्सिस पब्लिक स्कूल में एक वृक्ष मां के नाम के तहत कार्यक्रम संपन्न

**फफूंद,औरैया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कस्बे के एक्सिस पब्लिक स्कूल में अध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा शुक्रवार को विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। संस्था डायरेक्टर दीपक दीक्षित ने बताया कि इस अवसर पौधारोपण के साथ–साथ बच्चों को पौधारोपण का महत्व भी समझाया गया। जब तक पृथ्वी पर वृक्षों का अस्तित्व है तब तक ही मानव सभ्यता का अस्तित्व है। इसलिए हमें वृक्षों की सुरक्षा करनी होगी। उप प्रधानाचार्य शिवम त्रिपाठी ने बच्चों को बताया की मनुष्य विकास की अंधी दौड़ में निरंतर वनों का विनाश करने पर तुला हुआ है। वह निरंतर वनों के वृक्ष काटा जा रहा है और उनकी जगह सीमेंट की इमारतें खड़ी करता जा रहा है, जिससे वनों की संख्या घटती जा रही है और पर्यावरण के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। इस अवसर पर सुदीप , शोहेब, देवराज आदि मौजूद थे।

**आयोजन** कारगिल विजय दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ सम्मान समारोह

# कारगिल युद्ध में घायल हुए हवलदार को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में 25 वें कारगिल विजय दिवस पर हवलदार चंद्रिका प्रसाद शुक्ल को सम्मानित किया। वह 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान पाक तोप के गोले से घायल हो गए थे। इस अवसर पर मौजूद भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री (पूर्व सैनिक) ने युद्ध के संस्मरण भी बताए। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सुधीर सिंह राठौर,अ.प्रा. कैप्टन निर्भय सिंह गुर्जर, सुखवीर सिंह व सौंदर्य सिंह चौहान मौजूद रहे।



कारगिल युद्ध में घायल हुए हवलदार चंद्रिका प्रसाद शुक्ल को सम्मानित करते जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

### कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस मनाया

**फफूंद,औरैया।** 4 यूपी बटालियन के निर्देश पर क्षेत्र के गांव केशमपुर में स्थित श्री रामसेवक सावित्री देवी इंटर कॉलेज में एनसीसी अधिकारी रवि दत्ता और पी कृष्णा ने जूनियर एवम सीनियर डिविजन एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस मनाया। एनसीसी अधिकारी रवि दत्ता ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ को कैडेट्स के साथ मनाया। समाजसेवी श्याम नारायण गुप्ता ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी व शहीदों की वीरता का गुणगान किया। इस अवसर पर रश्मि, कुलदीप अग्निहोत्री, अनीता एवं कॉलेज के एनसीसी कर रहे 76 कैडेट्स मौजूद रहे।

### कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की सहादत को याद किया गया

**बिधूना,औरैया।** शुक्रवार को नगर एवं क्षेत्र में भाजपाइयों द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया।इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैकड़ों जवानों की सहादत को याद किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह सेंगर ने भगतसिंह पार्क में शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए 5 सैकड़ा से अधिक जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बारिश से बेतवा नदी का बढ़ा जलस्तर

## मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ और छतरपुर जिले में भारी बारिश का असर, 2.5 मीटर जलस्तर बढ़ने की संभावना


शुक्रवार को यमुना नदी का भी जलस्तर बढ़ने लगा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● धसान नदी से होकर बेतवा नदी में आता एमपी का पानी

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ व छतरपुर जिलों में हो रही बारिश का असर बेतवा नदी में दिखने लगा है। नदी का जलस्तर 1.5 से 2.5 मीटर तक बढ़ने की संभावना है।

शहर के दोनों छोरों पर यमुना व बेतवा नदियां बहती हैं। जो संगमहेश्वर मंदिर के मिल जाती हैं। किसी एक नदी का जलस्तर बढ़ने का असर दूसरी नदी पर पड़ जाता है। शुक्रवार को मप्र के जनपदों में हुई भारी बारिश का पानी धसान नदी से होकर बेतवा नदी में आ रहा है। इससे अभी तक सूखी पड़ी नदी में पेटा भर पानी बहने लगा है। मटमैला पानी आने पर मौदहा बांध (निर्माणखंड) के अधिशासी अभियंता करन पाल गंगवार ने बताया कि मप्र के टीकमगढ़ व छतरपुर जिलों में हुई वर्षा के कारण बेतवा नदी की सहायक धसान नदी में पानी बढ़ा है।

उन्होंने बताया कि बेतवा नदी में जलस्तर लगभग 1.5 से 2.5 मीटर तक बढ़ने की संभावना है। शुक्रवार को शाम चार बजे बेतवा नदी का जलस्तर 89.610 मीटर एवं यमुना नदी का जलस्तर 89.250 मीटर मापा गया। बेतवा नदी के खतरे का जलस्तर 104.54 मीटर एवं यमुना नदी के खतरे का जलस्तर 103.63 मीटर है। वर्तमान में बेतवा नदी खतरे के जलस्तर 14.93 मीटर एवं यमुना नदी खतरे के जलस्तर से 14.38 मीटर नीचे बह रही है। ऐसे में बाढ़ की कोई स्थिति नहीं है।

### झमाझम बारिश से राठ की सड़कों पर घुटनों तक भरा पानी

**राठ (हमीरपुर)।** शुक्रवार की शाम झमाझम बारिश होने से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली। करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने नगर पालिका के जल निकासी की पोल खोलकर रख दी। सड़कों ने घुटनों तक पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले एक सप्ताह से बारिश न होने से लोग गर्मी और उमस से जूझ रहे थे। शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे अचानक झमाझम बारिश होने लगी। कुछ देर बाद सड़कें पानी से लबालब भर गई। सड़क किनारे बने नालों की समुचित सफाई न होने से नालों का पानी सड़कों पर घुटनों तक भर गया। जिससे नगर पालिका के सफाई अभियान की पोल खुलकर रह गई। लोगों का कहना था कि नगर पालिका द्वारा नाला सफाई अच्छी तरह से नहीं कराई गई है। जिससे बस्ती के अंदर जल भराव हो गया। वहीं बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली। खेत में खड़ी ज्वार, मूंग, उर्द की फसलें जो पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गई थी बारिश होने से उन्हें जीवनदान मिल गया। वहीं बारिश के दौरान बच्चों ने भी पानी भी भीग कर बारिश का मजा लिया।


बारिश के दौरान पानी का आनंद लेते बच्चे। अमृत विचार

### दो घंटे की बारिश से मौदहा की नालियां उफनाईं, जल संस्थान में भरा गंदा पानी

**मौदहा।** मानसून सत्र में हुई पहली जोरदार बारिश में नगर पालिका परिषद की बाजार की नाली दुकानों के भारी अतिक्रमण और नाली के जाम के झाम से स्थानीय जल संस्थान कार्यालय के अंदर पानी भर गया। अलमारी में नीचे रख पुराने अभिलेख इस पानी में डूब कर बर्बाद हो गए। वहीं चप्पल जूते बाल्टी स्कूल कुर्सियां पानी में तैरने लगे। नालों के पानी के बिल भुगतान करने आए लोग वहां नहीं पहुंच सके। यहां के कर्मी मेज व कुर्सियों के ऊपर पैर रखकर बैठे रहे। उधर तहसील के गेट नंबर 2 में भी भारी जल भरा हो गया। जल संस्थान कार्यालय के निकट से बाजार की छोटी नाली निकाली है। जबकि उसके आगे भारी भरकम नाला बना दिया गया है। नाली के ऊपर दुकानों का भारी अतिक्रमण है। जिससे यहां सफाई कर्मी प्रतिदिन होने वाली सफाई भी नहीं कर पाते। शुक्रवार को भारी बारिश होते ही पहले से ही जाम पड़ी नाली उफना गई और नाली का गंदा तथा दूषित पानी जल संस्थान कार्यालय के अंदर घुस गया। जल संस्थान के बड़े बाबू जमशेद अहमद ने बताया कि हर साल बरसात में अधिक बारिश होने पर जल भराव हो जाता है। उनका यह कार्यालय बहुत पहले बना था। जिसका फर्श ऊंचा न होने की वजह से पानी अंदर घुसता है। अचानक पानी भरने से अलमारी में नीचे स्तर पर रखें पुराने अभिलेख भीग गए। कहा यदि नालियों की सफाई नहीं होगी तो पूरी बरसात भर पानी बरसते ही यही हालत होनी है। इससे राजस्व भी प्रभावित होगा। बिल बकाया जमा करने में परेशानी होगी।


मौदहा तहसील गेट नंबर दो में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

## डीआईजी ने बांटे चौकीदारों को छाते

**सुमेरपुर।** देर शाम पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र ने थाने का औचक निरीक्षण कर चौकीदारों को छातों का वितरण किया। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थायें दुरस्त पाए जाने पर उन्होंने संतोष जाहिर किया। इसके उपरांत उन्होंने चौकीदारों को बारिश के मद्देनजर छातों का वितरण किया। इस दौरान उन्हें व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज नागा स्वामी का चित्र भेंटकर कर कस्बे के मुख्य चौराहों में सीसीटीवी लगवाने की मांग की। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, सीओ सदर राजेश कमल, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, क्राइम निरीक्षक रामकुमार, कस्बा इंचार्ज राजवीर सिंह, यातायात प्रभारी हरविंदर सिंह सहित व्यापारी व चौकीदार मौजूद रहे।

## जिला बदर की कार्रवाई

**हमीरपुर।** जिला मजिस्ट्रेट ने राठ कस्बे के बुधौलियाना/ पठानपुरा निवासी वीरेंद्र सोनी पुत्र देवकीनंदन को गुंडा एक्ट में छह माह के लिए जिला बदर किया है। आदेश में कहा है कि जिला बदर की अवधि में अपराधी अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे। छह माह की अवधि तक जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे।

# तीन दिन में छत डालने के निर्देश

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के पारा ओझी व चंदौखी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर पारा ओझी में दो व चंदौखी में तीन शिकायतें आई। जिनके निस्तारण के लिए अधिकारियों ने निर्देश दिए गए। पारा ओझी में खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने अधूरे पड़े आवासों को मौके पर जाकर देखा और तीन दिनों के अंदर छत डलवाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को ग्राम चौपाल के तहत खंड विकास अधिकारी ने पारा ओझी में चौपाल लगाई। उन्होंने बताया कि दो शिकायतें आई। जिसमें एक महिला ने राशन कार्ड न होने की शिकायत की। जिस पर संबंधित विभाग को महिला का आवेदन कराकर राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। दूसरी शिकायत एक साल से विधवा पेंशन न आने आई। जिस पर समाज कल्याण विभाग के कर्मी को मामले को निस्तारित करने की निर्देश दिए।


आवासों का निरीक्षण करते बीडीओ विपिन कुमार। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास पूर्णता की ओर है। सिर्फ छत पड़ना शेष है। जिस पर लाभार्थियों से मिलकर आवासों पर दो-तीन दिन के अंदर छत डलवाने के निर्देश दिए गए। चंदौखी में एडीओ आईएसबी जगदंबा प्रसाद ने अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि एनआरएलएम के सदस्यों ने समूह की बैठक न होने की शिकायत की। जिस पर उन्होंने अध्यक्ष व सचिव को बैठक करने की निर्देश दिए।ग्रमीणों ने सामुदायिक शौचालय के पास जलभराव की शिकायत की। जिस पर सचिव को जल निकासी की व्यवस्था कराने को कहा गया। एक रास्ते में खड़ंजा के ऊपर पानी भरने का मामला आया। मोहल्ले वासियों ने इसके ऊपर सीसी डलवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर में चल रहे कार्य को देखा। जहां पर इंटरलॉकिंग का काम चल रहा था। इस मौके पर ग्राम स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पंधरी में एक माह से पानी का संकट

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के पंधरी गांव में जल निगम की लापरवाही के चलते लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को दूर दराज के हैंडपंपों से पीने के लिए पानी लाना पड़ रहा है। पंधरी गांव निवासी भूरा, राम बहादुर, संतोष,पवन सहित पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता ने बताया कि एक महीने से अधिक समय से जल निगम के ओवरहेड टैंक से पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। जिससे लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में लोग दूरदराज के हैंडपंपों से पानी लाकर अपनी जरूरत को पूरा कर रहे हैं। पूर्व प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत में नमामि गंगे योजना के तहत रास्ताओं को खोद करके पाइपलाइन बिछाने का आधा अधूरा काम किया गया है।

## ब्लॉक के पांच कार्य श्रमदान घोषित

संवाददाता, मौदहा (ग्रामीण)

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों के पांच कार्यों का बीते रविवार निरीक्षण कर अब इन्हें श्रमदान घोषित करते हुए खंड विकास अधिकारी को किसी तरह का भुगतान न करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

शिकायतें मिलने के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने बीते 21 जुलाई को ग्राम पंचायत रोहारी एवं पिपरौंदा के पांच कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। ग्राम पंचायत रोहारी के मजरा बहरेला के कजलिया तालाब, ग्राम पंचायत पिपरौंदा के झलवा तालाब के अलावा जल रोक बांध, गुलजार सिंह के खेत में मेड़ बंधी कार्य, नूर अली के खेत में मेड़बंधी कार्य का मौके पर निरीक्षण किया था।


मौदहा क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करते सीडीओ। अमृत विचार

यह सभी कार्य किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा कराए गए थे। इन सभी कार्यों की मनरेगा योजना से वर्क आईडी निकाली गई थी। लेकिन मस्टर रोल नहीं जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने अब सभी कार्यों को श्रमदान घोषित करते हुए भविष्य में इन कार्यों का किसी तरह का भुगतान न करने के सख्त निर्देश खंड विकास अधिकारी मौदहा को दिए हैं।


छात्रा को आर्थिक मदद देते प्रधानाध्यापक। अमृत विचार

## प्रधानाध्यापक ने छात्रा को दी आर्थिक मदद

**सुमेरपुर।** माता-पिता की दुर्घटना में मौत हो जाने पर प्राथमिक विद्यालय चुनकी डेरा के प्रधानाध्यापक ने कक्षा दो में पढ़ रही उनकी पुत्री को आर्थिक मदद देकर पढ़ाई में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्राथमिक विद्यालय चुनकी डेरा के प्रधानाध्यापक नीतिराज सिंह ने बताया कि कक्षा दो में सरस्वती वर्मा पढ़ती है। एक सप्ताह पूर्व उसके पिता राजेश वर्मा व मां राजकुमारी वर्मा चित्रकूट दर्शन के लिए गए थे। जहां सड़क दुर्घटना में मां की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि पिता की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

# नियुक्ति पत्र पाकर बेरोजगारों के खिले चेहरे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● गोहांड विकासखंड सभागार में ब्लाक प्रमुख ने बांटे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार।** गोहांड विकास खंड के सभागार में ग्राम पंचायतों में तैनात हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र पाकर बेरोजगार युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों, इंजीनियर, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।

शुक्रवार को विकासखंड गोहांड के सभागार में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरविंद राजपूत मुखिया एवं खंड विकास अधिकारी एसएन कश्यप, सहायक विकास अधिकारी अनूप शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष कमलेश राजपूत जराखर, रामपाल सिंह जिलाध्यक्ष ग्राम प्रधान संघ ने 10 ग्राम पंचायत नव चयनित पंचायत सहायकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान निधि देवी नहदौरा, नेहा उमरिया, पूजा राजपूत रिहुँटा, प्रीति चुरहा, रंजना चिकासी, आरती पतखुरी, अनामिका चंदवारी डांडा, खुशनुमा अमगांव, रमेश सैना को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम के दौरान पवई कलस्टर में राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त में सबसे अधिक धनराशि व्यय करने में सराहनीय कार्य किया गया। ग्राम पंचायत सचिव शिवा द्वारा ग्राम पंचायतों में ओडीएफ में शत प्रतिशत करने एवं अमगांव में आरआरसी सेंटर संचालन करने में सराहनीय कार्य किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों, इंजीनियर, कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी सम्मानित किया गया।


युवती को नियुक्ति पत्र सौंपते गोहांड ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया। अमृत विचार

जल जीवन मिशन | धनराशि जमा होने के बाद भी धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

# 52 पेयजल योजनाएं, सिर्फ 7 में कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने जल जीवन मिशन से निर्माणाधीन हरौलीपुर व पत्यौरा ग्राम समूह पेयजल योजना तथा पुनर्गठन पाइप पेयजल योजना के कार्यों की समीक्षा की।

सहायक अभियंता एसडब्लूएसएम इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल ने अवगत कराया कि पुनर्गठन पाइप पेयजल योजना के तहत अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड राठ व हमीरपुर के क्षेत्रों में 52 विद्युत कनेक्शन के लिए पैसा जमा है। किन्तु अभी तक मात्र सात विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण हो सका है। जिससे योजना के कार्यों में विलंब हो रहा है। जिलाधिकारी ने बिजली कनेक्शन की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट किया। दोनों खंडों के अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि अविलंब कनेक्शन कार्य पूर्ण कराएं। अन्यथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।


जल जीवन मिशन की बैठक लेते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

उन्होंने कार्यदाई फर्मों को निर्देशित किया कि रास्तों की मरम्मत का कार्य पूरा न होने की ग्रामीण लगातार शिकायतें कर रहे हैं। इस माह अगस्त तक पूरा कराएं तथा योजना के समस्त घटकों पर अवशेष कार्यों को पर्याप्त टीम लगाकर पूर्ण करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि जिन गांवों में काम पूरे हुए हैं उनका सत्यापन करें। देखें कि पेयजल टंकी, नलकूप, पाइप लाइन बिछाने, नल संयोजन, रास्तों की मरम्मत का कार्य मानक के अनुरूप कराया है। बैठक में नमामि गंगे एडीएम, विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता व कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# फसल चट कर रहे अन्ना मवेशी

**हमीरपुर।** कुरारा ब्लॉक क्षेत्र में अन्ना मवेशी किसानों की फसल चट कर रहे है। फसल बचाने के लिए किसान दिन रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर है। लेकिन कोई स्थायी हल नहीं निकल पा रहा है। भाकियू( महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन देकर अन्ना मवेशियों से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

शुक्रवार को भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष भगवानदास दीक्षित एडवोकेट की अगुवाई में कुरारा विकासखंड के रिठारी गांव के किसानों ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में बोई गई धान, उर्द, ज्वार, अरहर आदि की फ़सल को अन्ना पशुओं ने चट कर चौपट कर रहे। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बीडीओ व पंचायत सचिव से शिकायत की, जिस पर दो दिनों के लिए अन्ना जानवरों को गौशाला में बंद किया गया। लेकिन रात्रि को चरवाहा नत्थू द्वारा छोड़ दिया गया। जिससे किसानों की बोई फसलों को अन्ना जानवरों ने स्वाहा कर दिया है। इस दौरान भागवत यादव, वीरेंद्र, अवधेश, नीरज, संतोष, जयकरन, रघुवीर, बशीर, राजू आदि रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते रिठारी गांव के किसान। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### शहादत दिवस पर फूलन देवी को किया गया याद

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के पडुई गांव में पूर्व सांसद फूलन देवी के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। विश्व की चौथी और भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला व आयरन लेडी नाम से विख्यात पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी का पडुई गांव में शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय निषाद ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके जीवन के संघर्षों के बारे में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अपने साथ अत्याचार होने के बाद भी संघर्ष किया और बेहमई गांव में अपने साथ हुए जुल्म का बदला लेते हुए 22 सामंतवादी लोगों को एक साथ मार दिया। उसके बाद 11 साल तक जंगल में छिपकर जीवन व्यतीत किया बाद में उन्होंने सरेंडर किया और जेल गई। जेल से बाहर आने के बाद वह मिर्जापुर से दो बार सांसद बनी। 25 जुलाई 2001 को सांसद भवन के बाहर दिल्ली में गोली मार कर उनकी हत्या कर दी गई। इस अवसर पर अमित कुमार, राम मोहित, प्रताप, मानसिंह, शशि, श्रवण आदि मौजूद रहे।


फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग।


स्काउट गाइड में प्रथम आए अरुणेश झा को सम्मानित करते आचार्य। अमृत विचार

### स्काउट गाइड में अरुणेश झा प्रथम

**हमीरपुर।** सरस्वती शिशु मन्दिर विवेक नगर सभागार में आयोजित भारत स्काउट गाइड शिविर में स्थान पाने वाले छात्रों को प्रतीक चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस विद्यालय के शिशुओं ने प्रथम तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रथम स्थान भैया अरुणेश झा, द्वितीय स्थान भैया सौरभ व तृतीय स्थान भैया आदित्य को प्रधानाचार्य रमाकांत वर्मा ने प्रतीक चिह्न व प्रमाण पत्र प्रदान किया। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रशंसा की। इस अवसर वरिष्ठ आचार्य ब्रज किशोर ने कहा इस तरह के आयोजनों से बालक के अंदर प्रतिभा विकास के साथ शारीरिक, मानसिक, साहसिक विकास होता है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में भी नारायणन, राम करन, दिलीप खरे, राजेश कुमार दीक्षित, अनिल, राजेश प्रजापति, पूजा, दीप्ति पुरवार, अशोक, काजल त्रिपाठी, साधना दीक्षित आदि मौजूद रहे। अरुणेश झा के पिता सुनील झा सहित अन्य लोगों ने पुत्र की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

### लॉक तोड़कर नकदी और जेवर चोरी

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गुजरौरा गांव में एक रिहायशी मकान में चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी का लॉक तोड़ कर नगदी व जेवरात चोरी करके ले गए। पीड़ित ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के गुजरौरा गांव निवासी राघवेंद्र सिंह पुत्र लाल सिंह ने दी थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 24 जुलाई की रात्रि लगभग 1:00 बजे वह अपने घर में सो रहा था। तभी मेरे कमरे के बगल के दूसरे कमरे में चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी का लॉक तोड़कर नगदी व जेवरात चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


कारगिल के शहीदों की याद में मशाल जुलूस निकालते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

### कारगिल विजय दिवस पर निकाला मशाल जुलूस

**मौदहा (हमीरपुर)।** कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर कस्बे में थाना चौराहा से शहीद स्मारक स्थल तक भाजपाइयों और पूर्व सैनिकों ने मशाल जुलूस निकाल शहीदों को श्रद्धांजलि दी। स्मारक पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश प्रसाद व्यास, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजबहादुर सिंह ने संबोधित कर सैनिकों की वीरता पर व्यापक चर्चा की। बलिदानी सैनिकों के सम्मान में दीप प्रज्वलित किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि प्रदान की गई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आराधना सिंह, रामदेव सिंह, लालाराम निषाद, अजय तिवारी, अरविंद शर्मा, अनूप सिंह, प्रहलाद सिंह, साधना, मीना, महेंद्र शुक्ला, ज्योत्सना, अल्लू सिंह, राघवेंद्र, संतोष गुप्ता, हिना परवीन, नाजरा खान व उत्तम सिंह आदि थे।


जल निकासी में लगी सफाई कर्मी टीम को दिशा निर्देश देतीं अध्यक्ष आशारानी।

### बारिश से कुरारा में जलभराव की समस्या

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में शुक्रवार को हो रही बरसात से कस्बा कई वार्डों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी ने बेरी रोड व मेन सड़क के नालों की जेसीबी से साफ सफाई कराई। साथ ही सफाई कर्मियों की टीम को दिशा निर्देश देकर जल निकासी की प्रबंध करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सुबह से क्षेत्र में हो रही बरसात से कस्बा के कई वार्डों में जलभराव हो गया। जलभराव की जानकारी होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी ने स्वयं मौके पर जाकर जल निकासी की प्रबंध करवाया। उन्होंने सफाई कार्य में लगे कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कस्बा में कहीं भी जलभराव की स्थिति पैदा न होने पाए। उन्होंने जेसीबी से नालों की सफाई कार्य का जायजा लिया। उनके साथ नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक नरेंद्र सिंह अनिरुद्ध पांडेय आदि मौजूद रहे।

### चेकडैम और नाला निर्माण की मांग उठाई

**मौदहा (हमीरपुर)।** नाले में चेकडैम और सड़क नहीं होने के कारण बारिश के सीजन में गांव का संपर्क कट जाता है। इससे होने वाली परेशानी को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के अध्यक्ष ने सड़क और चेकडैम बनवाने की मांग उठाई गई है। बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष विनय तिवारी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में बताया कि कुनेहटा ग्राम पंचायत का मजरा लेकिन पुरवा के रास्ते में पड़ने वाले नाले में चेकडैम और सड़क नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में मजरे का सभी जगह से संपर्क टूट जाता है और लोगों को घरों में ही कैद होना पड़ता है। ऐसे में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते तथा महिलाओं और बीमार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं नाले में काफी ऊपर तक पानी होने के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। संगठन ने मजरे में सड़क और नाले में चेकडैम बनवाने की मांग की है।

## एक नजर

### गौशालाओं में संरक्षित करें गोवंश

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने प्रधानों व सचिवों को गौशालाओं में गोवंश संरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगाह किया है कि अगर किसी ग्राम पंचायत में ऐसा नहीं किया जाता और गोवंश घूमते पाए गए तो संबंधित के खिलाफ की जाएगी।

### परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** पुलिस ने पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराया। आरती पत्नी राममूरत निवासी भदेहदू ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसका पति राममूरत पुत्र मइयादीन एवं ससुराल पक्ष दहेज के लिए मारपीट करते हैं। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी गुड्डी देवी, आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों को समझाया।

### 25 अगस्त तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने बताया कि बकरी पालन योजना के तहत लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इसके तहत आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के बम्हनपुर गांव में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यायालय में पेश न होने पर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। बम्हनपुर गांव निवासी सोनू पुत्र रामस्वरूप व रामस्वरूप पुत्र साधु पुराने मामलों में न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। जिस पर दोनों आरोपी वारंटी चल रहे थे।

# बिजली कटौती से उपभोक्ता हुए परेशान

## तुलसीतीर्थ में लंबे समय से समस्या, पेयजल संकट भी गहराया, विभागीय अफसरों को नहीं है चिंता

अव्यवस्था

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** दावे-वादे और हकीकत में जमीन आसमान का अंतर होता है। वह भी सरकारी विभागों के लोगों के वादों और दावों में। तुलसीतीर्थ में लंबे समय से अधाधुंध बिजली कटौती हो रही है। पर किसी को चिंता नहीं। परेशान हो रहे हैं बाशिंदे। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी कभी फाल्ट तो कभी ऊपर से कटौती की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। बिजली कटौती का विपरीत असर पेयजलापूर्ति पर भी पड़ा है। लोग बूंद-बूंद पानी का जुगाड़ कर रहे हैं।

राजापुर कस्बे सहित ग्रामीण अंचलों में इस समय भीषण बिजली कटौती हो रही है। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पानी के लिए लोग दरदर भटक रहे हैं। सुबह होते ही हैंडपंपों के आसपास भारी भीड़ जमा हो जाती है। नगर पंचायत द्वारा टैंकरों से वार्डों में जलापूर्ति भी काफी नहीं हो रही। बाशिंदों का कहना है कि प्रदेश सरकार ने जहां शहरी इलाकों में 22 घंटे तक बिजली मुहैय्या कराने के निर्देश जारी किए गए हैं वहीं राजापुर में बमुश्किल दस घंटे ही बिजली मिलती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शाम होते ही कई-कई घंटे कटौती की जाती है। जब किसी ने पूछा तो ऊपर से फाल्ट बता दिया।

कस्बावासियों का कहना है कि यदि सुधार नहीं किया गया तो विद्युत उपखण्ड राजापुर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।


टैंकर पहुंचा तो आसपास लग गई भीड़। अमृत विचार


पानी के जुगाड़ में जाता युवक।

### जल्द होगा समस्या का समाधान- एसडीएम


इस संबंध में जब जेई जितेंद्र सिंह पटेल से बात करने की कोशिश की गई तो मोबाइल नाट रीचेबल बताता रहा। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कहा कि विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्राचार किया गया है। विद्युत संबंधी कटौती आदि समस्याओं का निदान अविलंब कराया जाएगा। 8

### लोगों ने जताई नाराजगी


सरकार से 22 घंटे बिजली आपूर्ति के कड़े निर्देश हैं। विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के मनमानी रवैये से लगभग 10 घंटे ही बिजली मिल रही है। इस पर भी लो वोल्टेज की समस्या रहती है। कई बार जिला व तहसील प्रशासन को बताया गया पर कोई असर नहीं दिखा। नगर पंचायत के टैंकरों से हर रोज़ दो वार्डों में जलापूर्ति हो रही है लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरा है।

– नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा


कटौती के कारण लोग एक एक बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं। यमुना नदी के किनारे हनुमानगंज, रुपौलिहन टोला, केवटरहा, तुलसीनगर, कृष्णानगर, कारखाना, गयागंज, धोबीगंज, माधवगंज के लोग प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। इससे लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

–सभासद शंकरदयाल जायसवाल


अधिशासी अभियंता और सहायक अधिशासी अभियंता के स्थानांतरण के बाद बिजली का संकट बढ़ा है। विभाग के बड़े अधिकारियों को कोई जानकारी न होने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। विधायक को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया गया है। इस पर अधिशाषी अभियंता को विधायक ने निर्देश भी दिए पर ये कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं। इनको जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। सरकार की छवि धूमिल करने में लगे हैं।

– भाजपा नेता राकेश नामदेव


एसडीएम को शिकायती पत्र देता छात्र। अमृत विचार

# घूस लेकर दिया जा रहा छात्रों को टैबलेट!

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

- पासआउट छात्र ने लगाया आरोप, एसडीएम से शिकायत

**अमृत विचार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर के मैकेनिकल ट्रेड के पासआउट छात्र मनीष कुमार द्विवेदी ने उप जिलाधिकारी को पत्र देकर कालेज के शिक्षक पर टैबलेट के लिए घूस लेने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में जांच कराने का अनुरोध किया है। उधर, प्रधानाचार्य ने कहा कि जांच कराई जाएगी और अगर मामला सही पाया गया तो संबंधित शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मनीष ने बताया कि वह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में व्यवसाय मैकेनिक आरएसी का छात्र रह चुका है। वह मुख्यमंत्री निशुल्क टैबलेट वितरण की पात्रता रखता है। इस संबंध में जारी सूची में भी उसका नाम है लेकिन अभी तक टैबलेट नहीं दिया गया। कहा जा रहा है कि तुम्हें बाद में मुख्य अतिथि द्वारा दिया जाएगा। उसका कहना है कि अगर ऐसा है तो कुछ छात्रों को क्यों दे दिया गया। आरोप लगाया कि 1000 रुपये प्रति छात्र घूस लेकर दिया गया है। छात्र ने बताया कि उसके पास आरोप के संबंध में पूरे सबूत भी हैं। उधर, इस संबंध में आईटीआई के प्रधानाचार्य जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि किसी ने रुपये दिए हैं तो उसे भी तो बताना चाहिए था। अगर छात्र के पास सबूत हैं तो दे। उनको तो छात्र ने शिकायती पत्र भी नहीं दिया। इसके बाद भी वह मामले की तथ्यात्मक जानकारी की जाएगी।

# अस्थाई गौशालाओं के लिए शासन को भेजें मांग पत्र

चित्रकूट कार्यालय

- जिलाधिकारी ने की नगर निकाय के कामों की समीक्षा
- पटेल तिराहा तक रोड लाइट व सुंदरीकरण पर भी चर्चा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को नगर निकाय के कार्यों की समीक्षा बैठक में अस्थायी गौशालाओं के लिए शासन को मांगपत्र भेजने को कहा। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को प्रोजेक्ट के प्रस्ताव देने के निर्देश दिए।

डीएम ने आदर्श नगर योजना के अंतर्गत धनुष चौराहा से पटेल तिराहा तक रोड लाइट व सुंदरीकरण की समीक्षा की। निर्देशित किया कि फुटपाथ पर जोन बनाएं, जिससे वाहन सड़क पर न खड़ें हो और दुर्घटना से बचा जा सके। अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधूरे कामों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण पूरा कराए। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, मोहम्मद जसीम, एक्सईए जल निगम डीके सत्संगी आदि मौजूद रहे।

### शहर के पास बने उपवन

- डीएम ने उपवन वन बनाए जाने के लिए सभी अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत शहर के पास उपवन बनाया जाए। संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय बनाकर इसका स्थल चिह्नित करें। उन्होंने वंदन योजना के तहत नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद में ऐतिहासिक धार्मिक पौराणिक स्थलों को चिह्नित करने व फोटोग्राफ देने के निर्देश दिए, जिससे उनका सुंदरीकरण कराया जा सके।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# पति सहित 6 पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जल्ला गांव में अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुरालजनों द्वारा विवाहिता महिला के साथ गाली गलौज मारपीट करने पर ससुरालजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

पड़ोसी जनपद महोबा के थाना चरखारी के ग्राम पंचमपुरा गांव निवासी पीड़िता अम्ब्रेश कुमारी पुत्री राम प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मेरी शादी बीते 22 जनवरी 2022 को कुरारा थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी हरपाल पुत्र जयराम के साथ हुई थी। पिता ने शादी में अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद मेरे पति हरपाल, जेठ शंकर व सहदेव, देवर धीरज व सूरज, सास उर्मिला अतिरिक्त दहेज में एक बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर आए दिन गाली गलौज मारपीट करने लगे। 2 जून 2024 को मेरे पिता मेरे ससुराल आए तो ससुराली जनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे।

# शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग की आवाज उठाई

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय में शुक्रवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। उधर, रगौली इंटर कालेज में भी कार्यक्रम हुआ। इसमें मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया।

रगौली इंटर कालेज में हुए कार्यक्रम में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने कोल्हापुर राज्य में शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग के लोगों को सत्ता में समान भागीदारी देकर सामाजिक परिवर्तन की अलख जगाई थी। उनका जीवन इन्हीं के उत्थान के प्रति समर्पित रहा। शाहूजी महाराज ने अपने राज्य कोल्हापुर से आरक्षण की शुरुआत की थी। इसके अलावा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की मंशा से कोल्हापुर स्टेट में देश के प्रथम महिला महाविद्यालय की स्थापना की। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को स्कॉलरशिप देकर पढ़ाई को कोलंबिया विवि भेजने का ऐतिहासिक कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने भी छत्रपति शाहूजी महाराज के व्यक्तित्व-कृतित्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आरडी सिंह, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सुनील सिंह पटेल, सुशील सिंह पटेल, राजकुमार त्रिपाठी, रवि गुप्ता, प्रदीप सिंह, सुरेश अगुरागी, दीपक सिंह पटेल, सुशील सिंह पटेल, विजय कुमार, अरुण सिंह बघेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकेशन ने किया। विद्यालयों की छात्राओं की प्रस्तुतियों को लोगों ने सराहा।

बसपा के जिला कार्यालय में जयंती कार्यक्रम हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा एडवोकेट, कौशलेंद्र कुमार एडवोकेट, सोनपाल वर्मा, जगदीश यादव, नरेंद्रपाल वर्मा, गया प्रसाद सविता, विनोद पाल, अजय प्रधान, संतोष कुमार, कामता पटेल, अनिल तिवारी, राममूरत वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, रामभजन, राजबहादुर निषाद, विनय कुमार पाल, लवकुश, कैलाश पाल एडवोकेट आदि मौजूद रहे।


होनहार छात्रा को सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष, साथ में पूर्व सांसद।



शाहूजी महाराज की जयंती मनाते बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### ..तो इसलिए मनाते हैं 26 जुलाई को जयंती

छत्रपति शाहू जी महाराज के जन्म की तिथि 26 जून है। गूगल सर्च इंजन और अन्य कई जगहों पर भी यह तिथि 26 जून बताई जाती है पर जयंती 26 जुलाई को मनाई जाती है। बसपा जिलाध्यक्ष से जब पूछा गया तो उन्होंने इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सही है कि शाहूजी महाराज का जन्मदिन 26 जून को है पर 26 जुलाई को उन्होंने दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण की शुरुआत की थी। इससे समाज में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन हुआ था। इसी वजह से उनके समर्थकों ने तय किया था कि शाहूजी महाराज की जयंती 26 जुलाई को मनाई जाएगी। इस संबंध में जब निवर्तमान सांसद भाजपा नेता आरके सिंह पटेल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जन्म की तारीख में संशय की स्थिति अक्सर बन जाती है। इसकी वजह यह हो सकती है कि तब संवत्सर चला करता था। उन्होंने बताया कि वह अपने कालेज में 26 जुलाई को ही यह जयंती मनाते चले आ रहे हैं। यह उनके कालेज का स्थापना दिवस भी है। तारीख से क्या फर्क पड़ता है, एक महीने पहले हो या बाद में।

# फिर दबोचा गया पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी

चित्रकूट कार्यालय

- कई चोरियों का है आरोप, माल और तमंचा बरामद
- 25 जुलाई की सुबह पुलिस अभिरक्षा से भागा था आरोपी

**अमृत विचार।** आखिरकार कोतवाली में पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी युवक को पुलिस ने फिर से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, यह चोरी की कई घटनाओं में शामिल रहा है। इससे लाखों का माल, तमंचा और बाइक बरामद की गई है।

25 जून को मोहम्मद सईम पुत्र मोहम्मद हकीम निवासी कालूपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से चोरों ने गहने और मोबाइल चुरा लिया। एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना कोतवाली के एसआई अनिल कुमार मिश्रा की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 24 जुलाई की आरोपी शिवबली पुत्र राजकुमार निवासी मनकुवांर को गिरफ्तार किया था। इससे चोरी के गहने और, साढ़े दस हजार रुपये आदि बरामद किया गया था। आरोपी ने कालूपुर पाही, पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालापुर, ग्राम पहरा में साथी बबलू पासी पुत्र प्रेमनारायण निवासी मनकुंवार के साथ चोरी की बात कुबूली थी। शिवबली को पुलिस ने रात में कोतवाली कर्वी में दाखिल किया था, जहां से वह 25 जुलाई की सुबह लगभग साढ़े चार बजे भाग गया था। एसओजी व कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम ने पुलिस अभिरक्षा से फरार शिवबली को 17 घंटे के अंदर पुनः गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस टीम एमपी त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह, एसआई अनिल कुमार मिश्रा, प्रभुनाथ सिंह, मुख्य आरक्षी साबीर हुसैन, जितेंद्र कुशवाहा, आरक्षी रोहित सिंह, गोलू भार्गव, पवन राजपूत, ज्ञानेश मिश्रा और राहुल देव शामिल रहे।

### वारंटी गिरफ्तार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** पहाड़ी के एसआई अवधनारायण ने वारंटी मनोज कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी पहाड़ी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी दीपक और गुड्डू सिंह भी शामिल रहे।

# विवाहिता ने फांसी लगाई, मौत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- मायकेवालों ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रुपौली में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्राम पंचायत रूपौली निवासी पवन निषाद की पत्नी मीना (32) ने शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। आत्महत्या की वजह गृह कलह एवं पति की प्रताड़ना बताई जा रही है। बताया जाता है कि मीना के पति पवन निषाद ने 23 जुलाई को उसे मारापीटा था। मीना ने इसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी पति को जेल भी भेजा था। मायकेवालों के अनुसार, जमानत पर लौट कर आने पर मीना को उसने फिर बुरी तरह से मारापीटा। इससे मीना राजापुर में रहने वाली छोटी बहन पुष्पा के यहां आ गई थी। 25 को पवन फिर से ले गया था। अगले दिन मीना ने आत्महत्या कर ली। पुष्पा ने पुलिस को मीना की मौत की जानकारी दी। मीना अपने पीछे चार पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गई है।

## सार-संक्षेप


प्रार्थना सभा में भाग लेते विद्यार्थी और शिक्षक। अमृत विचार

### ग्रामोदय विवि में हुई प्रार्थना सभा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बीकॉम और बीएससी के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने विवेकानंद सभागार में मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम में शामिल प्रार्थना सभा की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने प्रार्थना सभा का महत्व बताया। अंजली द्विवेदी, वैभव श्रीवास्तव, काजल साहू, इशू, भारती सिंह आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम भजन के साथ प्रार्थना सभा का समापन हुआ।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते छानी गांव के ग्रामीण। अमृत विचार

### आरसीसी रोड, नाला की मांग

**हमीरपुर।** 125 मीटर लम्बी आरसीसी सड़क व नाला निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे उन्होंने स्कूली बच्चों को जलभराव व किचड़ से होकर निकलने की समस्या से अवगत कराया है। मौदहा तहसील के छानी गांव निवासी सिपाहीलाल, बाबूलाल निषाद, काली चरन, राजकुमार, कामता यादव, शेर सिंह, संतोष तिवारी, हरिलाल, जयनारायण, सुरेश कुमार, राजेश आदि ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि उनके गांव छानी में सिपाहीलाल के दरवाज़े से जुग्गीलाल के दरवाज़े तक लगभग 125 मीटर की सड़क कच्ची होने के कारण कीचड़, दलदल व जलभराव की समस्या से समस्त ग्रामीणों को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। जिसमे छोटे छोटे बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए निकलते है।

बैठक — जब जिलाधिकारी ने पूछा तो जवाब नहीं दे पाए बीईओ

# ऐसे शिक्षक कितने जो ठीक से नहीं पढ़ाते, क्या कार्रवाई की

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शिक्षकों को सलाह दी कि वे बच्चों की रुचि के अनुसार पठनपाठन कराएं। उन्होंने सभी खंड शिक्षाधिकारियों से पूछा कि कौन-कौन शिक्षक ठीक से नहीं पढ़ाते और उन पर क्या कार्रवाई हुई। इस पर बीईओ की ओर से सही जवाब न मिलने पर उन्होंने सख्त नाराजगी जाहिर की।

जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा निपुण भारत संबंधी स्टॉक फोर्स की बैठक में डीएम ने सभी 19 पैरामीटरों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां पर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 50 से 60 प्रतिशत है, वहां ध्यान दें। डीएम ने बीईओ को आगाह किया कि मनोयोग से कार्य करें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। पढ़ाने में रुचि नहीं लेने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करें। छोटे बच्चों की पढ़ाई में रुचि पैदा करने के लिये भरपूर प्रयास किए जाएं। मिडडे मील में गुणवत्ता रखें और मीनू के अनुसार ही भोजन बनाएं। डीएम ने कहा कि जिन स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था नहीं है, वहां सहायक अभियंता जल जीवन मिशन से संपर्क कर कनेक्शन कराए। टॉयलेट ठीक कराएं। बीईओ और बीडीओ यह सुनिश्चित करें कि जिन विद्यालयों में टॉयलेट तोड़ दिए गए हैं, संबंधित के खिलाफ कारवाई की जाए। 29 जुलाई तक सभी संबंधित अधिकारी निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें।


बैठक में जानकारी लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### इससे गिरती है रैंकिंग

डीएम ने बीएसए बीके शर्मा को निर्देश दिए कि देखें कि अधिकारी समय से निरीक्षण करें। इसकी मॉनीटरिंग सीएम डैशबोर्ड पर होती है, जिससे रैंकिंग में गिरावट आती है। उन्होंने आधार सीडिंग के संबंध में भी निर्देशित किया। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### छात्र ने किया नाम रोशन

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी छात्र अमित कुमार वर्मा ने गेट परीक्षा पास कर ली है। उसे गणित विभाग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में डेटा साइंस में प्रवेश मिला। अजय कुमार के बेटे अमित ने हाईस्कूल में 86 एवं इंटरमीडिएट में 73 प्रतिशत अंक पाए। अजय कुमार की पहाड़ी में बैटरी की दुकान है। माता फूल कुमारी गृहिणी हैं।


अमित।

# पौधरोपण के लिए खोदे गए गड्ढों की नहीं मिली मजदूरी

## जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शेष भुगतान कराने की उठाई मांग , क्षेत्रीय वनाधिकारी ने नहीं दी तय धनराशि

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** वन ब्लाकों में पौधरोपण के लिए पूर्व में खोद गए गड्ढों का भुगतान न होने से परेशान मजदूरों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर बकाया भुगतान की राशि दिलाए जाने की मांग की है। डीएम को दिए पत्र में मजदूरों ने आरोप लगाया कि बकाया मजदूरी बैंक खातों में भेजने का आश्वासन दिया गया, लेकिन शेष पैसा आज तक नहीं मिला। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने निर्धारित तय राशि के अनुसार पैसे का भुगतान नहीं किया , जिससे परेशान मजदूरों ने जिलाधिकारी कार्यालय का दरवाजा खटखटाया है।

वन विभाग ने पौध रोपण के लिए खुदवाए गए गड्ढों का भुगतान न किए जाने से आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्र सौंपा। डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि मजदूरों द्वारा 85550 गड्ढे वन ब्लाक क्षेत्र में पौध रोपण के लिए खोद गए, जिनके लिए क्षेत्रीय वनाधिकारी द्वारा निर्धारित राशि तय थी। शिकायत


जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर ज्ञापन दिखाते मजदूर। अमृत विचार

करने पहुंचे सत्यदीन राजपूत, परमसिंह, देवीदीन, प्राणसिंह, सुरेश बहादुर, हमेंद्र, लक्ष्मीशंकर सहित तमाम मजदूरों ने बताया कि क्षेत्रीय वनाधिकारी के मौखिक करने पर मजदूरों ने पौध लगाने के लिए गड्ढे खोदने का काम किया था, जो मजदूरी के लिए भटक रहे है।

बिलखी वन ब्लाक के बी सेक्टर भूमि में पांच हजार गड्ढे, मुरानी क्षेत्र में 7500 गड्ढे, सिजहरी में 32500, बरा 23750 और वन ब्लाक बिलरही में 5450 गड्ढे, भंडरा में 11350 गड्ढे पौध रोपण के लिए खोदे गए, जिसके लिए क्षेत्रीय वनाधिकारी ने नौ रुपये प्रति गड्ढे के हिसाब से तय किया गया, जिसका 3,90,000 रुपये भुगतान कर दिया गया, बकाया भुगतान के लिए मजदूर क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यलय के चक्कर काट रहे हैं।

मजदूरों ने आरोप लगाया कि मजदूरी मांगे जाने पर उन्हें टहलाया जा रहा है। मजदूरों ने निष्पक्ष जांच कर बकाया भुगतान दिलाए जाने की मांग की है।

# विद्यालय के नाम दर्ज जमीन पर भी दे दिए पट्टे

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपरामाफ में चकबंदी प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही चकबंदी लेखपाल ने नियम विरुद्ध तरीके से ग्राम समाज की भूमि पर पट्टे कर दिए। इतना ही नहीं विद्यालय के नाम दर्ज जमीन पर भी कुछ पट्टे कर दिए गए। नियम विरुद्ध तरीके से किए गए पट्टे की जांच कराए जाने के लिए भारतीय हलधर किसान यूनियन ने अपर जिलाधिकारी और चकबंदी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा।

भारतीय हरधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहान ने अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि चकबंदी प्रक्रिया दौरान किसी भी जमीन का पट्टा नहीं किया जा सकता, जबकि पिपरामाफ गांव के चकबंदी लेखपाल ने चकबंदी प्रक्रिया दौरान आधा दर्जन से ज्यादा अपने चहेतों को पट्टे कर दिए हैं।


अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते किसान नेता। अमृत विचार

- **चकबंदी अधिकारी ने एसओसी को जांच के दिए निर्देश**

नियम विरुद्ध तरीके से किए गए पट्टों की जांच कराए जाने की मांग की गई, जिससे अपने पद का दुरुपयोग कर मनमाने तरीके से पट्टे करने वाले लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि लेखपाल ने विद्यालय के नाम दर्ज जमीन को खाली दिखाकर विद्यालय की जमीन के भी पट्टे कर दिए, जिससे शिक्षण कार्य के लिए आरक्षित पड़ी भूमि पर भी पट्टे हो जाने से लोग कब्जे करने में जुट गए हैं।

इस लिए जल्द से जल्द मामले की टीम गठित कर जांच कराकर विद्यालय की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। ज्ञापन देने वालों किसान यूनियन के मण्डल उपाध्यक्ष प्रेमचंद्र तिवारी, वीरबहादुर सिंह, शिशुपाल सिंह, हरिहर राजा, पहाड़ सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पार्टी नेता के समर्थन में उतरे सपाई, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता कार्यालय, महोबा


कलेक्ट्रेक्ट में प्रदर्शन करते सपाई।

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव को महंगा पड़ गया। मनगढ़ंत तरीके और बिना सबूत के पूर्ति विभाग को भ्रष्ट विभाग कहने के मामले में पूर्ति निरीक्षक ने सपा नेता के खिलाफ कोतवाली महोबा में मुकदमा दर्ज करा दिया है। इससे नाराज सपा कार्यकर्ता पूर्व प्रदेश सचिव के बचाव में कूद पड़े और सपा नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच की मांग की है।

दो दिन पूर्व सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव योगेश यादव ने पूर्ति विभाग द्वारा भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाया था साथ ही सोशल मीडिया में पोस्ट की गई थी, जिसे पूर्ति विभाग ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इसके बाद पूर्ति निरीक्षण प्रवीण कुमार ने कोतवाली में भ्रष्टाचार का झूठा आरोप लगाकर विभाग की छवि धूमिल करने वाले सपा नेता के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया था।

शुक्रवार को यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष लवलेश कुमार राजपूत के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता एकजुट हुए, इसके बाद सपाई कलेक्ट्रेक्ट पहुंचे, जहां पर सपाइयों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पूर्ति निरीक्षक ने जनप्रतिनिधियों के दबाव में आकर फर्जी मुकदमा सपा नेता के खिलाफ दर्ज करा दिया है। ज्ञापन देने वालों में अखिलेश कुमार, नरेश, धर्मेंद्र कुमार अतरोलिया, यासीन, हुकुम सिंह, कुलदीप आदि रहे।

# वर्षों पुराने अवैध मकान पर चली जेसीबी

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद चरखारी द्वारा शुक्रवार को नगर में एक बार फिर जेसीबी चलाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोहल्ला तुर्कियाना में नगर विकास पालिका की भूमि पर वर्षो पहले बनाए गए मकान पर जेसीबी मशीन चलाते हुए उसे धराशायी कर दिया गया। जारी किए गए नोटिस के अनुसार अतिक्रमण हटाओ अभियान नगर में अभी जारी रहेगा ।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेष कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को अतिक्रमण अभियान चलाया गया, जिसके तहत सर्वप्रथम नगर पालिका कर्मचारी व पुलिस जेसीबी मशीन के साथ नगर के मोहल्ला तुर्कियाना की सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर कच्चे कमरे का निर्माण किए जाने वाले अतिक्रमणकारी को पूर्व में नोटिस दिए जाने के बाद भी अवैध


जेसीबी चलाने के बाद मकान को तोड़ते कर्मचारी। अमृत विचार

- **ईओ बोले अतिक्रमणकारियों को पूर्व में दिया जा चुका है नोटिस, जारी रहेगा अभियान**

कब्जा न हटाए जाने पर टीम द्वारा जेसीबी मशीन चलाकर मकान को धराशायी कर दिया गया और भूमि पर कब्जा कर लिया गया। मकान पर जेसीबी चलते ही लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

इसके पूर्व मुहल्ला सोहरयांव में रतन सागर तालाब के बंधान पर अवैध कब्जा करते हुए अस्थायी दुकानों का निर्माण भूरा, रमेश, शंकर, सतीश, मनोज, राकेश, पवन, सुरेश, बसोरे आदि द्वारा किया गया था, जिन्हें अधिशाषी अधिकारी व पुलिस की मौजूदगी में पालिका द्वारा हटवाया गया है।

अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि नगर के जो भी अतिक्रमण हटवाए गए हैं, उन्हें पूर्व में नोटिस देते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया था, लेकिन नोटिस के बाद भी अतिक्रमण न हटाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई।

# स्थाई लोक अदालत में बनाए जाएंगे दो सदस्य

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर एवं जनपद न्यायाधीश महोबा जेपी यादव के आदेशानुसार कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवीन एडीआर भवन, (सीएमओ कार्यालय के बगल में) पुलिस लाइन रोड, महोबा में न्यायालय, स्थायी लोक अदालत महोबा मे सदस्य के दो पदां के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जिनकी सेवा अवधि 05 वर्ष या उनकी आयु अधिकतम 65 वर्ष, (जो भी पहले हो) तक रहेगी।

सदस्य पद के लिए योग्यता अनुभव के आधार पर तय की जायेगी। आवेदनकर्ता द्वारा सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं सेवाओं (हवाई, यातायात, परिवहन सेवा, डाक तार एवं टेलीफोन सेवा या किसी प्रतिष्ठान द्वारा जनता को बिजली प्रकाश या पानी की आपूर्ति आदि सेवाओं का अनुभव या सार्वजनिक स्वस्च्छता प्रणाली, अस्पताल, औषधालय में सेवा या बीमा सेवा आदि) का अनुभव आवश्यक है।

पुरुष अथवा महिला उक्त पद के लिए आवेदन किये जाने हेतु इच्छुक हों, वे अपना आवेदन दिनांक 23 अगस्त को समय शाम पांच बजे तक जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, महोबा मे पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अभ्यार्थी के साक्षात्कार के दिनांक, समय व स्थान की सूचना जनपद न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट एवं उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# घर-घर में बनने लगीं शंकर जी की पिंडी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सावन मास में शंकरजी की पिण्डी बनाने के लिये श्रद्धालु जुटे हुये है। कहीं कहीं पर शंकरजी की मूर्तियां भी बनाई जा रही है। शिवजी की पिण्डी बनाने के लिये महिलायें, पुरुष और बच्चे पूरे भक्ति भाव से जुटे हुये है। शिव मंदिरों के अलावा घरों में लोग शिव की पिंडियां बना रहे हैं।

शंकर जी की पिंडिया बनाने के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिख रहा है। महिलाएं घरेलू कामकाज छोड़कर सुबह से ही इस पुन्य कार्य में जुट जाती हैं। उनके साथ बच्चे भी खूब हाथ बंटा रहे हैं। कोई 21 हजार कोई 11 हजार तो कोई 5100 पिडिंयां बनवा रहा है, इसके लिये लोगों में खासी श्रद्धा दिखाई दे रही है। मन्दिरों के अलावा घर घर में लोग शंकर जी की पिण्डियां बनवा रहे है। इस काम में लोग सुबह नाश्ता करने के बाद से ही जुट जाते है। आस पडोस की


मन्दिर में शंकर जी की पिंडी बनाते श्रद्धालु। अमृत विचार

- **घरों के अलावा मंदिरों में भी महिलाएं व पुरुष सुबह से पहुंचकर बना रहे हैं पिंडी**

महिलायें और बच्चे भी एक दूसरे के घरों में जाकर पूरे भक्ति भाव के साथ शंकर जी की पिण्डियां बनाने में जुटे हुये है।

सावन मास प्रारम्भ होते ही शहर के विभिन्न मुहल्लों और अलग अलग मन्दिरों में यह कार्य तेजी से शुरु हो गया है। महिलायें पडोसियों के यहां छोटे छोटे बच्चों को लेकर पहुंच जाती है। छोटे छोटे बच्चे इधर उधर खेलते रहते है, जबकि महिलायें और पुरुष पिण्डियां बनाने में जुट जाते है। इतना ही नही कुछ लोगों द्वारा शंकरजी, पार्वती, गणेशजी, कार्तिकेय, नंदीजी, मूसक, मयूर आदि की मूर्तियां बनाई जा रही है। उमंगेश्वर द्वादस शिव मंदिर के पुजारी का कहना है कि सावन मास में भक्तिभाव के साथ शिवजी की पिंडियां बनाई जाती है, इसके बाद जलाभिषेक कर पूजा अर्चना होती है।

# सड़कों पर गोवंश मिले तो होगी सख्त कार्रवाई

**बांदा।** कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की।

डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों व पशु चिकित्सा अधिकारियों तथा एडीओ पंचायत को निर्देश दिये कि सभी गौवंश जनपद में बने स्थायी और अस्थाई गौशालाओं में रखे जायें। सड़कों पर गौवंश विचरण करते हुए नहीं पाये जायें। अभियान चलाकर सड़कों पर घूमने वाले अन्ना मवेशियों को गौशालाओं में भेजा जाए। गौवंश के इकट्ठा होने वाले स्थानों को चिन्हित कर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने ग्राम प्रधानों से सहयोग करने के निर्देश दिये। कहा कि गौवंशों की ईयर टैगिंग, टीकाकरण, भूसा चारा, पेयजल आदि की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। अन्ना मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों से करने को कहा।

उन्होंने गोवशों से संबंधित सूचनाओं की डाटा फीडिंग भी निर्धारित एप पर कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी पैलानी व नरैनी सहित एडीओ पंचायत व संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा समाज की बैठक कल

**कुलपहाड़ महोबा।** विश्वकर्मा समाज समिति की बैठक आगामी 28 जुलाई को नगर के एक पैलेस में की जाएगी। विश्वकर्मा समिति के अध्यक्ष हरिचरन विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जुलाई को आहूत की गई बैठक में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक है। जो तीन बैठक में उपस्थित नहीं होगा, उसकी सदस्यता समाप्ति पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक में अराध्य देव श्री 108 भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन समारोह पर चर्चा के साथ मंदिर में किए कार्य, भवन निर्माण आदि के लेखा-जोखा पर चर्चा की जाएगी। सभी लोगों से रसीद आदि लेकर एक बजे निर्धारित बैठक स्थल में उपस्थित हों।

# बारिश के मौसम में बच्चों को तालाबों, नदियों के पास न जाने दें

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में सरोवरों, नदियों और बांधों मे जलस्तर बढ़ जाने से अक्सर तालाबों में डूबने की घटनाएं होती रहती है। इसी देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण महोबा ने डूबने से बचने के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। जिलाधिकारी ने आमजन मानस को पानी डूबने से बचाव के लिए अपील भी की है।

जिलाधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का प्रयोग करके तालाब और सरोवरों के पानी में न जाएं। हाट पर उपस्थित सुरक्षा दल के निर्देशों को सुने और उसका

- **बारिश के मौसम को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी की एडवाइजरी**

पालन करें। यदि बच्चे पानी के समीप है तो अभिभावकों क देखदेख में रहे, पानी में किसी भी प्रकार का खेल न खेले। तैरना न आता है तो नदी या अन्य जल स्रोतों से दूर रहे। अधिक गहरे पानी में न जाएं, एक नाव से दूसरी नाव में कूदकर जाने का प्रयास न करें। पानी में सेल्फी लेने का प्रयास खतरना साबित हो सकता है। जल में लगे बाड़े के आगे जाने की कोशिश न करें। विषम परिस्थिति में खबराएं नहीं और सहास से काम ले। टूटी फूटी और जर्जर नाव पर कभी भी सवारी न करें। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें।

### डूबते समय कैसे करें बचाव

सबसे पहले पानी में डूबते समय खबराएं नहीं, बल्कि शांत रहे, अपने सिर को पानी से ऊपर की ओर रखे और हाथ पैर चलाते रहें। अपने शरीर की वजनदार वस्तुओं को हटा दें, जैसे जूते ओर बैग। पानी को पीछे की तरफ ढकेलते रहे ताकि आप स्थिर रह सके। हाथों की सहायता से पानी को ऊपर की ओर उछाले, जिससे लोग आपको देख पाए। डूबते समय आसपास मौजूद लोगों से मदद ले।

## सार-संक्षेप

### कारगिल विजय दिवस पर बच्चों को दी गई जानकारी


सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में मौजूद बच्चे।

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता संतोष राजावत ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के जवानों ने कड़ी मेहनत एवं संघर्ष से ऊंची चोटियों पर पहले से तैनात पाकिस्तान की फौज को मार गिराया और भारतीय तिरंगा फहरा दिया। प्रधानाचार्य हरिनारायन नगाइच ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई पाकिस्तानी जनरल मुशर्रफ से आगरा शिखर वार्ता कर रहे थे। तभी धोका देकर पाकिस्तान की फौज कारगिल में पहले से जम गई। जब इसकी जानकारी भारतीय फौज को हुई तो भारतीय सेना के जवानों ने मुंह तोड़ जबाव दिया।

### किशोरी की कुएं में गिरकर मौत

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम लामौरा में कुएं में पानी भरने गई एक किशोरी का पानी भरते समय अचानक पैर फिसल जाने से उसकी कुएं में गिरने से मौत हो गई। ग्राम लामोरा निवासी पूजा 17 पुत्री हीरा खेत के पास बने कुएं में पीने का पानी भरने गई थी। पानी भरते समय अचानक उसका पैर फिसलते ही संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में जा गिरी। गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े और कुएं में रस्सी डालकर किशोरी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**शौर्यगाथा** | कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बुंदेली समाज ने किया पौधरोपण

# कारगिल के शहीदों को याद कर किया नमन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को बुंदेलों ने कारगिल शहीद कमांडो जगदीश यादव की समाधि स्थल में पीपल, बरगद, आम व शरीफे के पौधे लगाकर उन सभी जवानों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये, जो 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे। बुंदेलों ने उन सभी बलिदानियों की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि शहीदों की स्मृति में पौधे लगाने के अभियान की शुरूआत शुक्रवार की सुबह छह बजे गोरखगिरि पर्वत से हुई, जहां दो आम व दो जामुन के पौधे लगाए गए। इसके बाद पचपहरा गांव में कमांडो जगदीश



शहीद की समाधि स्थल पर पौधरोपण करते बुंदेली समाज के लोग व मशाल जुलूस निकालते भाजपाई। अमृत विचार

यादव के समाधि स्थल पर जाकर पीपल, बरगद, आम और जामुन के पौधे लगाए गए। पिछले वर्षों में जो पौधे लगाए गए, उनको लहलहाते देखकर संतुष्टि मिली, ज्यादातर पेड़ बड़े हो गए। दो महीने तक चले कारगिल युद्ध में महोबा के दो शहीद भी शामिल हैं।

गंज गांव के लांसनायक बालेन्द्र सिंह 21 जून, 1999 व पचपहरा गांव के कमांडो जगदीश यादव दो जुलाई, 1999 को शहीद हुए थे। शहीद दिनेश बुधौलिया कारगिल युद्ध के 6 माह बाद 18 जनवरी, 2000 को कश्मीर में वीरगति को प्राप्त हुए।

उन्होंने बताया कि कमांडो जगदीश यादव सेना में जाने से पहले पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की सुरक्षा में भी तैनात रहे। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, अवधेश गुप्ता, मनीष जैदका, प्रेम चौरसिया, रविन्द्र तिवारी, गया प्रसाद, सिद्ध गोपाल सेन व महिपाल यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### भाजपा ने विजय पर निकाला मशाल जुलूस

कारगिल की विजय वर्षगांठ पर गुरुवार की रात को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने बलिदानी राकेश चौरसिया स्मारक से मशाल जुलूस निकाला गया, जो झल्कारीबाई चौराहा से होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होता महोबा स्मारक पर पहुंचकर समाप्त हुआ। 26 घंटे का विजय दीपक भी स्मारक पर जलाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीमान शिवेंद्र सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप तिवार, सत्येंद्र गुप्ता सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे। मशाल जुलूस दौरान युवा देशी भक्ति गीत गात हुए चल रहे थे। साथ ही जोशीले नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

# पहली बारिश में ही हुआ जलभराव

संवाददाता जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** मौसम की पहली जोरदार बारिश में कस्बा जैतपुर में नारकीय स्थिति पैदा हो गई है। नालियों की साफ सफाई न कराए जाने और कच्चे मार्गों को पक्का न कराए जाने से जगह जगह जलभराव हो जाने के कारण लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ नालियों से जल निकासी न होने के कारण कच्चे मार्ग पर पानी भर जाने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से नाले नालियों की सफाई न होने के कारण जल निकासी न होने से नालियों का पानी सड़कों और मार्गों में बहने से आवागमन बाधित हो रहा है। कच्ची सडकों में पानी भरने से दो पहिया वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं कच्चे मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से उनमें पानी भर


कच्ची सड़क पर बहता पानी व गंदगी। अमृत विचार

- **झमाझम बारिश होने से खिले किसानों के चेहरे**

जाने के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। कई दो पहिया वाहन चालक कच्चे मार्ग में मिट्टी गीलों होने के कारण फिसल कर गिर रहे है। मौसम की तेज बारिश होने से सूख रही खरीफ की फसल को समय से पानी मिल जाने के कारण किसान भी गदगद हो गए हैं। बारिश से खेतों में आई हरियाली को देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे। पिछले दस दिनो से सूखे पड़े खेत पानी मांग रहे थे, लेकिन बारिश न होने से किसान भी हाथ पर हाथ धरे बैठा था। सैकड़ों बीघा में किसानों द्वारा मूंग, उर्द, तिल, ज्वार, मूंगफली की बुवाई तो कर दी गई, लेकिन इंद्रदेव के रुठ जाने से किसान की सांसे थम सी गई थी। जोरदार बारिश से खरीफ की लहलहा रही फसल से किसान काफी खुश नजर आ रहा है।

# सैनिकों के शौर्य की याद दिलाता है कारगिल दिवस

## आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में एबीआईसी के एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के नायकों को दी श्रद्धांजलि


एनसीसी कैडट्स को संबोधित करते मेजर मिथलेश पांडेय। अमृत विचार



पुरस्कारों के साथ प्रतिभागी छात्र। अमृत विचार


मशाल जुलूस निकालते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** एनसीसी कैडेट्स ने भव्य समारोह के बीच कारगिल युद्ध के महानायकों की बहादुरी और वीरता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य ने विजय दिवस के महत्व बताते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस का दिन हमारे सैनिकों की बहादुरी, शौर्य और अदम्य साहस की याद दिलाता है।

आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय की देखरेख में चीफ आफीसर मंगल प्रसाद व केयरटेकर राम प्रसाद के नेतृत्व में शुक्रवार को आदर्श बजरंग इंटर कालेज में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध के महानायकों की बहादुरी और वीरता को याद करते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि कारगिल विजय दिवस खासकर उन वीर सपूतों को समर्पित है, जिन्होंने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल से खदेड़ कर दुर्गम चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराया था। इन्हें वीरों की कहानी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिन कारगिल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कारगिल विजय दिवस के दिन को याद कर आज भी हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच 60 दिन तक चले इस युद्ध को कोई नहीं भूला। युद्ध के दौरान 490 सैन्य अधिकारी और जवान शहीद हुए। करीब 1400 जवान घायल हुए थे। इस साल 25वां कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक हरिराम यादव, अभिषेक मिश्रा, रविंद्र कुठार सहित लगभग 70 एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को याद किया

आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो के तत्वाधान में कारगिल युद्ध पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कारगिल युद्ध के दौरान तैनात रहे सेना के पूर्व टेक्निकल जेसीओ आरपी तिवारी ने कारगिल युद्ध की जानकारी दी। सेवानिवृत्त आर्डिनेंस सूबेदार धर्मराज सिंह ने भी कारगिल युद्ध के बारे में विशेष जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने भी कारगिल युद्ध के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। प्रश्नोत्तरी प्रयोतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों में साधना, अखिलेश कुमार, कंचन, अंकित यादव, अंजलि राजपूत, अभय तिवारी, सुभम, सौम्या, नेहा शामिल रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या वनमाला चौहान, निदेशक प्रवीण चौहान,प्रशांत चौहान प्रबंधक समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मशाल जुलूस निकाल अमर शहीदों को नमन कर दी श्रद्धांजलि

**बांदा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर मशाल जुलूस निकाला। शहर की प्रमुख सड़कों पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट पहुंचा। यहां सभी ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल व भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा कि शहीदों का सम्मान हम सभी को करना चाहिए। कारगिल विजय दिवस जीत का जज्बा लिए, दुश्मन की आंखों में आंखें डालकर उन्हें भागने पर मजबूर करने वाले हमारे वीर योद्धाओं के शौर्य और वीरता का प्रतीक है।इस मौके पर बड़ोखर ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू समेत हिमांशु सिंह, अंबर दीक्षित, राहुल द्विवेदी भाऊ, धनंजय सिंह, धीरू सिंह समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

**बांदा।** कटरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में शुक्रवार को कायस्थ सभा ( चित्रगुप्त परिवार) ने शोक सभा करते हुए सेल्फी किंग व सपा व्यापार सभा प्रदेश सचिव संजय निगम अकेला के आकस्मिक निधन पर शोक सभा की। संगठन पदाधिकारियों व सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। सभा अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव व मंत्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि वह नेक दिल इंसान थे। समाजसेवा में उनकी भूमिका सदैव अग्रणी रही। राजनीति के साथ सभी वर्गों में उनकी ख्याति थी। इस मौके पर संरक्षक ह्रदेश निगम, नीलू श्रीवास्तव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### आठ दरोगा बदले

**बांदा।** एसपी अंकुर अग्रवाल ने दो निरीक्षकों और आधा दर्जन उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा और विजय कुमार कुशवाहा को न्यायालय सुरक्षा से नगर कोतवाली में अपराध निरीक्षक द्वितीय बनाया गया है। वहीं थाना फतेहगंज से उपनिरीक्षक नागेंद्र पांडेय, पुलिस लाइन से कृष्ण कुमार तिवारी, मनोज कुमार और सत्यप्रकाश सिंह को गिरवां थाने में तैनात किया गया है। जबकि थाना चिल्ला में तैनात रहे उपनिरीक्षक अखिलेंद्र प्रताप सिंह को कोतवाली नगर और नागेंद्र कुमार कनौजिया को गिरवां थाने से फतेहगंज थाने में भेजा गया है।

### उत्पीड़न का आरोप

**जालौन।** ससुराली जनों के उत्पीड़न से परेशान एक युवती ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मोहल्ला धर्मशाला निवासी रीना का विवाह उरई मोहल्ला पाठकपुर निवासी शुभम के साथ हुआ था। रीना का आरोप है कि विवाह के बाद से ससुरालीजनों द्वारा उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। रीना ने बताया विवाह में माता-पिता ने भरपूर दहेज दिया था उसके बावजूद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे हैं। जब उसके मायके वालों ने अतिरिक्त दहेज देने से मना किया तो पति शुभम, सास संगीता व ससुर लाल किशोर उसे प्रताड़ित करने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# कारगिल के शहीदों को किया याद

कार्यालय संवाददाता,जालौन

**अमृत विचार।** मैस्कॉट पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कारगिल विजयदिवस मनाया गया। इस दौरान युद्ध में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो के संयुक्त राज्य निदेशक डॉक्टर सोमेंद्र श्रीवास्तव ने की। कारगिल विजय दिवस में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल जलाकर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। डॉक्टर सोमेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि 26 जुलाई के दिन वीर सैनिकों ने कारगिल की ऊंची चोटियों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ कर भारत की सीमाओं की रक्षा की थी। कारगिल युद्ध अत्यंत कठिन परिस्थितियों में लड़ा गया था। कड़ाके की ठंड, दुर्गम पहाड़ियों और पाकिस्तानी सेना की मजबूत किले बंदी इन सब चुनौतियों का सामना करते हुए हमारे वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान करते हुए मातृभूमि की रक्षा की और अपने प्राणों की आहुति दे दी।हम उनके परिवारों के प्रति भी अपना सम्मान व्यक्त करते हैं। साथ ही उन भारतीय सैनिकों को भी सलाम करते हैं जिन्होंने युद्ध में वीरता से देश की रक्षा की।

आज के अवसर पर हम सभी मिलकर संकल्प लें कि हमेशा अपने देश के मान सम्मान के लिए समर्पित रहेंगे। अपने राष्ट्रध्वज का सम्मान करेंगे और शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे ।इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर औसफ अंसारी ने आभार जताया।


कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते बच्चे। अमृत विचार


पुलिस लाइन में सलामी लेते एसपी दुर्गेश कुमार। अमृत विचार

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में देखीं व्यवस्थाएं

**उरई।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन में होने वाली परेड की सलामी ली और परेड में शामिल पुलिस कर्मियों की वर्दी देखी। इसके बाद पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं, वर्दी स्टोर, परिवहन शाखा, मैस इत्यादि का निरीक्षण भी किया। बाद में वह अर्दली रूम भी गए और पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई देखा। कुछ जगह खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कालपी क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार पचौरी, क्षेत्राधिकारी जालौन राम सिंह, कोंच क्षेत्राधिकारी उमेश कुमार समेत सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष को हत्या की धमकी से करणीसेना में उबाल

कार्यालय संवाददाता उरई

- कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर गृहमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अमृत विचार।** श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणीसेना की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को जान से मारने की धमकी दिये जाने से जनपद जालौन की शाखा में आक्रोश है। इसी मामले को लेकर करणीसेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर केन्द्र सरकार के गृहमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।

करणीसेना के जिलाध्यक्ष ध्रुव सेंगर के नेतृत्व में बुंदेलखंड संरक्षक पवन तोमर, नगर उपाध्यक्ष जीतू ठाकुर, युवा जिलाध्यक्ष अखिल सेंगर, बृजपाल सिंह चौहान सहित दर्जन भर करणीसेना कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर गृहमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देते हुए बताया कि 5 दिसंबर 2023 को करणीसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या कर दी गयी थी इसके बाद उनकी पत्नी एवं करणीसेना की कार्यकारी अध्यक्ष शीला सुखदेव गोगामेड़ी को हत्या की धमकी मिल रही है। सुखदेव की हत्या के बाद जिन मुद्दों को लेकर उनके परिजनों एवं सरकार के बीच समझौता हुआ था। उन मांगों को राजस्थान सरकार द्वारा आज तक पूरा नहीं किया गया। करणीसेना के लोगों ने यह भी बताया कि 20 जुलाई 2024 को एक विदेशी नम्बर से शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को जान से मारने की धमकी आई है।

# सकारात्मक दिशा में करें न्यायिक शक्ति का प्रयोग: डॉ.रजनीश दुबे

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ रजनीश दुबे की अध्यक्षता में आयुक्त एवं डीएम ने राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होंने मौजूद राजस्व अधिकारियों को उन्हें प्रदत्त न्यायिक शक्ति का दुरुपयोग न करने व उसे सकारात्मक दिशा में प्रयोग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व कानून की किताबों को जरूर पढ़ें। बिना कलेक्शन मैनुअल का अध्ययन किये बगैर वाद का निर्णय कदापि न करें। तहसीलदार/परगना मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित वादों का शत प्रतिशत निस्तारण करें। धारा 80 के आने वाले प्रकरणों का समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। खतौनी, खसरा, भूनक्शा, स्वामित्व योजना, आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र आदि का सही समय पर निस्तारण करने की बात कही। मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने संयुक्त रूप से राजस्व परिषद को स्मृति चिह्न भेंट किया। बाद में अपर जिलाधिकारी न्यायिक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि कर करेत्तर में जिले के वार्षिक लक्ष्य को विगत वर्ष के सापेक्ष कम से कम 20 प्रतिशत बढ़ाया जाए। जिले के 10 बड़े बकायादारों की सूची निर्गत चलअचल सम्पति कुर्क करें। खसरा पड़ताल 30 सितम्बर तक पूर्ण कर दें।



बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ रजनीश दुबे। अमृत विचार

**उल्लास** जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत, खाटूश्याम सेवा मंडल ने पिलाया शर्बत

# गाजे-बाजे के साथ कांवड़ियों का जत्था चित्रकूट के लिए रवाना

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- चित्रकूट से लेंगे गंगाजल, बांबेश्वर मंदिर में करेंगे जलाभिषेक
- जत्थे में शामिल हैं 400 लोग, रवानगी से पहले हुआ नगर भ्रमण

**अमृत विचार।** वामदेव कांवड़िया समिति अध्यक्ष की अगुवाई में 400 कांवड़ यात्रियों का पहला जत्था चित्रकूट के लिए रवाना हुआ। जत्थे में शामिल कांवड़िया चित्रकूट से जल लेकर मंडल मुख्यालय स्थित बांबेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। खाटू श्याम सेवा मंडल पदाधिकारियों ने शर्बत वितरित किया।

प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर चित्रकूट जाते हैं। सावन माह की शुरूआत होते ही महादेव की विशेष पूजा अर्चना शुरू हो गई। इसी क्रम में वामदेव कांवड़िया समिति अध्यक्ष प्रेम गुप्ता की अगुवाई में शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ 400 कांवड़ यात्रियों का जत्था चित्रकूट के लिए रवाना हुआ। यात्रा में शामिल शिवभक्तों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बोल बम-बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। यात्रा अलीगंज से शुरू होकर शहर के बाबूलाल चैराहा, अमर टाकीज तिराहा, शंकर गुरु चौराहा, चौक बाजार, महेश्वरी देवी मंदिर चैराहा, रामलीला मैदान, बाकरगंज होते हुए स्टेशन पहुंच कर खत्म हुई। यहां से कांवड़ियों का जत्था ट्रेन से चित्रकूट के लिए रवाना हुआ। स्टेशन रोड पर खाटूश्याम सेवा मंडल पदाधिकारियों ने कांवड़ यात्रियों को शर्बत वितरित किया। अलीगंज में प्रेम आहूजा ने अपने सहयोगियों के साथ प्रसाद वितरित किया। इस दौरान भक्ति गीतों पर कांवड़ियों के साथ तमाम श्रद्धालु जमकर थिरके। रेलवे स्टेशन में सभी कांवड़ियों के माथे पर रोली-चंदन का टीका लगाया और माला पहनाकर स्वागत हुआ। समिति अध्यक्ष ने बताया कि कांवड़ यात्री चित्रकूट से मंदाकिनी का जल लाकर वापस चित्रकूट से पैदल यात्रा करके सोमवार को मंडल मुख्यालय स्थित बांबेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासु, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, विहिप जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन बेदी, अमित सेठ भेलू, मनोज जैन, पप्पू, वीरेंद्र, मोंटू, राकेश, जीतू, अमित गुप्ता, मनोज रैकवार, कल्लू राजपूत, मंगल सिंह, संतोष सोनी, शंकर आहूजा, आकाश धुरिया, सागर गोयल, अंशुल, अनिल सोनी, अनुज, रामप्रकाश सोनी आदि उपस्थित रहे।


कांवड यात्रा निकालते शिवभक्त। अमृत विचार

# उद्योग बंधु की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**उरई।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में आई व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों के निस्तारण की समीक्षा की। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक यूपीएसआईडीसी झांसी के प्रतिनिधि समेत दर्जनों व्यापारी शामिल हुए। कालपी कागज उद्योग के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने व्यापारियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए व्यापारियों को आत्मरक्षा हेतु शास्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग की और आए दिन विद्युत कटौती से कागज उद्योग के उत्पादन में गिरावट आने की समस्या बताई। डीएम ने बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### बजट संगोष्ठी तैयारियों को भाजपाइयों ने दिया अंतिम रूप

**बांदा।** जिला भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को बजट संगोष्ठी संयोजक जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित जिला पदाधिकारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने संगोष्ठी की प्रमुख व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि 28 जुलाई को आयोजित बजट संगोष्ठी को जिले के प्रभारी मंत्री व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह संबोधित करेंगे। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, कल्लू सिंह राजपूत, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, डा.रागिनी शिवहरे, देशराज सिंह, दिनेश यादव, पंकज रैकवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता, मयंक गुप्ता सर्राफ, अशीष गुप्ता, राकेश गुप्ता दद्दू, अंबर दीक्षित, संतोष राजपूत, मनोज जैन, अमित सेठ भेलू, संतोष गुप्ता अनशनकारी, कमलेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### समाजसेवी ने बुलंद की बबेरू चौराहे के सुंदरीकरण की मांग

**बांदा।** बबेरू क्षेत्र के पतवन गांव के मूलनिवासी समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा है कि कस्बे को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सुन्दरीकरण कराया जाए। बताया है कि मौजूदा समय में क्षेत्र में औगासी पुल चालू होने की वजह से इस मार्ग पर यातायात कई गुना बढ़ गया है। जिसके चलते कस्बे के सुंदर कुंआ से लेकर बांदा रोड तक अक्सर भीषण जाम लगा रहता है। बबेरू चौराहे के पांच सौ मीटर के दायरे में तहसील, कचहरी परिसर, सब्जी मंडी व इंटर कालेज हैं। जिससे रोजमर्रा के कार्यो के लिए आम जनमानस भी प्रभावित होता है। समाजसेवी श्री शुक्ला ने मौजूदा सांसद कृष्णा पटेल को भी पत्र लिखकर बबेरू चौराहे का सुन्दरीकरण कराने का अनुरोध किया है। कहा कि कस्बे में ही सांसद का भी निजी आवास हैं और वह क्षेत्र की जनता को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने को लेकर पहल कर सकती हैं।


प्रमाणपत्र के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### जयराम बने मंडल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, मुदित शर्मा बने सचिव

**बांदा।** मंडलायुक्त कार्यालय में संचालित चित्रकूटधाम मंडल अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के मतदान और मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जीत के प्रमाण पत्रों के साथ बधाई दी। बता दें कि गुरुवार को निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में हुए मतदान और मतगणना के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता जयराम सिंह चंदेल ने 135 वोट पाकर जीत दर्ज कराई जबकि उनके प्रतिद्वंदी केडी मिश्रा को महज 70 वोटों पर ही संतोष करना पड़ा। वहीं सचिव पद पर मुदित शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, उप सचिव प्रशासन जितेंद्र सिंह कछवाह, उप सचिव लेखा परीक्षक कौशल किशोर सैनी, कोषाध्यक्ष बरदानी सिंह खेंगर समेत राजेश मिश्रा, रामप्रकाश, रामकुमार राजपूत, विवेक रंजन चौरसिया और अमित बाजपेई, को निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित किया गया था। जबकि विनोद सिंह और आलोक त्रिपाठी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। शुक्रवार को अध्यक्ष व सचिव समेत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।


कारगिल विजय दिवस पर बाइक जुलूस निकालते सैनिक। अमृत विचार

### कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों ने निकाला बाइक जुलूस

**जालौन।** कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों ने विजय जुलूस निकाला। वे बाइक से मुख्यालय होते हुये हदरुख में बने शहीद स्मारक पर गए। वहां उन्होंने कारगिल में शहीद हुये जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कर्नल देवेंद्र सिंह चौहान व दीपक भट्ट, स्टेशन आफिसर हेडक्वार्टर झांसी कर्नल दुष्यंत सिंह कमांडेंट आफिसरों एनसीसी बटालियन 58 उरई के आधा सैकड़ा से अधिक जवान शामिल रहे। जालौन देवनगर चौराहे पर सभी सैनिकों का विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी,बजरंग दल संयोजक मानवेंद्र परिहार आदि तमाम कार्यकर्ताओं ने सभी सैनिकों का स्वागत किया। इस दौरान हवलदार विक्रम सिंह आसाराम दोहरे जयदेव सिंह यादव सूबेदार दुर्गा प्रसाद सूबेदार अमर सिंह सूबेदार बलराम हवलदार जेपी सेंगर सूबेदार अर्जुन सिंह सूबेदार अयोध्या प्रसाद हरदत सिंह भदोरिया मास्टर सिंह महेंद्र सिंह राजावत कैप्टन गंगाराम रूप रामपाल संतराम सेंगर पूर्व विधायक सोबरन सिंह रहे।

### भाजपा सरकार संविधान खत्म करके तानाशाही पर उतारू

**बांदा।** बिजलीखेड़ा स्थित जिला सपा कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को संविधान मान स्तंभ दिवस के रूप में मनाते हुए संविधान रक्षा का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान सरकार संविधान को खत्म करके तानाशाही करने पर उतारू है। केंद्र और प्रदेश सरकार पीडीए के अधिकारों को खत्म करना चाहती है। बेरोजगारी चरम पर है। थोड़ी बहुत बची हुई नौकरियों में निजी कंपनी संविदा पर भर्ती कर रही हैं। आरक्षण के नियमों की धज्जियां उड़ते हुए अवहेलना की जा रही है। संविधान मान स्तंभ की स्थापना का एकमात्र उद्देश्य संविधान की रक्षा करना और पीडीए के लोगों को उनका हक दिलवाना है। बैठक को तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष प्रमोद निषाद, एससीएसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निलेश श्रीवास, नगर महासचिव पुरुषोत्तम गुप्ता आदि ने भी विचार रखे।


अवैध रूप से बनीं दुकानों को ध्वस्त करता पालिका का बुलडोजर। अमृत विचार

### अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर

**उरई।** जिला मुख्यालय उरई के राठ रोड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई एक दर्जन दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा चलाए गए अभियान में क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम आदि शामिल रहे। इस दौरान एक दर्जन दुकानों को ध्वस्त किया गया। इससे पहले नगर पालिका परिषद ने एक हफ्ते पहले दुकानदारों को नोटिस दिया था, लेकिन दुकानदार अतिक्रमण हटाने के बजाय सत्तासीन नेताओं के चक्कर काटते रहे और बचाव की जुगाड़ में लगे रहे।

### चोरों ने डिक्की से उड़ाये एक लाख रुपये

**जालौन।** बैंक से रुपए निकाल कर घर जा रहे युवक के साथ टप्पेबाजों ने टप्पेबाजी कर एक लाख से अधिक रुपए उड़ा दिए। रेंडर थाना अंतर्गत ग्राम बिरिया खुर्द निवासी राजकुमार पुत्र गया प्रसाद ने जालौन में एक बैंक से 1 लाख 4000 रुपए निकाले बैंक से रुपए निकाल कर अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में रख लिए। घर जाते समय सुढार के पास राजकुमार मोटरसाइकिल खड़ी कर पेशाब करने लगा, तभी अज्ञात लोग मोटरसाइकिल की डिग्गी से रुपए निकाल कर भाग गए। जब वह घर आए और मोटरसाइकिल की डिग्गी खोली तो रुपए न पाकर कर हैरान रह गए। उसने कोतवाली जालौन में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया।




अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 27 जुलाई 2024


## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूंदड़ा 2450–2460 आर.आर.21 2550–2600 गेहूंफारम 2600–2700 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 इबाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6700–6800 अरहर 9000–10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़द हरा 11000–11500 उड़द काला 8000–9000 मूंग 8000–8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहर फूल 16200–16300 अरहर स्पेशल 13600–13700 चना दाल 8050–8150 मटर दाल 4450–4550 मसूर मलका 7150–7200 मसूर दाल 7350–7400 उड़द दाल 9000– 13300 उड़द धोवा10000–13000 मूंग दाल 8100–9700 मूंग धोवा 9700–11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500 – 11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1460–1500 मैदा 1420–1470 सूजी 1480–1520 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380–1420 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600–5800 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000– 11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9600– 11200 बटाली 8600–11000 सेहुआं 4000 – 4500 **तेल** सरसोंकोल्हू 12200–12300 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 **रिफाइण्ड** सोयाबीन 1540–1548 सरसों 2550–2600 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1550–1548 मयूर 1550–1548 **गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौर लडडू 4900–4950 देशी भेली 4600–4700

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 70100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52250–52450 |

# सेंसेक्स 1,293 अंक उछला, निफ्टी का रिकॉर्ड

## पांच दिन की जारी गिरावट के बाद बाजार संभला, शेयरों की लिवाली से लौटी रौनक

नई दिल्ली, एजेंसी



- निफ्टी भी 24,834 अंक के नए शिखर पर पहुंचा

शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,293 अंक का उछाल दर्ज किया गया। तेजी के बीच एनएसई की निफ्टी भी 24,834 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई के सेंसेक्स 1,292.92 अंक यानी 1.62% उछलकर 81,332.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,387.38 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 428.75 अंक यानी 1.76% चढ़कर 24,834.85 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 लाभ में जबकि तीन नुकसान में रहे। पांच सत्रों में सेंसेक्स 1,303.66 अंक यानी 1.60% अंक टूट गया था। वहीं निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.59% नीचे आया था। नेस्ले को छोड़कर सभी शेयर लाभ में रहे। भारती एयरटेल सबसे ज्यादा 4.51% लाभ में रहा।

अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाली एकमात्र कंपनी नेस्ले में 0.07% की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अगले महीने के लिए वायदा एवं विकल्प कारोबार की शुरुआत के साथ घरेलू बाजार में तेजी आई और बाजार बजट को लेकर आई गिरावट से बाहर आ गया। तेजी का कारण अमेरिका में जीडीपी आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहना है। यह वैश्विक मांग के लिहाज से अच्छा है। नायर ने कहा कि निवेशक गिरावट पर खरीद की रणनीति अपना रहे हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम और शेयर केंद्रित रुख पर ध्यान है। धातु और प्रमुख आईटी कंपनियों एवं मझोली कंपनियों में लाभ देखा गया।

### आईटी औ धातु के शेयरों से मिली गति

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि आईटी और धातु शेयरों के प्रदर्शन से बाजार को गति मिली। वायदा एवं विकल्प खंड में अगले महीने का कारोबार शुरू होने से भी बाजार चढ़ा। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में भी स्थिति मजबूत रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 728.07 अंक यानी 0.90% तथा निफ्टी 303.95 अंक यानी 1.23% की बढ़त के साथ बंद हुआ।

## डिजिटल भुगतान इस साल मार्च तक 12.6% बढ़ा : आरबीआई

**मुंबई।** देश भर में डिजिटल भुगतान में 31 मार्च 2024 तक 12.6% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। ऑनलाइन लेनदेन को अपनाने को मापने वाला आरबीआई सूचकांक में यह कहा गया। सूचकांक मार्च 2024 के अंत में 445.5 पर रहा, जबकि सितंबर 2023 में यह 418.77 और मार्च 2023 में 395.57 पर था।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि आरबीआई का डीपीआई सूचकांक सभी मापदंडों पर बढ़ा है। इसका कारण भुगतान प्रदर्शन तथा भुगतान बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ने देश भर में डिजिटल भुगतानों की सीमा का पता लगाने के लिए एक समग्र भारतीय रिजर्व बैंक-डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) तैयार करने की घोषणा की थी।

# पेटीएम का निवेश प्रस्ताव अभी सरकार के विचाराधीन : सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन से जुड़े निवेशों पर निगरानी समिति ने पेटीएम के निवेश के प्रस्ताव को नहीं दी है मंजूरी

वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को कहा कि चीन से जुड़े निवेशों की निगरानी करने वाली अंतर-मंत्रालयी समिति ने अभी तक पेटीएम की भुगतान एग्रीगेटर इकाई में उसके निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। जोशी ने कहा कि पेटीएम का यह निवेश प्रस्ताव अभी भी अंतर-मंत्रालयी समिति के पास विचाराधीन है और जल्द फैसला होने की उम्मीद है।

पेटीएम ने अपनी पूर्ण अनुषंगी इकाई पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में 50 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है लेकिन इसके लिए सरकार की पूर्व-मंजूरी लेनी जरूरी है। दरअसल पेटीएम की मूल इकाई वन97 कम्युनिकेशंस लि. (ओसीएल) में चीन से निवेश आया है। इस वजह से विदेश, गृह, वित्त एवं उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों की समिति इस पर गौर कर रही है कि ओसीएल का पीपीएसएल में निवेश प्रस्ताव एफडीआई निर्देशों के अनुरूप है या नहीं।

जोशी ने कहा कि अंतर-मंत्रालयी पैनल से निवेश प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस पाने के लिए रिजर्व बैंक से संपर्क कर सकता है। रिजर्व बैंक उसके प्रस्ताव की जांच करने के बाद लाइसेंस देने पर फैसला करेगा। पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लि. ने नवंबर, 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए रिजर्व बैंक के पास लाइसेंस की अर्जी लगाई थी। लेकिन केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया था।

# देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बरौनी, पानीपत और गुजरात रिफाइनी की क्षमता में किया गया विस्तार

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की अभूतपूर्व यात्रा को गति देने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

सिंह ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि बरौनी रिफाइनी की क्षमता को 6 से बढ़ाकर 9 एमएमटीपीए और पानीपत की क्षमता को 15 से बढ़ाकर 25 तथा गुजरात की क्षमता को 13.7 से 18 एमएमटीपीए के विस्तार के साथ सैकड़ों टन वजन वाले बड़े आयामों वाले जटिल उपकरणों की स्थापना हमारी ऊर्जा क्षेत्र की संस्थाओं के लिए एक नियमित विशेषता बन गई है। इन महत्वपूर्ण विस्तारों के साथ इंडियन ऑयल भविष्य में अपनी कच्चे तेल की प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक अन्य पोस्ट में पुरी ने कहा कि चक्रीय भाप उत्तेजना प्रौद्योगिकी के सफल प्रेरण के साथ ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान की सबसे पुरानी तलछटी चट्टान जोधपुर सैंडस्टोन से भारी कच्चे तेल के उत्खनन में सफलता का दावा किया है।

# सोने में 5,000 की गिरावट, खुदरा निवेशकों में खुशी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के सोने पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में सात प्रतिशत या 5,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तीव्र गिरावट आई है। कम लागत से अधिक लोग जिंस और वित्तीय परिसंपत्ति दोनों के रूप में सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे।

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि सीमा शुल्क में कटौती से पीली धातु सस्ती हुई है। हालांकि, अचानक हुए बदलाव से बाजार की धारणा कमजोर हो सकती है, लेकिन खुदरा निवेशकों को सोने की नई कीमतों से लाभ होगा। यूनिमोनी फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक एवं सीईओ कृष्णन आर. ने कहा कि कम लागत से अधिक लोग सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे एक वस्तु के रूप में और एक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में, जिसे अक्सर मुद्रास्फीति तथा मुद्रा अवमूल्यन से निपटने के लिए बचाव के रूप में देखा जाता है। बजट में सोने तथा चांदी पर मूल सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा के बाद सोने की कीमत गिरावट आई है।



- सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में कीमतों में आई 7% कमी

### स्वर्ण उद्योग ने की एक राष्ट्र-एक दर की मांग

**कोलकाता।** स्वर्ण आभूषण उद्योग एक राष्ट्र, एक दर नीति की वकालत कर रहा है, जिसकी शुरुआत अगस्त से पूर्वी भारत के लिए समान दर लागू करने के साथ होगी। स्वर्ण शिल्प बचाओ समिति के अध्यक्ष समर कुमार डे ने कहा कि सभी हितधारकों ने देश भर में एक समान सोने की दर के विचार में रुचि दिखाई है। हम अगस्त से बंगाल और पूर्वी भारत के लिए एकल दर की शुरुआत करेंगे। इस पहल में हमने सर्राफा विक्रेताओं को भी शामिल कर लिया है।

## 4 अरब डॉलर बढ़कर विदेशी मुद्रा भंडार हुआ 670.86 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 4 अरब डॉलर बढ़कर 670.86 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार 9.69 अरब डॉलर बढ़कर 666.85 अरब डॉलर गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.58 अरब डॉलर बढ़कर 588.05 अरब डॉलर हो गईं।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भुवनेश्वर के पास मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दो डिब्बे शुक्रवार को पटरी से उतर गए। पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) के सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) तथा क्रेन बहाली कार्य करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। ईसीओआर सूत्रों ने कहा कि चूंकि मध्य लाइन और अप लाइन पर कोई असर नहीं पड़ा है, इसलिए कोच ट्रेन का आवागमन प्रभावित नहीं होगा।

### कार से घायल मजदूर को झाड़ियों में फेंका, मौत

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में सूरतगढ़–श्रीगंगानगर एनएच 62 पर कार की टक्कर से घायल मजदूर को उसमें सवार लोग अस्पताल में भर्ती कराने की बजाय झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चक के 9 निवासी बिट्टूसिंह गुरुवार को सूरतगढ़ में मजदूरी करने के बाद रात आठ बजे पैदल गांव जा रहा था। श्रीगंगानगर एनएच 62 पर घग्गर पुल के पास कार ने टक्कर मार दी और बिट्टू को 60 फुट तक घसीटता ले गया। पीछे आ रहे वाहन के चालक ने ओवरटेक कर कार को रुकवाया। लोगों के कहने पर पंजाब नंबर वाली कार में सवार दोनों लोगों ने घायल को गाड़ी में डाला। घायल को वे अस्पताल के बजाय गांव की लिंक रोड पर झाड़ियों के पास फेंक कर भाग गए।

### दुष्कर्म के आरोपियों को बीस वर्ष का कारावास

**झुंझुनू।** राजस्थान में झुंझुनू के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) न्यायालय ने बालिका से दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को शुक्रवार को 20–20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने संदीप कुमार और बहादुर को बालिका से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुये उन पर 65 और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। मामले के अनुसार 2020 में सिंघाना थाना क्षेत्र में दोनों आरोपी बालिका को वाहन से जयपुर ले गये। विरोध पर उन्होंने बालिका और उसके परिजनों को मारने की धमकी दी। वहां से लौटकर वे बालिका को बहादुर के गांव चारावास ले गये जहां एक विद्यालय में बालिका को डेढ़ महीने तक बंधक बनाये रखा। वहां से उसे अहमदाबाद ले गये। अहमदाबाद से जयपुर लौटने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर जवाब-तलब

## सुप्रीम कोर्ट ने केरल और प. बंगाल के राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने उन्हें तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों के अधिवक्ता केके वेणुगोपाल और एएम सिंघवी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए और राज्यों की ओर से एक संयुक्त नोट भी पेश किया जाए। वेणुगोपाल ने कहा कि अदालत को इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश निर्धारित करने की आवश्यकता है कि राज्यपाल कब विधेयकों को वापस राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।

उन्होंने दलील दी कि राज्यपाल को यह बताना चाहिए कि वे कब विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार और कब राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। विभिन्न राज्यपालों में इस बात का भ्रम है कि विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में उनकी क्या शक्तियां हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केरल में मामले में 8 विधेयकों में से दो को 23 महीने तक लंबित रखा गया। एक को 15 महीने, दूसरे को 13 महीने और अन्य को 10 महीने तक लंबित रखा। पश्चिम बंगाल सरकार के वकील सिंघवी ने दलील दी कि जब भी अदालत मामले की सुनवाई करता है, तो कुछ विधेयकों को मंजूरी दे दी जाती है। तमिलनाडु मामले में भी यही हुआ। याचिका में सरकार ने केरल के राज्यपाल द्वारा भेजे 7 विधेयकों में से चार पर राष्ट्रपति की मंजूरी रोकने की कार्रवाई या पुनर्विचार को चुनौती दी है।



- पीठ ने दोनों सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पर विचार करने का लिया फैसला

### सरकारों को ये हैं आरोप

केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

# केंद्र की जारी अधिसूचना संविधान का नहीं करती उल्लंघन : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। देश में वर्ष 1975 में 25 जून को आपातकाल लागू किया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा था कि यह निर्णय न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि अपमानजनक भी है, क्योंकि इसमें संविधान, जो एक जीवंत दस्तावेज है, उसके साथ हत्या शब्द का प्रयोग किया गया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि केंद्र की 12 जुलाई को जारी अधिसूचना संविधान का उल्लंघन नहीं करती, क्योंकि यह आपातकाल की घोषणा के मुद्दे को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता एवं कानून के दुरुपयोग और उसके बाद हुई ज्यादतियों के खिलाफ जारी की गई है। याचिकाकर्ता समीर मलिक के वकील ने दलील दी कि 1975 में संविधान के अनुच्छेद 352 के अनुसार आपातकाल की घोषणा की गई थी और घोषणा के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित करने का निर्णय अपमानजनक और संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। उन्होंने दलील दी कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो कभी नष्ट नहीं हो सकता। वकील ने यह भी दलील दी कि संविधान हत्या दिवस की घोषणा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम का भी उल्लंघन होगी। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि हत्या शब्द का इस्तेमाल इसी संदर्भ में किया गया है। यह संविधान का अपमान नहीं करता। अदालत ने कहा कि यह अधिसूचना किसी भी तरह से संविधान को कमजोर या अपमानित नहीं करती। यह याचिका विचार करने योग्य नहीं है।



- 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

# एमएसपी कानून बनाने से सरकार का इनकार किसानों से धोखा : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया

कांग्रेस ने कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून नहीं बनाने का ऐलान कर दिया है और यह मोदी सरकार का किसानों से धोखा है।

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कहा कि मोदी सरकार किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बना रही है और इसकी घोषणा चौहान ने संसद में स्पष्ट रूप से कर दी है। उन्होंने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया और कहा कि उसकी यह मानसिकता आज उस समय सदन में देखने का मिली जब कृषि मंत्री ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इंकार कर दिया। यह वही कृषि मंत्री हैं, जिन्होंने मंदरसौर में किसानों के खून से होली खेली थी। कांग्रेस नेता ने इस दिन को किसानों के लिए काला दिन करार दिया और कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इनकार कर देश के अन्नदाता के साथ धोखा किया है।

# ठोस अपशिष्ट निपटान : स्थिति को दयनीय बताकर एमसीडी को कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को एमसीडी व दिल्ली सरकार की बैठक बुलाने के दिए थे निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन की स्थिति दयनीय है। कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ठोस अपशिष्ट के निपटान से संबंधित मामले की सुनवाई की।

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन 3,000 टन से अधिक ठोस अपशिष्ट अनुपचारित रह जाता है जो जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति का कारण बन सकता है। न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन से अधिक ठोस अपशिष्ट पैदा होता है लेकिन एमसीडी की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रसंस्करण संयंत्रों की दैनिक क्षमता केवल 8,073 टन है।

पीठ ने कहा कि हम न्यायमित्र से सहमत हैं कि इससे जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति पैदा हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के क्रियान्वयन के मामले में स्थिति दयनीय है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे का तत्काल समाधान निकालने के लिए एमसीडी और दिल्ली सरकार के अधिकारियों की बैठक बुलाएं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए छह सितंबर की तारीख निर्धारित की।

## मंडल आयोग पर राज्यसभा में हंगामा बैठक एक घंटे के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** मंडल आयोग के मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की नोकझोंक से राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में सपा नेता जावेद अली खान के निजी विधेयक पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान कांग्रेस के नीरज डांगी मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। इसी दौरान भाजपा के कुछ सदस्यों ने डांगी की टिप्पणी का प्रतिकार किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सदन में हंगामे को देखते हुए पीठासीन अध्यक्ष एस फान्गनॉन कोन्याक ने अपराह्न तीन बजे सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी। खान का निजी विधेयक आबादी के अनुपात में आरक्षण मुहैया कराने के प्रावधान से संबंधित है।

# महुआ की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने याचिका में चुनौती दी गई प्राथमिकी की वैधता पर सुनवाई करने के लिए मामले को छह नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। पुलिस ने इस महीने मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मोइत्रा ने एक्स पर पोस्ट की उस वीडियो पर टिप्पणी की थी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा 4 जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ के बाद घटनास्थल पर जाते हुए नजर आई थीं। मोइत्रा ने बाद में एक्स से वह पोस्ट हटा दी थी। मोइत्रा की अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह को पुलिस की ओर से प्राथमिकी की प्रति सौंपी गई। प्राथमिकी में बताया गया कि एनसीडब्ल्यू ने मोइत्रा की कथित अपमानजनक टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया और आयोग की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।



- महिला आयोग की प्रमुख पर टिप्पणी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने के अनुरोध पर कोर्ट ने की सुनवाई

## केजरीवाल से राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार : आप

**नई दिल्ली।** आप ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल का शर्करा स्तर तीन जून से सात जुलाई के बीच 34 बार गिरा और 50 तक पहुंच गया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केजरीवाल साजिश का शिकार हुए हैं। केजरीवाल एक राजनीतिक कैदी हैं। हर कोई जानता है कि तानाशाही ने राजनीतिक कैदियों के साथ कैसा व्यवहार किया है।

# कानून के अनुरूप बयान दे सकती हैं ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी



कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बारे में बयान दे सकती हैं, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों। बनर्जी और टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की, जिसमें बोस के खिलाफ कोई गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि बनर्जी और घोष राज्यपाल के संबंध में बयान देने के लिए स्वतंत्र होंगे, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों और मानहानिकारक न हों। इस मामले पर न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ ने 14 अगस्त तक लागू आदेश में बनर्जी, घोष और टीएमसी के दो विधायकों को राज्यपाल के विरुद्ध गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया था।

## कांवड़ यात्रा में विधायक ने लहराई तलवार, कांग्रेस ने कहा- मामला दर्ज हो

**इंदौर (मप्र)।** भाजपा विधायक राकेश गोलू शुक्ला ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा के दौरान मंच पर भेंट की तलवार कथित तौर पर सरेआम लहराई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कांग्रेस ने विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शुक्ला की अगुवाई में निकल रही बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा के दौरान राजबाड़ा क्षेत्र में मंच लगाया गया था। विधायक को कुछ लोगों ने तलवार भेंट की जिसे उन्होंने म्यान से निकालकर सरेआम लहरा दिया।

## शिखर पर तिरंगा



भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व करने वाली दो टीमों ने अंतर्राष्ट्रीय सैन्य खेल परिषद के तीसरे शांति के लिए चढ़ाई कार्यक्रम के दौरान यूरोप के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एल्ब्रस के शिखर पर तिरंगा फहराया।

## बाइडेन भारत में क्वाड सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध : किर्बी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि जो बाइडेन भारत में इस साल होने वाले क्वाड देशों के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा अभी कैलेंडर पर कुछ भी निर्धारित नहीं किया गया है। क्वाड बाइडेन की पहल है और ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत एवं अमेरिका इसके सदस्य देश हैं। बाइडेन ने वर्ष 2020 में राष्ट्रपति के तौर पर अपने कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में क्वाड देशों के नेताओं का एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। तब से सभी देश बारी-बारी से सम्मेलन आयोजित करते रहे हैं।

### जयशंकर ने कहा- भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण का आधार है आसियान

# आसियान को आर्थिक व सुरक्षा सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

**वियनतियान।** विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को भारत की प्राथमिकता बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह 10 सदस्यीय प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है।

जयशंकर आसियान की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं। उन्होंने आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत आसियान और ईएएस (पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन) मंचों को जो प्राथमिकता देता है, वह पिछले साल नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जकार्ता की यात्रा किए जाने से स्पष्ट है।



आसियान की बैठक के लिए जाते विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 12 सूत्री योजना की घोषणा की थी, जिस पर बड़े पैमाने पर अमल किया गया है। भारत के लिए आसियान उसकी एक्ट इंडिया नीति और उसके हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आसियान के साथ वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग और लोगों के बीच संपर्क सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम विस्तार देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

### अध्यक्षता करने के लिए लाओस को दी बधाई

जयशंकर ने कहा मैं आसियान की अध्यक्षता करने के लिए लाओस को बधाई देता हूं और उसकी अध्यक्षता को सफल बनाने के लिए अपना पूरा समर्थन देता हूं। उन्होंने आसियान-भारत कार्य योजना के अंतर्गत चिह्नित ठोस सहयोग के माध्यम से आसियान-भारत संबंधों को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों की सराहना की। भावी समन्वयक देश के रूप में फिलीपींस का स्वागत है। डिजिटल, रक्षा, समुद्री, संपर्क सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भारत-आसियान सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने रहेंगे।

## एक नजर

### पापुआ न्यू गिनी में 26 ग्रामीणों की हत्या

**मेलबर्न।** संयुक्त राष्ट्र और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पापुआ न्यू गिनी के उत्तरी हिस्से में दूर दराज के तीन गांवों में एक गिरोह के हाथों कम से कम 26 लोगों के मारे जाने की खबर है। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के ईस्ट सेपिक प्रांत के कार्यवाहक प्रांतीय पुलिस कमांडर जेम्स बाउगेन ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प को बताया घटना बहुत भयावह थी। रात में कुछ शवों को पास के दलदल के मगरमच्छों ने निवाला बना लिया।

### श्रीलंका में 21 सितंबर को होगा राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबो।** श्रीलंका के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा किया कि देश में राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होगा। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की तारीख 15 अगस्त घोषित की है।

### द. अफ्रीका में पहली महिला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वर्तमान उप प्रधान न्यायाधीश मंडिसा माया को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। पद पर माया का कार्यकाल एक सितंबर से प्रारंभ होगा। वह मौजूदा प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो के सेवानिवृत्त होने के बाद उनका स्थान लेंगी।

### राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन प्रत्याशी को मंजूरी

**अल्जीयर्स।** नेशनल इंडिपेंडेंट अथॉरिटी फॉर इलेक्शन (एएनआईई) ने देश में 7 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन लोगों के उम्मीदवारी अनुरोधों को मान्य किया है। यह जानकारी राज्य संचालित टेलीविजन ईएनटीवी ने गुरुवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, एएनआईई के प्रमुख मोहम्मद चोर्फी ने सितंबर में होने वाले चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची की जानकारी देने के लिए एक प्रेस वार्ता की।

# ओलंपिक से पहले फ्रांस में तोड़फोड़

## कई जगह आगजनी कर रेल नेटवर्क को बनाया निशाना, पेरिस नहीं पहुंच पाए हजारों खेल प्रेमी

**पेरिस, एजेंसी**

ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को निशाना बनाकर की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से देश तथा यूरोप के विभिन्न हिस्सों से राजधानी पेरिस तक संचालित की जाने वाली ट्रेन सेवा शुक्रवार को प्रभावित हुई। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इन हमलों को आपराधिक कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं इन हमलों का संबंध ओलंपिक खेलों से तो नहीं।

अधिकारियों के मुताबिक ओलंपिक खेलों के मद्देनजर पूरी दुनिया की नजरें पेरिस पर थीं, ऐसे में इन हमलों से अकेले शुक्रवार को ढाई लाख यात्रियों के प्रभावित होने की आशंका है। रेल लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ट्रेन परिचालन सप्ताहांत और इससे अधिक समय तक प्रभावित रहने की आशंका है। फ्रांस के परिवहन मंत्री पैट्रिस वर्गीते ने बताया कि जिन जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुईं, वहां से लोगों को भागते देखा गया और इन स्थानों पर आग लगाने के लिए इस्तेमाल चीजें भी बरामद की गईं। वर्गीते ने कहा हर चीज इंगित करती है कि ये आपराधिक घटनाएं हैं।



पेरिस में ट्रेन नहीं जाने के कारण स्टेशन पर जमा भीड़। ● एजेंसी

### ट्रेन प्रभावित होने से स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरे

**पेरिस।** सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में मॉन्टपर्नासे स्टेशन का हॉल यात्रियों से खचाखच भरा हुआ देखा जा सकता है। पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने फ्रांस इन्फो टेलीविजन को बताया कि टीजीवी हाई-स्पीड नेटवर्क पर ट्रेन परिचालन ठप करने के लिए बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के बाद पेरिस पुलिस ने अपने कर्मियों को पेरिस के रेलवे स्टेशनों की ओर भेज दिया।

### रेल पटरियों पर आगजनी का मकसद पेरिस जाने वाली ट्रेनों को रोकना : प्रधानमंत्री

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने कहा कि ओलंपिक की पूर्व संध्या पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं ने देश के मुख्य हिस्सों में फैले हाई स्पीड रेल नेटवर्क को बुरी तरह प्रभावित किया है और इसका मकसद सिर्फ और सिर्फ हाई स्पीड ट्रेन नेटवर्क को बाधित करना था। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से महज कुछ घंटों पहले पेरिस की ओर जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के मुख्य मार्गों को चरणबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। अट्टल ने कहा कि इन घटनाओं के गंभीर परिणाम होंगे क्योंकि हजारों लोग ओलंपिक या छुट्टियों के लिए पेरिस जाने की कोशिश करते समय बीच रास्ते में ही फंस जाएंगे।

## ओबामा ने उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का समर्थन किया और कहा कि वह अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति साबित होंगी। ओबामा ने हैरिस से कहा नवम्बर में होने वाले चुनाव में आपको जीत दिलाने के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।

इस तरह उपराष्ट्रपति हैरिस को देश के दो सबसे लोकप्रिय डेमोक्रेट का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त हो गया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर होने के कुछ दिन बाद ओबामा ने हैरिस (59) का समर्थन किया। इससे रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उनकी चुनौती और मजबूत होगी। ओबामा ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडेन के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद तुरंत हैरिस का समर्थन नहीं किया था। ओबामा ने उपराष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए एक वीडियो जारी किया।

# हैरिस ने नेतन्याहू से युद्ध समाप्ति का किया आग्रह

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- इजराइल के प्रधानमंत्री से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने की बात कही

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने और गाजा में विनाशकारी युद्ध स्थायी रूप से समाप्त करने का आग्रह किया है। फिलिस्तीनी क्षेत्र में हताहतों की संख्या बढ़ने और मानवीय संकट गहराने के बीच हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस परिसर में हैरिस और नेतन्याहू की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद उपराष्ट्रपति ने कहा इजराइल को अपना बचाव करने का अधिकार है और वह ऐसा किस तरीके से करता है, यह मायने रखता है। पिछले नौ महीनों में गाजा में जो कुछ हुआ है वह विनाशकारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर देखी जा रहीं हैरिस ने कहा कई मामलों में दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित होने के बाद सुरक्षा के लिए भाग रहे हताश, भूखे लोगों और मृत बच्चों की तस्वीरें हैं।

### बाइडेन को बधाई देने के बाद ट्रंप से संबंधों में आई दरार को पाटेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संबंधों में आई दरार को पाटने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। वर्ष 2020 में नेतन्याहू ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले बाइडेन को बधाई दी तो ट्रंप और नेतन्याहू के संबंधों में दरार आ गई थी। दोनों नेता चार साल में पहली बार आमने-सामने की मुलाकात करेंगे और संभावना पर विमर्श करेंगे कि क्या रिश्ते को सुधारा जा सकता है।

## इमरान खान की पार्टी ने की देशव्यापी आंदोलन की घोषणा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जेल में बंद अपने सभी नेताओं की रिहाई के लिए देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। प्रशासन ने इस घोषणा के बाद पीटीआई समर्थकों के साथ संभावित टकराव से निपटने को लेकर तैयारी की है।

पीटीआई के अलावा दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी ने भी बिजली और अन्य वस्तुओं की ऊंची कीमतों के खिलाफ इस्लामाबाद में प्रदर्शन की घोषणा की है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) और अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। खान को पिछले साल 5 अगस्त को पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा दायर तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। तब से वह विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं।

# साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं मालदीव से संबंध



मालदीव में संसद के अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट करते भारतीय उच्चायुक्त।

**माले, एजेंसी**

- मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त ने संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की

मालदीव के साथ भारत के विशेष संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। भारतीय उच्चायोग ने यहां मालदीव के साथ संसदीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में विश्वास जताया। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने गुरुवार को संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की।

वहीं भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम अपने संसदीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए तत्पर हैं। महावर ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति कार्यालय में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच निरंतर घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए अटूट प्रतिबद्धता दोहराई थी। हिंद महासागर में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई। पिछले साल नवंबर में मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पद संभाला था।

## रूसी धनराशि से ब्याज में मिले 1.6 अरब डॉलर यूक्रेन को दिए

**हेग (नीदरलैंड्स)।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने यूक्रेन की सहायता के लिए 1.5 अरब यूरो (1.6 अरब अमेरिकी डॉलर) उपलब्ध कराये हैं, जो फ्रीज की गई रूसी धनराशि के मुनाफे से प्राप्त ब्याज की पहली खेप है। मई में यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देश रूसी केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों में शामिल 210 अरब यूरो (225 अरब अमेरिकी डॉलर) से अर्जित ब्याज का युद्धग्रस्त यूक्रेन को सैन्य सहायता पहुंचाने तथा वहां पुनर्निर्माण के प्रयासों पर खर्च करने पर सहमत हुए थे।

रूस द्वारा यूक्रेन में पूर्ण युद्ध छेड़ने पर उसपर (रूस पर) पाबंदियां लगाने के तहत उसके (रूस) पैसे को फ्रीज कर दिया गया था। इनमें से ज्यादातर पैसा बेल्जियम में है। ब्रुसेल्स का अनुमान है कि इन परिसंपत्तियों पर ब्याज से प्रति वर्ष लगभग तीन अरब यूरो प्राप्त हो सकता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सूला वोन डेर लेयेन ने एक बयान में कहा यूरोपीय संघ यूक्रेन के साथ खड़ा है।

# आतंकवाद व संगठित अपराध से मजबूती से निपटा जाए : डोभाल

**नेपीता, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शुक्रवार को बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) देशों से आतंकवाद, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में मजबूत सहयोग का आह्वान किया। डोभाल ने म्यांमा की राजधानी में बिम्सटेक देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। म्यांमा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा एनएसए ने बिम्सटेक बैठक में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। उन्होंने आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में सहयोग मजबूत करने, बिम्सटेक कनेक्टिविटी, दूसरे बंदरगाह सम्मेलन के आयोजन और हिमालयी नदी प्रणालियों की जल सुरक्षा पर बात की। यह बैठक सदस्य देशों के समक्ष आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहलों की रणनीति बनाने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। इससे पहले डोभाल ने गुरुवार को म्यांमा के अपने समकक्ष एडमिरल मोए आंग से मुलाकात की। इसके अलावा वह अन्य बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों के साथ प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी मिले। डोभाल गुरुवार को हनोई से यहां पहुंचे थे। हनोई में उन्होंने वियतनाम की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फू ट्रोंग के राजकीय सम्मान के साथ हुए अंतिम संस्कार में भी हिस्सा लिया था। गुयेन फू ट्रोंग का 19 जुलाई को निधन हो गया था।



बिम्सटेक की बैठक में संबोधित करते एनएसए अजीत डोभाल ● एजेंसी

- भारत के एनएसए ने बिम्सटेक सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया

## बॉलीवुड हलचल

# करिश्मा ने दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने इंडियाज़ बेस्ट डांसर - सीजन 4 के प्रतियोगी दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोम डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर - के मेगा ऑडिशन में, प्रतियोगी बेस्ट बारह में अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईएनटी विशेषज्ञ - करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस प्रभावित होने के लिए तैयार हैं, और वे ध्यानपूर्वक सर्वोत्तम प्रतिभाओं को चुनेंगे जो शो में आगे बढ़ेंगी और एक रोमांचक सीजन के लिए मंच तैयार करेंगी। ऑडिशन राउंड के दौरान, शो के होस्ट जय भानुशाली ने कटक, ओडिशा के 28 वर्षीय दिब्यज्योति नाइक को दर्शकों के बीच देखा। उन्हें जजों के सामने परफ़ॉर्म करने का अवसर दिया गया, जिसमें दिब्यज्योति ने मंच पर अपनी छाप छोड़ी और जजों को प्रभावित किया, जिन्होंने उनके एक्ट को मज़ेदार, मनोरंजक और नया बताया।

## ओलंपिक टीम के लिए मांगा समर्थन



**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने देशवासियों से विशेष अपील की है कि पेरिस ओलंपिक में हमारे देश को गौरव दिलाने के लिए भारतीय दल का उत्साहवर्धन करें। मनसुख मांडविया द्वारा इस अभियान की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयुष्मान को एक स्मारक भारतीय टीम की टी-शर्ट भी भेंट की गई। आयुष्मान ने सोशल मीडिया पर लिखा ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन है और इसमें भाग लेने वाले अपने क्षेत्रों के महान योद्धा होते हैं। हमारे पास 117 ऐसे शानदार एथलीट हैं जो इस साल के पेरिस2024 ओलंपिक में हमारा झंडा ऊंचा करने के लिए तैयार हैं! आइए हम उन्हें भारत का गर्व बढ़ाने के लिए उत्साहित करें। आइए हम उन्हें दिखाएं कि हमारे खेलों के प्रति हमारी दृढ़ता, संकल्प और जुनून कितना गहरा है।

## जान्हवी ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा : पार्ट 1 में काम कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर ने कहा जूनियर एनटीआर सर जब भी किसी फ्रेम में आते हैं तो वह जीवंत हो उठता है। उनकी ऊर्जा सकारात्मक है और मैंने हाल ही में उनके साथ एक गाने की शूटिंग की, जिस गति से वह कदम उठाते हैं, वह अद्भुत है।

### सौर विज्ञान — यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया

# सूर्य से उठी एक्स 14 श्रेणी की भीषण ज्वाला

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** सूर्य की सतह पर गुरुवार की रात भयानक विस्फोट हुआ है। विस्फोट में निकली ज्वाला की तीव्रता एक्स 14 श्रेणी आंकी गई है । यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया। सौर वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान से परे यह सौर चक्र बेहद सक्रिय हो चला है।

सौर वैज्ञानिकों के अनुसार 25वें सोलर साइकिल में एक्स 14 श्रेणी की ज्वाला बड़ी घटना है। विस्फोट से उपजे भू चुम्बकीय सौर तूफान का असर पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र में कुछ दिन बाद देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस सौर तूफान का असर मंगल ग्रह में भी देखने को मिलेगा। इतना ही नही इस विस्फोट से सौर मंडल के चारों ओर ऊर्जावान कण फैल गए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार यह सोलर साइकिल उम्मीद से कहीं अधिक सक्रिय हो चला है।

अभी 269 सन स्पॉट सूर्य की सतह पर उभर चुके हैं। जिन्होंने सैकड़ों विस्फोटों को जन्म दिया है। बीती रात उठी ज्वाला को इस सौर चक्र की सबसे बढ़ी ज्वाला बताया जा रहा है। इसकी दिशा यदि पृथ्वी की ओर होती तो शायद कोई बड़ा असर पृथ्वी के कुछ हिस्सों में हो सकता था। इस सौर चक्र की अत्यधिक सक्रियता की अवधि 2025 तक है। जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर भीषण विस्फोट देखने को मिलेंगे। बहरहाल सौर वैज्ञानिक सूर्य की सतह पर नजर बनाए हुए हैं।



शुक्रवार को सन स्पॉट से भरी सूर्य की सतह। ● अमृत विचार

### पिछले की तुलना में अधिक सक्रिय है यह साइकिल

डा वहाब उद्दीन के अनुसार वर्तमान 25वाँ सौर चक्र पिछले सौर चक्र 24 की तुलना में अधिक सक्रिय है। इन दिनों सूर्य की सतह के अनेक हिस्सों में सन स्पॉट बने हुए हैं। सौर चक्र की भविष्यवाणी करने वाली नासा व एनओएए के वैज्ञानिकों समेत दुनिया की कई अन्य स्पेस एजेंसियों के सौर वैज्ञानिकों को वर्तमान सौर चक्र की गतिविधि को देखते हुए 25वें सौर चक्र की भविष्यवाणी को संशोधित करना पड़ा है।